भोपाल
बुधवार, 15 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-07
वर्ष : 11, अंक : 51
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 37
न्यून. 26

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

नौ काउंटर लगाए गए
### कुबेरेश्वरधाम पर आज से होगा रुद्राक्ष वितरण



सीहोर। चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में शिव महापुराण के अभिमंत्रित रुद्राक्ष का वितरण आज बुधवार से किया जाएगा। शेष पेज 6 पर

## उत्तरप्रदेश के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के महोबा में जनसभा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संबोधन

# गठबंधन करना ही है तो डूबते जहाज में क्यों बैठ रहे हो भैया जिन्होंने पूरी कांग्रेस को डुबो दिया उनसे गठबंधन कर रहे हो

### सीएम डॉ. यादव ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर कसा तंज / मुख्यमंत्री डॉ. यादव 14 से 19 मई तक निरंतर अन्य राज्यों के भ्रमण पर रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को उत्तरप्रदेश के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के महोबा में जनसभा में पहुंचे। उन्होंने समाजवादी प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि डूबते जहाज से गठबंधन कर लिया। उन्होंने कहा कि इनके पिता ने मोदी को सरकार बनाने के लिए शुभकामनाएं दी थीं। जबकि बेटे ने डूबते जहाज से गठबंधन कर लिया। आप सोच शेष पेज 6 पर





### स्व. मुलायम सिंह को दिया धन्यवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव उत्तरप्रदेश की हमीरपुर लोकसभा की चरखारी विधानसभा के पनवाड़ी गांव में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गठबंधन करना ही है तो डूबते जहाज में क्यों बैठ रहे हो भैया। जिन्होंने पूरी कांग्रेस को डुबो दिया उनसे गठबंधन कर रहे हो। गठबंधन करना ही है तो चलती हुई गाड़ी से करो। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. मुलायम सिंह को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुभकामनाएं प्रेषित की थीं और कहा था कि आपकी सरकार बन रही है।

### मुख्यमंत्री पांच राज्यों में जनसभा व रोड शो में होंगे शामिल

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव मप्र में लोकसभा निर्वाचन में निरंतर सक्रिय रहे। उन्होंने प्रदेश में चार चरणों में हुए मतदान के सुचारू रूप से पूर्ण होने के बाद अब अन्य राज्यों में संगठन के प्रचार के लिए निकले हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव 14 से 19 मई तक निरंतर राज्यों के भ्रमण पर रहेंगे। वे मंगलवार शाम नई दिल्ली पहुंचे। इसके बाद वे रोड शो और स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल हुए। डॉ. यादव 15 मई को नई दिल्ली से हरियाणा भी जाएंगे। वहां रोहतक संसदीय क्षेत्र में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे और आम सभा को संबोधित करेंगे। फिर रेवाड़ी (हरियाणा) से नई दिल्ली जाएंगे।*







## खबर संक्षेप

### केजरीवाल के पीए पर अब होगा एक्शन



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के मामले में आम आदमी पार्टी ने करीब 30 घंटे बाद चुप्पी तोड़ी। पार्टी ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल के पीए ने मालीवाल के साथ अभद्रता की और सीएम ने इसका संज्ञान लेकर एक्शन लेने को कहा है। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने पार्टी का मैसेज लेकर मीडिया को जानकारी दी।

### कोर्ट के खिलाफ टिप्पणी अब आईएमए को फटकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापन केस में मंगलवार को बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को राहत दी। बेंच ने कोर्ट के खिलाफ की गई टिप्पणियों के लिए आईएमए अध्यक्ष डॉ. अशोकन को फटकार लगाई। कहा आप आईएमए के प्रेसिडेंट हैं, सार्वजनिक माफी क्यों नहीं मांगी?

### नामांकन के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- काशी के मेरे परिवारजनों का हृदय से आभार

# दशाश्वमेध घाट पर पूजा, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आरती, पुष्य नक्षत्र में 'नमो' का नामांकन



### पीएम मोदी के नामांकन में दिखी एनडीए की एकजुटता

एजेंसी ⏭ वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तीसरी बार वाराणसी लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस मौके पर करीब एक दर्जन राज्यों मुख्यमंत्री, भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेता और अन्य लोग मौजूद रहे। इससे पहले उन्होंने सुबह गंगा के तट पर दशाश्वमेध घाट पर पूजा अर्चना के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के शेष पेज 6 पर

पीएम मोदी के पास कुल 3 करोड़ 2 लाख 6 हजार 889 रुपए की संपति है

पीएम मोदी ने लिखा-काशी के साथ मेरा रिश्ता अनूठा, अभिन्न और अतुलनीय है। मैं कह सकता हूं कि इसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने लिखा काशी के मेरे परिवारजनों का हृदय से आभार।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा विशेष रूप से मौजूद रहे।



*नामांकन के लिए एक डगर पर दिखे दिग्गज....*

### ज्योतिष की दुनिया के सबसे विश्वसनीय गणेश्वर शास्त्री बने प्रस्तावक

पीएम मोदी के चार प्रस्तावकों में शामिल गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ की मौजूदगी हमेशा उनके साथ रही। ये वही शास्त्री हैं जिन्होंने अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए शुभ मुहूर्त निकाला था। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी के नामांकन पत्र दाखिल करने का शुभ मुहूर्त भी गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने ही निकाला था। इसके अलावा राम मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन का शुभ मुहूर्त भी उन्हीं के शेष पेज 6 पर



पीएम ने जिला अधिकारी से किया नमस्कार फिर भरा नामांकन

### पीएम के पास 4 सोने की अंगूठियां हैं लेकिन न कार है न घर है

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नामांकन के समय अपना चुनाव हलफनामा भी दाखिल किया जिसमें उन्होंने अपने पास मौजूद संपत्ति की जानकारी दी है। एफिडेविट के मुताबिक, पीएम नरेंद्र मोदी के पास नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट्स भी हैं जिनकी कीमत 9,12,398 रुपए है। पीएम ने अपने हलफनामे में सोने की चार अंगूठियां होने की भी जानकारी दी है। 45 ग्राम सोने की कीमत वाली इन अंगूठियों की वैल्यू करीब 2,67,750 रुपए है। उनके पास कुल 3 करोड़ 2 लाख 6 हजार 889 रुपए की संपति है। पीएम नरेंद्र मोदी के पास अपना खुद का कोई घर और कार भी नहीं है। उनके पास कुल 52,920 रुपए कैश हैं। वहीं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की गांधीनगर शाखा में 73,304 रुपए जमा है। जबकि वाराणसी ब्रांच में सिर्फ 7000 रुपए जमा हैं। पीएम मोदी ने हलफनामे में पिछले 5 साल की आय की भी जानकारी दी है। 2018-19 में उन्होंने आईटीआर में अपनी आय 11,14,230 रुपए दिखाई* शेष पेज 6 पर

### दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का केजरीवाल पर हमला



# ईमानदारी की सौगंध खाने वाला बड़ा भ्रष्टाचारी निकला

मुख्यमंत्री निवास में एक बहन के साथ ऐसा व्यवहार उनका अपमान करना जनता कैसे सहन करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि ये केजरीवाल नहीं करप्शनवाल बन गए हैं। इस आदमी ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। यह तो ईमानदारी की सौगंध खाने वाला सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी निकला। यह बात कहते हुए शर्म आती है। उन्होंने कहा कि अभी पता चला है कि स्वाति मालीवाल के साथ इन्होंने क्या किया है। मुख्यमंत्री निवास में एक बहन के साथ ऐसा व्यवहार उनका अपमान करना जनता कैसे सहन करेगी। मैं मप्र वालों का मामा हूं, तो दिल्ली के बच्चों शेष पेज 6 पर

### भारत विश्व गुरु बनेगा कोई ताकत नहीं रोक सकती

*शिवराज ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा। दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। जब कांग्रेस की सरकार थी, पिद्दी-पिद्दी से देश हमें डराते थे। ये इंडी गठबंधन वालों को हो क्या गया है। बोले पाकिस्तान वालों के पास परमाणु बम है। हमारे पास भी 56 इंच वाले प्रधानमंत्री हैं। हम किसी को छेड़ेंगे नहीं, यदि हमें किसी ने छेड़ा तो उसे हम छोड़ेंगे नहीं। ये अलग भारत है। शिवराज ने कहा कि देखिए अरविंद केजरीवाल भी इंडी गठबंधन के साथ हो गए। ये पहले एक दूसरे को दिन रात गाली देते थे। उन्होंने उपस्थित लोगों से पूछा कि बताओ आप लोग अरविंद केजरीवाल कांग्रेस को गाली देते थे कि नहीं? जबकि आज गलबैया डाले हुए हैं। हम साथ-साथ* शेष पेज 6 पर

## अब तिहाड़ जेल को मिली बम से उड़ाने की धमकी



जेल के डीजी के पास ईमेल आया, पुलिस अधिकारियों में मचा हड़कंप

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी भरे मेल आने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पहले दिल्ली के अस्पतालों में मेल आने के बाद अब तिहाड़ जेल को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जेल के डीजी के पास ईमेल आया है। तिहाड़ जेल को बम की धमकी भरा मेल आने के बाद पुलिस और प्रशासन अलर्ट शेष पेज 6 पर

## इंदौर में हत्या के आरोपी का शार्ट एनकाउंटर, पैर में लगी गोली



आरोपी ने दो दिन पहले एक युवक की गोली मारकर की थी हत्या

**इंदौर।** आजाद नगर पुलिस ने मंगलवार देर शाम हत्या के आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर किया है। घटना कनाड़िया इलाके में अग्रवाल स्कूल के पीछे की है। आरोपी का नाम वशीम उर्फ शाकिर है। उसके पैर में गोली लगने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया है। आरोपी वशीम ने दो दिन पहले मोइन खान (18) नाम शेष पेज 6 पर

## अब उपभोक्ता अदालत नहीं जा पाएंगे क्लाइंट



कोर्ट ने कहा-वकील उपभोक्ता संरक्षण कानून के दायरे में नहीं आते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि वकीलों की 'खराब सेवा' के लिए उपभोक्ता अदालत में केस नहीं चलाया जा सकता है। वकील उपभोक्ता संरक्षण कानून के दायरे में नहीं आते हैं। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच ने कहा कि फीस देकर कोई भी काम करवाने को कंज्यूमर शेष पेज 6 पर

## तालाब में डूबने से दो भाइयों समेत तीन बच्चों की मौत



छतरपुर के रावपुर गांव में हादसा, इलाके में हाहाकार और मातम पसरा

**छतरपुर।** जिले में सोमवार को तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। इनमें दो सगे भाई थे। शाम तक तीनों के शवों को बाहर निकाला गया। तीनों तालाब में नहाने गए थे। बच्चे घर में खेलने का कहकर निकले थे। चंदला विधानसभा के रावपुर गांव में सोमवार दोपहर को विजय (8), केशरीलाल (4) और रितिक (पांच) घर से खेलने निकले थे। काफी शेष पेज 6 पर

### बारिश के चलते पूरे प्रदेश में सामान्य से नीचे पारा

# एक दर्जन जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे, 2 से 4 डिग्री तक तापमान में गिरावट

प्रदेश में औसत दिन का पारा 40 डिग्री, कल के बाद बढ़ेगी तपिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मंगलवार को करीब एक दर्जन जिलों में ओले गिरे, जबकि भोपाल सहित डेढ़ दर्जन से अधिक जिलों में बारिश, बौछारों से गर्मी पर अंकुश रहा।

पूरे प्रदेश में दिन और रात के तापमान में लगातार दूसरे दिन सामान्य से नीचे दर्ज हुआ है। अधिकांश जिलों में दिन और रात के तापमान में गिरावट रही, जबकि कुछ जिलों में पारा 2 से 4 डिग्री तक गिरा है। राजधानी में देर शाम को मौसम बदला शेष पेज 6 पर



भारत टॉकीज की मुख्य सड़क का रात 10 बजे लिया गया चित्र

### आज यहां बारिश, ओले का अलर्ट

झाबुआ, धार, रतलाम, उज्जैन, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्ना जिलों में कहीं-कहीं ओले गिरेंगे। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, रीवा, नर्मदापुरम संभागों के जिलों के साथ ही गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, श्योपुरकलां, अनूपपुर, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ आदि जिलों में कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश होगी।

### यहां तेजी से गिरावट

रतलाम में सर्वाधिक 4 डिग्री की गिरावट के साथ पारा 37 डिग्री पर रहा। नरसिंहपुर, टीकमगढ़, शिवपुरी, धार आदि जिलों में 2 डिग्री तक गिरा। भोपाल में एक डिग्री बढ़कर 39.7 डिग्री रहा। पूरे प्रदेश शेष पेज 6 पर



हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 15 मई 2024

4 गोंड समाज का विवाह सम्मेलन, 84 जोड़ों ने...



5 1500 श्रमिकों की जांच, 96 डायबिटीज 88 श्रमिक...





**रात में भी लगाई एक्स्ट्रा क्लास 100 प्रतिशत विद्यार्थी हुए पास**

# सीबीएसई परीक्षा परिणामों में जनजातीय विद्यार्थियों ने मारी बाजी

## प्रदेश की ईएमआरएस टॉप-10 सूची में 10वीं में डिंडौरी और 12वीं में छिंदवाड़ा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन मध्यप्रदेश में संचालित 62 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा के परिणामों में जनजातीय बालिकाओं ने 77 प्रतिशत के साथ बाजी मारी है। वहीं, 12वीं कक्षा में बालक व बालिकाओं के परीक्षा परिणाम एक-दूसरे के बराबर रहे। प्रदेश के 28 जिलों में 10वीं कक्षा में डिंडौरी और 12वीं कक्षा में छिंदवाड़ा जिला अग्रणी रहा है। सिवनी जिले के एकलव्य आदर्श विद्यालय के प्राचार्य बताते हैं कि यहां सभी विद्यार्थी कैंपस के हॉस्टल में ही रहते हैं तो रात में स्कूल में ही एक्स्ट्रा क्लासेस लगवाईं।



### कमजोर विद्यार्थियों के लिए अलग बैच और नोट्स

डिंडौरी के एकलव्य आदर्श विद्यालय शहपुरा के प्राचार्य संदीप कुमार सोनी बताते हैं कि हमने पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों को चिन्हिंत कर उनका अलग बैच बनाया। वहीं, तिमाही और अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणामों के आधार पर रणनीति बनाकर उनके लिए नोट्स तैयार करवाए। इससे अच्छे परीक्षा परिणाम आए और सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

- ई.एम.आर.एस. शहपुरा (डिंडौरी) - 100%
- ई.एम.आर.एस. सिझौरा (मंडला) - 100%
- ई.एम.आर.एस. घंसौर (सिवनी) - 100%
- ई.एम.आर.एस. नरईनाला (जबलपुर) - 98.48%
- ई.एम.आर.एस. जुन्नारदेव (छिंदवाड़ा) - 98.18%
- ई.एम.आर.एस. मेहद्वानी (डिंडौरी) - 98.18%
- ई.एम.आर.एस. करंजिया (डिंडौरी) - 98%
- ई.एम.आर.एस. मोरढुंडिया (झाबुआ) - 96.43%
- ई.एम.आर.एस. अलीराजपुर (अलीराजपुर) - 94.29%
- ई.एम.आर.एस. थांदला (झाबुआ) - 92.86%

### 12वीं की टॉप-10 सूची में छिंदवाड़ा अव्वल

प्रदेश के 28 जिलों में संचालित एकलव्य आदर्श विद्यालयों की 12वीं कक्षा की टॉप-10 सूची में तीन स्थान पाकर छिंदवाड़ा जिला अव्वल रहा है। वहीं 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यालयों में ई.एम.आर.एस. सिंझौरा (मंडला), जुन्नारदेव (छिंदवाड़ा), केसला (नर्मदापुरम) और सिंगारदीप (छिंदवाड़ा) शामिल है।

- सिंझौरा (मंडला) - 100%
- जुन्नारदेव(छिंदवाड़ा)- 100%
- केसला (नर्मदापुरम) -100%
- सिंगारदीप (छिंदवाड़ा) -100%
- हर्रई (छिंदवाड़ा) – 99%
- थांदला (झाबुआ) - 98%
- अलीराजपुर - 96%
- कुक्षी (धार) - 95%
- शाहपुर (बैतूल) - 94%
- जैतपुर (शहडोल) - 93%

---

### हुजूर एसडीएम की रिपोर्ट के बाद कलेक्टर ने दिए आदेश

# छह अवैध कॉलोनियों में नहीं होंगी रजिस्ट्री, कॉलोनाइजर्स को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**चुनाव के बाद फिर एक्शन में आया जिला प्रशासन**

*ये 6 कॉलोनियां...पिपलिया जाहिरपीर, सेवनिया ओंकारा, अरेड़ी, छावनी पठार और सिंकदराबाद हैं*

अवैध कॉलोनियों को लेकर जिला प्रशासन ने एक बार फिर सख्ती शुरू कर दी है। जिसके तहत मंगलवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने छह कॉलोनियों में रजिस्ट्री पर रोक लगा दी है। इसके साथ कॉलोनाइजर को नोटिस देकर जवाब तलब किया है। यह कार्रवाई हुजूर एसडीएम आशुतोष शर्मा के प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। यह कॉलोनियां पिपलिया जाहिरपीर, सेवनिया ओंकारा, अरेड़ी, छावनी पठार और सिंकदराबाद में हैं। कलेक्टर ने छह जून तक बिल्डर को जवाब पेश करने का समय दिया है। दरअसल सात मई को चुनाव होने के बाद जिला प्रशासन ने अवैध कॉलोनियों पर सख्ती शुरु कर दी है।

हुजूर एसडीएम ने क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों को लेकर जांच अभियान शुरु किया है। जिसके तहत कॉलोनाइजर्स से विकास अनुमति, कॉलोनाइजर रजिस्ट्रेशन, टीएंडसीपी की अनुमति, डायवर्जन की जांच की जा रही है। अरेड़ी गांव में दो कॉलोनियां विजासेन के नाम से काटी जा रही हैं, जिसमें पुरुषोत्तम सिंह और नीलेश शुक्ला ने 0.999 हेक्टेयर और मुकेश पाल ने 1.667 हेक्टेयर में विजासेन नाम से कॉलोनी काटी है। जहां प्लॉट की बिक्री की जा रही है। मुकेश ने पिपलिया जाहिरपीर में भी 1.667 हेक्टेयर एरिया में एक कॉलोनी काटी है। जिसकी विकास अनुमति सहित अन्य परमिशन नहीं है।

**खास बातें**
- कॉलोनाइजर्स को कलेक्टर ने नोटिस किया जारी, किया जवाब तलब
- 6 जून तक जवाब पेश करने का दिया समय



### कलेक्टर की परमिशन से होगी रजिस्ट्री

कलेक्टर ने अवैध कॉलोनियों को लेकर सख्ती के मामले में वरिष्ठ जिला पंजीयक को भी पत्र लिखा है, जिसमें बताया गया है कि इन जगहों पर अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। ऐसे में इन जगहों की रजिस्ट्री कराने से पहले परमिशन ली जानी चाहिए।

### इन्हें भी भेजे नोटिस

कलेक्टर ने विनोद यादव को ग्राम सेविनया ओंकार में 1.959 हेक्टेयर में अवैध कॉलोनी काटने पर नोटिस दिया है। इसी तरह अनुज साहू को छावनी पठार में 2.430 हेक्टेयर एरिया और हेमंत गड़गैया और सुनील प्रसाद को सिकंदराबाद में 1.376 एरिया में कॉलोनी काटने पर नोटिस दिया है।

### अवैध कॉलोनी काटी तो होगी सख्ती

आम लोगों को सस्ते प्लॉट का लालच देकर अवैध कॉलोनियों को काटने वाले कॉलोनाइजर पर सख्ती की जाएगी। सभी एसडीएम को निगरानी की हिदायत दी गई है।
**कौशलेंद्र विक्रम सिंह**, कलेक्टर

---

# स्कूल हॉस्टल में मासूम बच्ची से दुष्कर्म के मामले में स्कूल संचालक के बाद अब एसआई राजपूत गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल हॉस्टल में मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी स्कूल संचालक मनिराज मोदी को पकड़ने के बाद मिसरोद पुलिस ने एसआई प्रकाश सिंह राजपूत को भी गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार एसआई राजपूत पहले से ही सस्पेंड चल रहे थे। राजपूत पर आवेदिका पर दबाव बनाने और धमकाने का आरोप है। बता दें कि गंगासागर स्कूल हॉस्टल में संचालक मनीराज मोदी द्वारा आठ साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म के आरोप लगे हैं। मामले में हॉस्टल की महिला वार्डन समेत अज्ञात तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुआ है।

**मोदी बोला, एसआई के कहने पर दिया एडमिशन**



### यह है मामला

मिसरोद थाना क्षेत्र में दूसरी कक्षा की 8 साल की बच्ची के साथ एक निजी बोर्डिंग स्कूल के हॉस्टल में ढुष्कर्म का मामला सामने आया था। बच्ची को कुछ नशीला पदार्थ खिलाया गया, जिससे वह बेसुध हो गई। होश आया तो एक व्यक्ति उसके साथ गलत काम कर रहा था, जबकि एक अन्य व्यक्ति पास में ही खड़ा था।

अभी तक पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में मनिराज मोदी स्वयं को बेगुनाह बता रहा है। उसने बच्ची के साथ किसी भी प्रकार की ज्यादती करने की बात से साफ इनकार किया। मनिराज ने पुलिस को बताया कि एसआई प्रकाश राजपूत के कहने पर ही उसने बच्ची को एडमिशन दिया था। राजपूत के कहने पर ही वह बच्ची और उसकी मां से घर पर मिलने को राजी हुआ था।



### जेपी अस्पताल में हुआ मेडिकल

पुलिस ने मनिराज मोदी को कोर्ट में पेश करने पहले जेपी अस्पताल में मेडिकल कराया। दो पुलिस कर्मियों के साथ अस्पताल पहुंचे मनिराज ने मीडिया से बचने के लिए मुंह पर कपड़ा बांध रखा था।

---

**मामला थाने पहुंचा, जांच में जुटी पुलिस**

# काटजू में नसबंदी कराने भर्ती हुई महिला की ओटी टेबल पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के काटजू अस्पताल में नसबंदी की सर्जरी कराने आए एक 38 वर्षीय महिला की ऑपरेशन थिएटर (ओटी) टेबल पर ही मौत हो गई। मृतक रीना गौर अस्पताल में नसबंदी की सर्जरी के लिए भर्ती हुई थी। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे उन्हें सर्जरी के लिए ओटी में ले जाया गया।

जैसे सर्जरी शुरू हुई अचानक महिला की स्थिति बिगड़ गई, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मृतक के पति अविनाश गौर को दोपहर के एक बजे दी गई। इसी दौरान टीटी नगर थाने में भी सूचना दी गई। इसके बाद शाम साढ़े पांच बजे बॉडी को पीएम के लिए हमीदिया अस्पताल भेजा गया। मामले में पुलिस का कहना है कि मामले में जांच कर रहे हैं। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। परिजनों द्वारा अब तक कोई आरोप नहीं लगाए गए हैं। काटजू अस्पताल के अधीक्षक कर्नल प्रवीण सिंह ने कहा कि यह मामला बेहद दुखद है। स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण अभी छुट्टी पर चल रहे हैं। पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए रिव्यू करेंगे।

- सर्जरी होते ही अचानक बिगड़ी महिला की स्थिति

---

**लहारपुर के एक खेत में बने मकान में थी कैद**

# डेढ़ साल से 'कैद' थी महिला पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

एक सामाजिक संस्था की सूचना पर पुलिस ने लिया एक्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसिक संतुलन ठीक नहीं होने के कारण घरवालों ने एक महिला को डेढ़ साल से बंधक बनाकर रखा था।

कमरे में कैद महिला भूख-प्यास से बेहाल थी। कई दिनों तक भोजन नहीं करने से महिला काफी कमजोर हो चुकी थी। गोविंदपुरा थाने की एसआई सोनिया पटेल ने बताया कि उन्हें जेजे बोर्ड के सदस्य डॉ. कृपाशंकर चौबे ने फोन के माध्यम से सूचना दी। उन्होंने बताया कि बरखेड़ा पठानी स्थित लहारपुर में एक खेत में बने मकान में महिला को कैद करके रखा गया है। पुलिस की टीम सामाजिक संस्था लक्ष्मीनारायण आनंदम क्लब के सदस्य मोहन सोनी और डॉ. जीशान, अयान खान, समाजसेवी मानकी देवी और सुलक्षणा यादव के साथ मौके पर पहुंची। टीम जब महिला के समीप पहुंची तो महिला काफी उग्र हो गई। काफी मशक्कत के बाद महिला को कमरे से बाहर निकाला गया।

- भूख-प्यास से बेहाल थी महिला

### पति बोला, पास जाने पर हो जाती हैं उग्र

पुलिस ने महिला को रेस्क्यू करने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया और महिला के पति, बेटे एवं सास को समझाइश दी कि उसका पूरा ध्यान रखें। भविष्य में भी उसका उपचार कराते रहें। महिला के पति ने बताया कि उसकी पत्नी करीब डेढ़ साल से मानसिक रूप से विक्षिप्त है। वह नजदीक जाने पर उग्र हो जाती है और अभद्रता करती है। कोई अप्रिय घटना न हो, इसके कारण उसे कमरे में बंद करके रखा गया था।

### भूखे रहने से हो गई थी कमजोर

रेस्क्यू टीम ने जब महिला को कमरे से बाहर निकाला तो भूखी-प्यासी होने की वजह से वह काफी कमजोर हो गई थी। उसका वजन काफी कम था। उसने कई दिनों से नहाया भी नहीं था। रेस्क्यू टीम ने महिला के सिर के बाल काटने के बाद उसे स्नान करवाया। इसके बाद मेडिकल चेकअप करने के बाद उसे समाजसेवियों की मदद से हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया।

---

# बीएमएचआरसी में ड्यूटी के दौरान युवा डॉक्टर की मौत

**भोपाल।** बीएमएचआरसी में एक युवा डॉक्टर की सोमवार रात ड्यूटी के दौरान अचानक सीने में उठे दर्द के बाद मौत हो गई। संभवतः उन्हें हार्ट अटैक हुआ था। वह मूलतः हरियाणा के गुरुग्राम के रहने वाले थे।

पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

निशातपुरा थाना पुलिस के मुताबिक मूलतः गुरुग्राम निवासी 25 वर्षीय डॉ. दीपक शर्मा एमबीबीएस की पढ़ाई कर चुके थे। उसके बाद वह बीएमएचआरसी से एमडी की पढ़ाई कर रहे थे। सोमवार रात वह अस्पताल में ड्यूटी पर थे। रात करीब सवा एक बजे उन्हें अचानक सीने में दर्द उठा। इसके बाद स्टाफ के लोगों ने तत्काल उन्हें सीपीआर भी दिया, लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ और वह बेहोश हो गए। वरिष्ठ चिकित्सकों ने उनकी जांच की और उन्हें मृत घोषित कर दिया।

- ड्यूटी के दौरान अचानक सीने में दर्द उठ गया था

---

**एडीएम ने सौंपा सर्टिफिकेट, 20 मई को बच्चा अमेरिका होगा रवाना**

# अमेरिकी दंपती ने चार साल के स्पेशल बच्चे को लिया गोद, तीन महीने में देंगे अपडेट

## अमेरिका सहित इटली गए भोपाल के आठ बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो बच्चे होने के बाद भी अमेरिकी दंपती ने मंगलवार को भोपाल के एक चार साल के स्पेशल बच्चे को गोद लिया है। इस बच्चे को बोलने और सुनने में परेशानी होती है। दरअसल, अमेरिकी दंपती ने अमेरिका की एजेंसी के माध्यम से दो साल पहले भारत सरकार के सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी में आवेदन किया था, जिसके दो साल बाद दंपती को यह बच्चा सौंपा गया है।

मंगलवार को एडीएम साउथ हर्षल पंचौली ने महिला विकास की टीम के साथ अमरेकिन दंपती को प्रमाण पत्र के साथ बच्चा सौंप दिया। उसका अब अमेरिका में उसका इलाज किया जाएगा। इसकी पूरी रिपोर्ट हर 3 महीने में अमेरिका की एजेंसी भारत सरकार के माध्यम से भोपाल जिला प्रशासन को भेजेगी। इससे पहले भी अमिरेका के दंपती ने भोपाल की दो जुड़वा बहनों को गोद लिया था। एडीएम पंचौली ने बताया कि गोद देने वाले बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र और पासपोर्ट बनवाकर दंपती को दे दिया है।



### अमेरिका में ही होगा बच्ची का इलाज

दंपती ने बताया कि बच्चे होने के बाद भी बच्चा गोद लेना चाहते थे। भारत से बच्चे गोद दिए जाने का पता होने के बाद उन्होंने वहां की एजेंसी के माध्यम से दो साल पहले आवेदन किया था। वे बच्चे को लेकर बहुत खुश हैं। पंचोली ने बताया कि दंपती की पूरी प्रक्रिया कर ली है। वे 20 या 21 मई को अमेरिका के लिए रवाना हो जाएंगे।

### अब तक 22 बच्चों को मिली गोद

सहायक संचालक महिला बाल विकास रामगोपाल यादव ने बताया कि 25 सितंबर 2022 को दत्तक ग्रहण विनियम 2022 के लागू किया गया है। इसके बाद भारत शासन द्वारा दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को आसान बनाते हुए दत्तक ग्रहण आदेश कलेक्टर अथवा अपर कलेक्टर के दे दिए। इसके बाद जिले में अब तक 22 दंपतियों को बच्चे गोद दिए गए हैं। जिसमें से 8 इंटरनेशनल दंपती रहे। अभी तक अमिरेका और इटली के देशों के दंपती भोपाल से बच्चे गोद ले गए।

---

**जटिल सर्जरी कर बचाई महिला की जान**

# पेट में था 9 माह से 16 किलो का ट्यूमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*हमीदिया अस्पताल के डॉक्टर्स ने एक महिला के पेट से 16 किलो का दुर्लभ ट्यूमर जटिल सर्जरी कर निकाला और उसकी जान बचाई है।*

हमीदिया अस्पताल में मंगलवार को दुर्लभ ट्यूमर से जूझ रही महिला जटिल सर्जरी कर जान बचाई गई। अस्पताल की गायनी सर्जन की टीम ने एक महिला का ऑपरेशन कर गर्भाशय से 16 किलो का ट्यूमर निकाला।

महिला 9 माह से पेट दर्द और पेट बढ़ने की समस्या से परेशान थी। उसे दैनिक दिनचर्या में कठिनाई हो रही थी। जब जांच कराई गई तो पता चला कि पेट में एक बड़ा ट्यूमर है। कई अस्पतालों में दिखाने के बाद वह हमीदिया अस्पताल पहुंची। यहां इतना बड़ा अंडाशय का ट्यूमर देख डॉक्टर भी हैरान रह गए।

9 माह से पेट दर्द और पेट बढ़ने की समस्या से परेशान थी महिला



हमीदिया अस्पताल के गायनिक विभाग की प्राध्यापक डॉ. जूही अग्रवाल, सहायक प्राध्यापक डॉ. अदिति खरे, आरएसओ डॉ. प्रियंका और आरएमओ डॉ. प्रदीप द्वारा की गई। सर्जरी करने वाले डॉक्टरों ने बताया कि सबसे पहले महिला की सोनोग्राफी व सीटी स्कैन कराया गया। इस दौरान महिला के पेट में 30 सेंटीमीटर से ज्यादा चौड़ी गठान देखी गई थी। जरूरी जांचों के बाद महिला का ऑपरेशन किया गया। यह ऑपरेशन निश्चेतना विभाग के प्राध्यापक डॉ. उर्मिला केशरी व साहयक प्राध्यापक डॉ. संदीप राठौड़ और नर्सिंग कर्मचारी की मदद से पूरा हो सका।

---

# विदिशा से रेस्क्यू कर घायल मादा तेंदुआ को वन विहार लाया गया, डॉक्टरों ने एक्सरे कर लिया ब्लड सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में सामान्य वनमंडल विदिशा की लटेरी परिक्षेत्र के एक ग्रामीण के घर से घायल अवस्था में मादा तेंदुआ को रेस्क्यू कर वन विहार लाया गया था, जिसे वन विहार के क्वेरेंटाइन में रखा गया।

मंगलवार को घायल मादा तेंदुआ का उपचार वन विहार के वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. अतुल गुप्ता द्वारा समय-समय पर विशेषज्ञों से परामर्श लेकर किया जा रहा है। राज्य पशु चिकित्सालय भोपाल के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार तुमड़यिा, वन विहार के वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. अतुल गुप्ता एवं वाइल्ड लाइफ एसओएस. वन विहार के वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. रजत कुलकर्णी द्वारा घायल मादा तेंदुआ को बेहोश कर संयुक्त रूप से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही एक्सरे किया एवं ब्लड सैंपल लिए गए।

बांये पंजे की टूटी मिलीं हड्डियां, गैंगरियस होने के कारण काट दिया गया



### लगातार रखी जा रही है नजर

इस दौरान दल द्वारा किए गए परीक्षण में पाया गया कि पिछले बांये पंजे की हड्डियां टूटी हुई पाई गई तथा गैंगेरियस होने के कारण एवं घायल मादा तेंदुआ की जान बचाने के लिए उसके पंजे को अलग कर दिया गया। वन विहार के अधिकारियों का कहना है कि मादा तेंदुआ की गतिविधियों पर निगरानी रखी जाकर उसका सतत उपचार किया जा रहा है।






**टेबल बढ़ाईं, अब उत्तर और दक्षिण-पश्चिम के जल्द आएंगे नतीजे**

# पांच सौ कर्मचारी कराएंगे ईवीएम के वोटों की गिनती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सात मई को हुए मतदान के बाद उम्मीदवार अब चार जून का इंतजार कर रहे हैं। ईवीएम और पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने पांच सौ अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है, जो 2097 ईवीएम सहित करीब चार हजार पोस्टल बैलेट की गिनती करेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय ने विधानसभावार होने वाली मतगणना को लेकर टेबिलों की संख्या में बदलाव किया है। जिसके तहत उत्तर और दक्षिण पश्चिम विधानसभा के मतदान केंद्रों में 16 राउंड में गिनती की जाएगी। जिससे इन विधानसभा क्षेत्र का रिजल्ट सबसे पहले आ जाएगा। इसके बाद नरेला और मध्य में 17-17 राउंड रहेंगे। सीहोर विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम की गिनती वहीं होगी।

### पहले पोस्ट बैलेट और ईडीसी की गिनती

*चार जून मंगलवार को सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी। इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने पूरी तैयारी कर ली है। अरेरा हिल्स स्थित पुरानी जेल में बनाए गए स्ट्रांग रूम से ईवीएम मशीनों को निकालकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने गिनती शुरू की जाएगी। सबसे पहले पोस्ट बैलेट और ईडीसी वोटों की गिनती होगी। इसके बाद ईवीएम मशीनों को निकाला जाएगा। इस बार भी जिले की सात विधानसभाओं के हिसाब से अलग-अलग टेबल लगाई गईं हैं। जिस पर राउंडवार गिनती शुरु की जाएगी। जिले की सातों विधानसभाओं के पूरे वोटों की गिनती होने के बाद रिजल्ट की घोषणा की जाएगी। जबकि सीहोर विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती सीहोर में ही होगी। इसके वोटों को जोड़कर पूरी लोकसभा सीट के रिजल्ट की घोषणा की जाएगी।*




**सुबह 5 बजे पता चलेगा किसे कौन सी टेबल मिली**

मतगणना के लिए कर्मचारियों की तैनाती का रेंडमाइजेशन किया जाएगा। जिसके तहत विस के वोटों की गिनती के लिए अलग-अलग टेबिलों पर मतगणना दल और दो-दो दल एआरओ और तीन रिजर्व दल इस प्रकार 19-19 दल, पोस्टल बैलेट गणना और टेबूलेशन के लिए दल इस तरह लगभग 475 शासकीय सेवकों का रेंडमाइजेशन किया जाएगा। इन्हें किस नंबर की टेबल पर गणना के लिए बैठना है इसके निर्धारण के लिए मतगणना दिवस पर सुबह 5 बजे प्रेक्षकों की उपस्थिति में रेंडमाइजेशन किया जाएगा।

### 14 टेबल पर होगी राउंडवार मतगणना

| विधानसभा | बूथ | राउंड |
|---|---|---|
| बैरसिया | 275 | 18 |
| भोपाल उत्तर | 246 | 16 |
| नरेला | 338 | 17 |
| दक्षिण पश्चिम | 236 | 16 |
| मध्य | 247 | 17 |
| गोविंदपुरा | 383 | 19 |
| हुजूर | 372 | 18 |

**चुनाव आयोग में कांग्रेस ने सबसे ज्यादा तो आप ने कीं 3 शिकायतें**

# अब तक कुल 1567 शिकायतों में 1304 का निराकरण, 263 में नहीं हुई कोई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में लोकसभा चुनाव चार चरणों में मतदान संपन्न हो चुका है। इस दौरान भाजपा व कांग्रेस से लेकर तकरीबन राजनैतिक पार्टियों ने एक दूसरे के खिलाफ चुनाव आयोग में जमकर शिकायतें की। सबसे अधिक शिकायतें कांग्रेस पार्टी ने की हैं। सबसे कम आम आदमी पार्टी ने महज तीन शिकायतें की है। आचार संहिता शुरू होने के बाद से लेकर मतदान समाप्ति होने तक में कुल 1567 शिकायतें हुई, इसमें से 1304 का निराकरण कर दिया गया। 263 शिकायतों में अभी जांच चल रही है। आयोग परीक्षण के बाद कार्रवाई करेगा। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार मप्र में राजनैतिक पार्टियों ने कुल 206 शिकायतें की। जबकि भारत निर्वाचन आयोग से 284 शिकायतें प्राप्त हुई। यह ऐसी शिकायतें हैं, जिसमें शिकायतकर्ताओं ने ऑन लाइन शिकायतें की। इसे मप्र चुनाव कार्यालय में भेजकर निराकरण कराया गया। इसमें से हालांकि कई शिकायतें ऐसी हैं, जिन पर अभी कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

### कई शिकायतें ऐसी भी, जिनमें किसी का नाम और पता नहीं

मप्र निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय इन शिकायतों का परीक्षण करा रही है, इसके बाद इस पर ठोस कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह चुनाव आयोग को 1077 शिकायतें विभिन्न माध्यमों से मिली। इसे डाक, कुरियर के साथ ही आयोग के कार्यालय में किसी ने किसी माध्यम मसलन ऑनलाइन व अन्य तरीके से प्रेषित किया गया। इसमें कई शिकायतें ऐसी हैं, जिसमें शिकायतकर्ताओं का पूरा नाम व पता नहीं है।

### राजनीतिक दलों में सबसे अधिक 108 शिकायतें कांग्रेस ने की

राजनैतिक पार्टियों में सबसे अधिक शिकायतें कांग्रेस पार्टी ने की है। कांग्रेस ने भाजपा व अन्यों के खिलाफ कुल 108 शिकायतें की। इनमें से कुछ को छोड़कर बाकी सभी शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है, जबकि भाजपा ने कुल 81 शिकायतें की। यह शिकायतें प्रतिद्वंदी कांग्रेस व अन्य पार्टियों के खिलाफ थी। तीसरे नंबर पर बसपा ने कुल 11 शिकायतें की है। बसपा की शिकायत पर क्या कार्रवाई हुई। इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। चौथे व पांचवें नंबर पर आम आदमी पार्टी व कम्यूनिस्ट पार्टी है। इन दोनों ने तीन-तीन शिकायतें चुनाव आयोग में की है। इनमें से ज्यादातर औपचारिक शिकायतें ही है। कोई ठोस शिकायतें नहीं है। इस तरह से कुल 206 शिकायतें राजनीतिक पार्टियों ने किया है। इनमें से कुछ को छोड़कर बाकी सभी शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है।

### राजनीतिक पार्टियों ने की शिकायतें

| | |
|---|---|
| भाजपा | 108 |
| कांग्रेस | 81 |
| आम आदमी पार्टी | 03 |
| बसपा | 11 |
| कम्यूनिस्ट पार्टी | 03 |

मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि शिकायतों के निराकरण को लेकर आयोग काफी गंभीर रहता है। 1567 में से 1304 का निराकरण किया जा चुका है। बाकी 267 लंबित शिकायतों का जल्दी ही निराकरण कर दिया जाएगा। इसके जिला कलेक्टरों के पास भेजकर रिपोर्ट तलब की गई है।

### शिकायतों की सूची

राजनीतिक दलों से प्राप्त-206, आयोग से प्राप्त-284, अन्य माध्यमों से प्राप्त-1077, कुल शिकायतें-1567, निराकृत-1304, लंबित-263

**चुनाव आयोग ने चतुर्थ चरण के 8 लोकसभा क्षेत्रों में हुए मतदान के अंतिम**

# चतुर्थ चरण में 71.72 फीसदी नहीं, 72.05 फीसदी मतदान हुआ था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने मंगलवार को चतुर्थ चरण के 8 लोकसभा क्षेत्रों में हुए मतदान के अंतिम आंकड़ें जारी किए हैं। इस अनुसार चतुर्थ चरण में 71.72 फीसदी के बजाय 72.05 फीसदी मतदान हुआ है।

इसमें भी सबसे अधिक मतदान खरगोन लोकसभा क्षेत्र में 76.03 फीसदी हुआ है, जबकि सबसे कम मतदान इंदौर लोकसभा क्षेत्र में 61.67 फीसदी हुआ है। यह 2019 के मतदान से 3.60 फीसदी कम है। सीईओ कार्यालय ने 13 मई को देर शाम 8 लोकसभा क्षेत्रों का अनंतिम मतदान प्रतिशत जारी किया था। किंतु मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार चौथे चरण में कुल 72.05 फीसदी मतदान हुआ है। इसमें देवास में 75.48 फीसदी, उज्जैन में 73.82, मंदसौर में 75.27, रतलाम में 72.94, धार में 72.76, इंदौर में 61.67 फीसदी, खरगोन में 76.03 और खंडवा में 71.52 फीसदी मतदान हुआ है।

### पुरुषों के महिलाओं ने करीब 6 फीसदी कम मतदान किया

पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने करीब 6% कम मतदान किया है। इसमें देवास में 79.79 पुरुष व महिलाओं ने 70.95, उज्जैन में 77.91 पुरुष व 69.64% महिला, मंदसौर में 78.25 पुरुष व 72.24 महिला, रतलाम में 74.99 पुरुष व 70.92 महिला, धार में 75.63 पुरुष व 69.87 महिला, इंदौर में 65.44 पुरुष व 57.83 महिला, खरगोन में 78.09 पुरुष व 73.96 महिला व खंडवा में 73.76 पुरुष व 69.21 फीसदी महिलाओं ने मतदान किया है।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने हमीरपुर लोस के चरखारी के पनवारी में ली जनसभा**

# पीएम ने भारत को विश्व भर में मान सम्मान दिलाने का कार्य किया: शर्मा



### कांग्रेसी नेता ये कहते हैं

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के नेता कहते हैं कि पाकिस्तान से बात करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 56 इंच का सीना है, वो किसी से नहीं डरते। कांग्रेस के शासनकाल में आतंकवादी भारत में घुसकर वारदात करते हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचार, आतंकवाद मुक्त भारत बना रहे हैं। वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से आतंकी घटनाएं बंद हो गई हैं। यह बात बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने यूपी के हमीरपुर लोकसभा के चरखारी के पनवारी में जनसभा में कही। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत को वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान दिलाने का कार्य किया है।



**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की भगवान मतंगेश्वर**

*भोपाल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को खजुराहो में भगवान मतंगेश्वर महादेव मंदिर में पूजन अर्चन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की।*

## न्यूनतम चक निर्धारण के लिए अंतर्विभागीय समिति का पुनर्गठन

**भोपाल।** नर्मदा घाटी विकास विभाग ने प्रदेश में एक हेक्टेयर से 2.5 हेक्टेयर तथा जल संसाधन विभाग की ओर से 5 हेक्टेयर चक तक कमाण्ड एरिया में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जल संसाधन विभाग की साधिकार समिति की 75 वीं बैठक में अंतर्विभागीय समिति गठित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके पालन के लिए साधिकार समिति की बैठक में अंतर्विभागीय समिति गठित की गई है। वित्त विभाग को शामिल करते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समिति का पुनर्गठन किया गया है। अन्य सदस्यों में प्रमुख सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, प्रमुख सचिव वित्त, सचिव नर्मदा घाटी विकास विभाग, सचिव जल संसाधन विभाग, आयुक्त किसान कल्याण-कृषि विकास, सदस्य अभियांत्रिकी नर्मदा घाटी विकास को शामिल किया गया है।

**संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने की शिकायत**

# विधायक मसूद पर बच्चे से फर्जी वोटिंग कराने का लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नाबालिग बच्चे से वोट डलवाने के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद मध्य विधायक आरिफ मसूद पर फर्जी वोटिंग कराने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जब नाबालिग बच्चे का वोटर लिस्ट में नाम नहीं था, तो उसने किसका वोट डाला है। इसके साथ बच्चे को फर्स्ट मतदाता का बैज भी लगाया गया था। मंगलवार को संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शमसुल हसन बल्ली ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से की है।



### मोर्चा ने की दोबारा मतदान की मांग

शिकायत में कहा गया है कि उत्तर विधानसभा क्षेत्र के केंद्र क्रमांक-72 पर विधायक ने अपने बेटे से वोट डलवाया था। जिसके फोटो उसने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए थे। इसमें बच्चे के मतदान केंद्र के फर्स्ट वोटर का बैज भी लगा है। ऐसे में विधायक ने यहां फर्जी मतदान कराया है। मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ने इस केंद्र पर दोबारा से मतदान कराने की मांग रखी है।

## नगर निगम इंदौर के 4 अधिकारी अनियमितता के कारण निलंबित

**भोपाल।** नगर निगम इंदौर में पदस्थ वित्त विभाग के 4 अधिकारी अनियमितता के कारण निलंबित किए गए हैं। इस संबंध में वित्त विभाग ने बुधवार को आदेश जारी कर दिए हैं। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय क्षेत्रीय कार्यालय स्थानीय निधि संपरीक्षा सागर निर्धारित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन अधिकारियों ने नगर निगम इंदौर के फर्जी देयक भुगतान के मामले में अपने कर्तव्यों का सजगतापूर्वक निर्वहन नहीं किया गया।

- फर्जी देयक भुगतान का मामला

जिसके कारण नगर निगम इंदौर को आर्थिक क्षति हुई। जिन अधिकारियों पर निलंबन की कार्यवाही की गई है, उनमें संयुक्त संचालक अनिल कुमार गर्ग, ज्येष्ठ संपरीक्षक जे.एस. ओहरिया, सहायक संपरीक्षक रामेश्वर परमार और उप संचालक समर सिंह परमार शामिल हैं।

**चुनावी ड्यूटी पर गए और ले लिए सात फेरे**

# महिला एएसआई और कॉन्स्टेबल प्यार में पड़े और गई नौकरी

**सात दिन से ऑफिस नहीं आए, दोनों सस्पेंड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

यहां आईजी दफ्तर में तैनात एक महिला एएसआई और कॉन्स्टेबल पिछले 7 दिन से लापता हैं। दोनों ने ही 7 मई को चुनाव ड्यूटी पूरी की। इसके बाद वे न दफ्तर लौटे, न ही अपने घर। जिसके बाद दोनों को सस्पेंड कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि दोनों ने दिल्ली जाकर आर्य समाज मंदिर में शादी रचा ली है। महिला एएसआई का नाम निशा जैन हैं। वह आईजी ऑफिस में बतौर कार्यपालक लिपिक तैनात है। वहीं कॉन्स्टेबल का नाम अखंड प्रताप सिंह है। वह भी यही कार्यरत है। फिलहाल दोनों के लौटने का इंतजार किया जा रहा है। दोनों के मोबाइल भी उसी दिन से स्विच ऑफ हैं।

आईजी ग्वालियर रेंज अरविंद सक्सेना ने बताया कि महिला एएसआई और आरक्षक चुनाव ड्यूटी के बाद घर और फिर काम पर वापस नहीं लौटे हैं। दोनों बिना बताए लापता हुए हैं।



उन्होंने कहा कि यह काम में लापरवाही है, इसलिए दोनों को निलंबित किया गया है। उनके आर्य समाज मंदिर में शादी की सूचना मिली है, वो उनकी निजी जिंदगी है। दोनों पुलिसकर्मी वयस्क हैं। उन्हें अपने जीवन से संबंधित निर्णय लेने का अधिकार है।




**आनंद विभाग की गतिविधियों के लिए मास्टर ट्रेनर असाटी सम्मानित**

# अल्पविराम को जीवन का मार्गदर्शी बनाएं: राज्यपाल पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज भवन में दो दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम के समापन समारोह में राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने कहा कि अल्पविराम कार्यक्रम अंदर की बुराइयों को पहचान कर उसे दूर करने और अच्छाइयों को आगे करने का कार्यक्रम है। इसे अपना मार्गदर्शी बनाएं और 365 दिन इसका उपयोग कीजिए।

इस अवसर पर उनके प्रमुख सचिव मुकेश गुप्ता, एडिशनल सचिव उमाशंकर भार्गव, राज्य आनंद संस्थान के डायरेक्टर प्रवीण गंगराड़े, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर मनु दीक्षित, मास्टर ट्रेनर लखन लाल असाटी, मुकेश करुआ, प्रदीप महतो, अंजना श्रीवास्तव, सुधीर आचार्य उपस्थित थे। प्रतिभागियों ने कहा कि किस तरह अल्पविराम के माध्यम से उन्होंने खुद पर ध्यान दिया और कमियों-अच्छाइयों को देखा है कि फ्रीडम ग्लास और कौन है जिम्मेदार। गीत के जरिए मास्टर ट्रेनर ने विभाग की प्रमुख गतिविधि अल्पविराम को प्रस्तुत किया गया। राज्यपाल ने लखन लाल असाटी सहित सभी मास्टर ट्रेनर्स को अंगवस्त्र पहनाकर और पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया।



कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने वर-वधुओं को दिया आशिर्वाद

# गोंड समाज का विवाह सम्मेलन, 84 जोड़ों ने जीवन भर साथ निभाने की खाई कसमें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

गोंड गुरु बाबा तारानगर न्यास द्वारा मंगलवार को गोंड समाज का विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें 84 जोड़ों ने फेरे लेकर साथ रहने की कसमें खाई। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके भी शामिल होकर वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया और संबोधित करते हुए कहा कि आज के युग में समाज कि एकता बहुत जरूरी है। समाज के युवा और छात्रों-छात्राएं लगन लगाकर पढ़ें-लिखें, जिससे वे अच्छे पदों पर जा सकें।

### आदिवासी समाज संगठित है: पटेल

पूर्व मंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजकुमार पटेल ने भी सभी वर वधू को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर राजकुमार पटेल ने कहा कि आदिवासी समाज में एकता और संगठित है। हमारा क्षेत्र आदिवासियों का है। कार्यक्रम में कमल सिंह धुर्वे, जवाहरलाल धुर्वे, गोपाल उईके, राजाराम, विनोद इरपाचे, जनपद उपाध्यक्ष सरदार सिंह बरकरे, मांगीलाल, कमल काकोड़ीया, बबलू एकके, नंदराम इमने और बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम में शामिल न होने पर पटवा ने जताया खेद




विधायक सुरेंद्र पटवा ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामना संदेश में कहा कि आज गोंड आदिवासी समाज का तारा नगर में विवाह सम्मेलन में 84 वर-वधुओं का विवाह संपन्न हुआ है, मैं सभी को आशीर्वाद देता हूं। पटवा ने कहा कि मैं खुद शामिल होता मगर अति आवश्यक काम के कारण मैं शामिल नहीं हो पाया। गोंड आदिवासी समाज की एकता और प्रगति के कार्य के लिए मैं सदा तत्पर रहूंगा।

इस्लामी गेट के पास तड़के हुआ हादसा

# ऑटो पार्ट्स की दुकान में लगी आग लाखों रुपए का समान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज। भोपाल

शाहजहांनाबाद स्थित इस्लामी गेट के पास हमीदिया रोड की तरफ जाने वाले रास्ते पर एक ऑटो पार्ट्स की दुकान में मंगलवार को तड़के आग लग गई। इससे लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग पर समय रहते काबू पा लिया, जिससे आसपास की दुकानों तक आग नहीं पहुंच पाईं। फायर ब्रिगेड कर्मियों के अनुसार दुकान में रखा सारा सामान जल गया। फतेहगढ़, कबाड़खाना फायर स्टेशन से गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। करीब एक घंटे में आग काबू में आ सकी।

### शार्ट सर्किट की वजह से लगी आग

फायर ब्रिगेड कर्मियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में शार्ट सर्किट से आग लगना सामने आया है। दुकान के पास दो दुकानें और थीं, जो आग की चपेट में आने से बच गईं।



### सीट कवर की वजह से भीषण हो गई आग

फायर ब्रिगेड कर्मियों के अनुसार दुकान के भीतर ऑटो पार्ट्स के सामान के अलावा सीट कवर और फॉम भी रखा था। इस वजह से आग भीषण हो गई। शटर होने के बावजूद अंदर से आग की लपटें उठ रही थीं, जो 10-15 फीट ऊपर तक दिखाई दे रही थीं। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड कर्मियों को काफी दिक्कतें हुईं। शटर को निकालकर आग पर काबू पाया जा सका।

## खबर संक्षेप



### डोर टू डोर जाकर किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में स्वच्छ सर्वेक्षण- 2024 में नगर को अव्वल स्थान पर लाने के लिए नगर पालिका द्वारा जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर पालिका की टीम द्वारा डोर टू डोर जाकर नगरवासियों को गीले कचरे से खाद बनाने और सूखा व गीला कचरा अलग-अलग करने के प्रति रहवासियों को जागरूक किया जा रहा है। नगर पालिका के स्वच्छता निरीक्षक आशीष कानूनगो व मयुर गेडांम ने बताया कि नगर में स्वच्छता की पाठशाला व डोर टू डोर जाकर स्वच्छता की समझाइस दी जा रही है।

### टीशा चावला ने 10वीं में हासिल किए 83% अंक

**औबेदुल्लागंज।** नगर की कुमारी



टीशा चावला ने सीबीएसई बोर्ड में कक्षा 10वीं में 83% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। व्यापार संघ के ऊर्जावान नेता की बेटी है। कर्मल कान्वेंट स्कूल रतनपुर में अध्यनरत है। उनके सुखचिंतकों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### छोला मंदिर में युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**भोपाल।** छोला मंदिर इलाके में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस के मुताबिक 44 वर्षीय देवेंद्र रैकवार छोला मंदिर में रहता था और प्राइवेट काम करता था। पिछले दिनों अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां सोमवार देर रात उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया। परिजन के बयान और पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### पशु मेले में तस्करी रोकने दिया आवेदन

**संतनगर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा हुजूर एसडीएम और ग्रामीण देहात एसपी को आवेदन देकर गो-वंश की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए उचित उपाय करने को कहा है। इसके अलावा थाना ईंटखेड़ी अंतर्गत अचारपुरा पर पशु मेले से गो-तस्करी होने की संभावना है। कुछ समय पूर्व भी बैरसिया में लगे मेले से बछड़े, सांड का क्रय विक्रय हुआ। थाना खजूरी अंतर्गत जिन्हें पकड़ा गया एवं कार्रवाई की गई, वर्तमान में अचारपुरा में इस प्रकार का मेला फिर लग रहा है, जहां विशेष रूप से गो वंशों का क्रय-विक्रय हो रहा है। आवेदन देने वालों में धर्म प्रसार सहसंयोजक जीतू कटारिया, चंद्र प्रकाश, भूपेंद्र गुर्जर, रघु रायकवार, छोटू रैकवार, दयाराम मेहर, त्रिलोक ख्यानी, सोनू मीणा आदि शामिल है।

बाणगंगा से 12 रफ्तर तक बदमाशों ने मचाया उत्पात

# कार और बाइकों में जमकर की तोड़फोड़, सीसीटीवी में हुए कैद






हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाणगंगा से 12 रफ्तर तक बीती रात आधा दर्जन से ज्यादा बदमाशों ने कारों और बाइकों में तोड़फोड़ कर जमकर उत्पात मचाया। बदमाशों ने 12 में कई गाड़ियों के कांच तोड़ दिए। इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें बाणगंगा से 12 दफ्तर तक पैदल जाते हुए बदमाश दो पहिया व चार पहिया वाहनों में तोड़फोड़ करते दिखाई दे रहे हैं। टीटी नगर थाने के एसआई दिनेश खजूरिया ने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे 12 दफ्तर इलाके में गाड़ियों में तोड़फोड़ की सूचना मिली थी। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज मिले हैं। इसको देखने से पता चला कि पांच युवक आंचलिक विज्ञान केंद्र के पीछे से उतरे बाणगंगा होते हुए बारह दफ्तर की झुग्गियों तक गए हैं। इनके हाथों में लाठी-डंडे थे। वे गलियों से गुजरते गए और घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ करते गए।

### आवाज सुनकर लोग घर से बाहर निकले

रात में तोड़फोड़ की आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकले, लेकिन तब तक उत्पाती युवक मौके से भाग गए। सबसे ज्यादा गाड़ियों में उन्होंने बारह दफ्तर झुग्गी बस्ती में की गई। यहां पर घरों के बाहर खड़े चार पहिया वाहनों के कांच तोड़ दिए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस का दावा है कि उत्पाती युवकों की पहचान हो गई है। जल्द ही उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### फिल्मी स्टाइल में चलती बाइक पर युवक पर चाकू से हमला

**भोपाल।** तीन अज्ञात बदमाशों ने अशोका गार्डन अस्सी फीट रोड पर बीती रात फिल्मी स्टाइल में बाइक पर जा रहे एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल कर बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक नरेंद्रदेव नगर ऐशबाग निवासी 30 वर्षीय पवन कुमार आनंद प्राइवेट नौकरी करते हैं। सोमवार रात करीब साढ़े बारह बजे वह अपने दोस्त के साथ बाइक से भोपाल रेलवे स्टेशन की तरफ जा रहे थे। अशोका गार्डन स्थित अस्सी फीट रोड पर बाइक से पीछा कर रहे तीन बदमाशों ने चलती बाइक पर ही उनके साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। पवन ने इसका विरोध किया तो उन्होंने पवन और उनके साथी को गिरा दिया। इस बीच एक बदमाश ने सब्जी काटने वाले चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। दोस्त ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो उसके साथ भी हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी। हमला करने के बाद तीनों बदमाश मौके से भाग निकले। गंभीर रूप से घायल पवन को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूछताछ के दौरान पवन ने बताया कि वह किसी भी हमलावर को नहीं पहचानते हैं। उन्हें हमला क्यों किया, इसका भी खुलासा नहीं हो पाया है।

भोपाल से माता बिजासन के दर्शन करने जा रहे थे सलकनपुर

# पेड़ से जा टकराया श्रद्धालुओं से भरा तेज रफ्तार वाहन, मची चीख-पुकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल से सलकनपुर माता मंदिर जा रहे भक्तों का ऑटो पेड़ से टकरा गया। तेज रफ्तार वाहन की पेड़ से टक्कर के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी श्रद्धालु भोपाल से माता बिजासन के दर्शन करने सलकनपुर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि बुधनी के पास सीहोर जिले के रेहटी थाना क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरा ऑटो पेड़ से टकराया है। इस दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि श्रद्धालुओं से भरे ऑटो की स्पीड ज्यादा थी।

### हादसे में चार घायल

#### घायलों को डायल-100 की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद पहुंचाया

देलाबाडी घाट के पास ऑटो अचानक अनियंत्रित हो गया और पेड़ से जा टकराया। इस हादसे में चार श्रद्धालु बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद ऑटो सवार घायल लोग दर्द के कारण चीखने लगे। मदद के लिए गुहार लगाने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। सभी घायलों को डायल-100 की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर इलाज के लिए भर्ती करवाया गया।

### हनुमानगंज में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल।** हनुमानगंज में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय सोनू नामक एक युवक फूटा मकबरा स्थित दुलीचंद का बाग इलाके में रहता था और बेलदारी करता था। सोमवार सुबह उसे फांसी पर लटका देख मोहल्ले वालों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। सोनू के सीने में दिल और दाहिने हाथ पर सिंघम गुदा हुआ है। बताया जाता है कि वह विदिशा जिले के सिरोंज का रहने वाला है। पुलिस उसके परिजनों का पता लगा रही है।

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के छात्रों ने फहराया परचम

# हिमांशु ने 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर किया नाम रोशन



**संतनगर।** शहीद हेमू कालानी एजूकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षाओं में अपनी अकादमिक उत्कृष्टता का एक बार फिर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर संस्था को गौरवान्वित किया है। मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के छात्र हिमांशु लखवानी ने 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार आदित्य पेसवानी ने 95.8 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। कुनाल ज्ञानचंदानी ने 95 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा, हर्षित साहू ने 94.8 प्राप्त कर चौथा, वैभव लखानी ने 94.6 अंक प्राप्त कर पांचवां एवं मोहित डे ने 94.6 प्रतिशत अंक हासिल कर छंठवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय परिवार का गौरव बढ़ाया।

# 10वीं में नैना 97.4, 12वीं में अपूर्वा ने 96.2 प्रतिशत अंक लाकर किया टॉप

### सीबीएसई टॉपर विद्यार्थी को पटवा ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपना रिजल्ट घोषित कर दिया है, जिसमें विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। 10वीं में नैना महेश्वरी ने 97.4 प्रतिशत और 12वीं में अपूर्वा सक्सेना ने 96.2 प्रतिशत अंक लाकर नाम रोशन किया है। भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल, विद्यालय प्राचार्य साउल जार्ज व स्वाती रहतेकर ने कहा कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों ने इस वर्ष सर्वोच्च सफलता प्राप्त की है, सभी को बहुत-बहुत बधाई।

#### 10वीं के टॉपर्स

नैना महेश्वरी 97.4, दीक्षांत पटेल 96.2, ऋषभ राय 95.4, देवांग सिंह 93.6, पुष्पा परमार 93.2, वैदिक दीक्षित 93.2, अभी यादव 91.4, नेवी नगर 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।



#### 12वीं के टॉपर्स

अपूर्व सक्सेना 96.2 , सानिया सेल अहमद 95.6, सोफिया नूरनहा 93, प्रज्ञा राय 92.2, दर्श शर्मा 91.6, खुशी मैथिल 91, काजल सिंह 90.2 , महक ठाकुर 89.6, कार्तिक गुप्ता को 89.4 प्रतिशत अंक मिले।



### पारस पब्लिक स्कूल के आर्यन ने 91.8 प्रतिशत अंक लाकर किया टॉप



**बैरसिया।** सीबीएसी बोर्ड परिक्षा में पारस पब्लिक स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र आर्यन साहू ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आर्यन के पिता राकेश साहू माता रिंकी साहू के साथ शुभचिंतकों ने बधाई और उज्वल भविष्य की कामनाएं की है। वहीं बैरसिया विधायक विष्णु खत्री, पूर्व विधायक जोधाराम गुर्जर, पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह राठौड़, जनपद अध्यक्ष कुबेर सिंह गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष तनुश्री कुलदीप सिंह राठौड़, मध्य प्रदेश तैलिक साहू महासभा के अध्यक्ष ताराचंद साहू, मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के महामंत्री रमेश कुमार साहू, मध्य प्रदेश तैलिक साहू महासभा के संयुक्त सचिव वीरेंद्र साहू, बैरसिया साहू समाज अध्यक्ष जितेंद्र साहू डागा सहित अन्य लोगों ने बधाइयां दी है।

# लंबे समय से स्ट्रीट लाइट बंद सड़कों पर पसरा अंधेरा

### लोगों को हादसा, चोरी और लूटपाट का सता रहा भय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में रात के समय सड़कों पर उजाला रखने के लिए लाखों रुपए से लगाई स्ट्रीट लाइट लंबे समय से बंद पड़ी है। इस कारण विभिन्न वार्डों के गली मोहल्लों में रात के समय अंधेरा पसरा रहता है, जिससे सड़कों पर हादसे और लोगों को चोरी व लूटपाट जैसी वारदातों का खतरा सता रहा है। समस्याग्रस्त लोग इसके लिए न केवल नगर पालिका परिषद को ज्ञापन दे चुके हैं, बल्कि सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई गई। बावजूद इसके कार्रवाई के नाम पर अब तक कुछ नहीं हुआ। यहां शाम ढलते ही विभिन्न वार्डों व इलाकों में अंधेरा छा जाता है। क्योंकि इन इलाके में सड़क किनारे लगी लाइट नहीं जलती। कुछ खंबों पर एलईडी बल्ब लगे हुए हैं। जिनसे पर्याप्त रोशनी नहीं होती।



#### जल्द ही ठीक कराई जाएगी

वार्डों की स्ट्रीट लाईटें लगातार जलती है, अगर कहीं कोई समस्या है, तो वहां दिखवाकर रिपेरिंग कराकर जल्द ही ठीक किया जाएगा।

सुधीर उपाध्याय
सीएमओ, नगर पालिका, मंडीदीप

# भीषण गर्मी में बिजली गुल, बिलख रहे बच्चे

**औबेदुल्लागंज।** भीषण गर्मी में बार-बार बिजली कटौती से स्थानीय महिलाएं, छात्र, व्यापारी, चक्की वाले परेशान हैं। बिजली दफ्तर के कंट्रोल रूम का फोन बंद है, जिससे बिजली कटौती की सूचना देने की व्यवस्था भी नहीं है।

पिछले एक हफ्ते से भीषण गर्मी हो रही है और बिजली कभी भी चली जाती है, ऐसे में छोटे-छोटे बच्चे गर्मी के कारण बिलखते रोते रहते हैं। वार्ड 13 अर्जुन नगर, वार्ड 14 एवं वार्ड 5 में बिजली दिन में कई बार आती जाती है। वहीं व्यापार संघ संरक्षक अशोक मित्तल ने बताया कि बिजली दफ्तर का फोन नहीं लगता। सुदामा तिवारी ने बताया कि बिजली गुल होने से लोग बड़े परेशान हैं। बिजली कटौती से अर्जुन नगर की आरती यादव, माखन सेन, रवि शंकर राय, डॉक्टर सुनील गुप्ता ने बताया कि बिजली नहीं रहने से गर्मी में कूलर पंखे भी नहीं चल पा रहे हैं वहीं मच्छरों ने भी परेशान कर रखा है। वहीं स्थानीय व्यापारी भी परेशान हैं, चक्की वालों का कहना है कि लाइन नहीं होने के कारण गेहूं पीसना भी मुश्किल हो गया है। मोटर नहीं चल पाने के कारण कई लोगों को पानी के लिए भी यहां-वहां भटकना पड़ रहा है।

कहा- पटवा हमारे सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं

# ग्रामीण क्षेत्र में अच्छा मतदान होने पर भाजपा मीडिया प्रभारी कोठारी ने किया कार्यकर्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ग्रामीण क्षेत्र में अच्छा मतदान होने पर मंगलवार को तारानगर में भाजपा मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी ने समस्त कार्यकर्ताओं का सम्मान कर जलपान कराया। इस दौरान पकंज कोठारी ने कहा कि पूर्व मंत्री के आह्वान पर पटवा के लिए भोजपुर क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में भाजपा परिवार के सदस्यों ने चिलचिलाती धूप में भारी मतदान कराया है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता 1985 से पटवा के लिए समर्पित हैं। इसलिए 2008, 2013 और 2018 में पटवा को भारी मतों से जीत मिली थी।

वहीं कन्हैया नंदवंशी, पंकज कोठारी, डॉ. भूपेंद्र नागर, दीपू परमार, हरगोविंद वर्मा, देवेंद्र सिंह राजू, रमेश गौर, माधव यादव, दशरथ गुर्जर, संजय प्रजापति, प्रकाश पटेल, रामकिशोर चौहान, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, संजीव चौहान, एडवोकेट सुभाष नागर, गजेंद्र नागर, रामपाल विनोद चौहान, नेमीचंद, दयाराम, कांता पटेल, भूपेंद्र नंदवंशी, लोकेश परमार, जीतू नंदवंशी, तेज सिंह नागर, रामकिशोर नंदवंशी, आरती यादव, माया राय, प्रियंका गुप्ता आदि ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 में खिल्लीखेड़ा में 81, साजड़ी में 92, इकलामा में 85, आमछा में 85, सिंगलदीप में 85, बिलखेड़ी में 90, अमोदा में 80, तामोट में 78, मंडकसिया में 75, ददीवाटिया में 80 प्रतिशत मतदान हुआ है।

### कार्यकर्ताओं को कराया जलपान



ग्रामीण क्षेत्र में अच्छा मतदान होने पर मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी ने सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान कर जलपान कराया। ग्रामीण भाजपा के कार्यकर्ताओं में बस एक ही बात का दुख है कि दो पदाधिकारी तो हिलते-डुलते तक नहीं हैं और ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को तवज्जों भी नहीं देते हैं। ऐसे दोनों नेता की हंसी उड़ाई जा रही है। मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी ने विधायक सुरेंद्र पटवा की प्रशंसा करते हुए कहा कि पटवा जी सबका सम्मान करते हैं, सब की पूछ परख करते हैं और सबके साथ सुख-दुख में खड़े रहते हैं।

नगर में चल रहे एमपीएल सीजन-3 की मची धूम

# पहले मैच में मंडीदीप टस्कर ने मंडीदीप बुल्स को 43 रनों के अंतर से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में चल रहे एमपीएल सीजन - 3 के तीसरे दिन मंगलवार को पहला मैच मंडीदीप टस्कर व मंडीदीप बुल्स के बीच खेला गया। आयोजक निसार उल्ला ने बताया कि टस्कर ने टॉस जीतकर बुल्स को फिल्डिंग करने के लिए आमंत्रित किया।

टस्कर ने पहले खेलते हुए निर्धारित 15 ओवर में 9 विकेट खोकर 103 रन बनाए, जिसमें मोहित लौवंशी ने 45 बॉल पर 48 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बुल्स की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 10 विकेट खोकर 69 रन ही बना पाई। इस प्रकार टस्कर ने 43 रन से मैच को जीत लिया। मैन ऑफ द मैच अनीश यादव को मिला।




दूसरा मैच जो कि लायन्स और जैगुआर के बीच खेला गया। जैगुआर ने टॉस जीतकर लायन्स को फिल्डिग के लिए आमंत्रित किया। जैगुआर ने बैटिग करते हुए निर्धारित 14.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 86 रन बनाए, जिसमें राज वर्मा ने 39 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लायन्स की टीम ने निर्धारित 11 ओवर में 4 विकेट खोकर 91 रन बनाए, जिसमें आयुष ठाकुर ने 25 बॉल पर 47 रन का योगदान दिया। लायन्स टीम ने 7 विकेट से मैच को जीत लिया। मैन ऑफ द मैच आयुष ठाकुर को मिला।

# गुफा मंदिर में हुआ विशेष आयोजन, भगवान भोलेनाथ का गंगा जल से अभिषेक व पूजा-अर्चना कर गंगा स्त्रोत का पाठ किया

## लक्ष्मीनारायण और रवि योग में मनाई गई गंगा सप्तमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वैशाख शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि के दिन श्री गंगा सप्तमी एवं भगवान चित्रगुप्त जन्मोत्सव मनाया गया। इस वर्ष श्री गंगा सप्तमी एवं भगवान चित्रगुप्त जयंती मंगलवार को पुष्य नक्षत्र के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग एवं रवि योग के सुयोग में मनाई गई। श्री रामानंद आश्रम गुफा मंदिर में विशेष आयोजन किया गया। इस मौके पर आश्रम के महंत रामप्रवेश दास महाराज के सानिध्य में ब्राह्मणों ने मां गंगा की पूजा की और भोलेनाथ (गुफेश्वर महादेव) का गंगा जल से अभिषेक किया।

पूजा-अर्चना कार्यक्रम में श्यामवीर शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, विवेक शर्मा, लेखराज शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। शास्त्रों के अनुसार वैशाख शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मां गंगा स्वर्ग लोक से शिव की जटाओं में पहुंची थीं। इसलिए इस दिन को गंगा सप्तमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन गंगा स्नान, गंगा और सूर्य पूजन, गंगा जी की स्तुति और गंगा स्त्रोत का पाठ, अन्न, धन, फल और वस्त्र दान करने का विधान है। इस अवसर पर दिनभर दर्शन-पूजन का आयोजन किया गया।

### महर्षि जह्नु ने गुस्से में आकर अपने तप के बल से गंगा को पी लिया था



### दोबारा प्रकट हुई गंगा

मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि महर्षि जह्नु जब तपस्या कर रहे थे। तब गंगा नदी के पानी की आवाज से बार-बार उनका ध्यान भटक रहा था। इसलिए उन्होंने गुस्से में आकर अपने तप के बल से गंगा को पी लिया था, लेकिन बाद में अपने दाएं कान से गंगा को पृथ्वी पर छोड़ दिया था। इसलिए ये गंगा के प्राकट्य का दिन भी माना जाता है।

### गंगा पूजन के साथ दिया जल स्वच्छता संरक्षण का संदेश

**भोपाल।** गंगा सप्तमी पर अखिल विश्व गायत्री परिवार के परिजनों ने सुबह जलाशयों के तटों पर स्वच्छता का संदेश दिया। शाम को गायत्री शक्ति पीठ परिसर में मां गंगा का पूजन वरिष्ठ कार्यकर्ता संस्थापक सदस्य डॉ. शंकर लाल पाटीदार, भोपाल जिला प्रभारी अशोक सक्सेना, गृह गृह यज्ञ प्रदेश संयोजक रमेश नागर, विजय गुप्ता, आरपी गुप्ता द्वारा किया गया। जल है तो कल है टॉपिक पर डॉ. दयानंद समेले ने जल संरक्षण और जल स्रोतों को साफ रखने का संकल्प दिलाया। युवा प्रकोष्ठ की पूरी टीम अनमोल पाठक के नेतृत्व में एवं शक्ति पीठ के सभी कार्यकर्ता, भाई, बहनों दर्शनार्थियों की सहभागिता से कार्यक्रम को भव्य बनाया। सभी उपस्थित सदस्यों ने जल बचाव आभियान को सफल बनाने और जन जन को प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन मां गंगा की भव्य आरती से किया गया।

## भगवान चित्रगुप्त के बगैर मानव का उद्धार संभव नहीं

### नेवरी व साकेत नगर सहित विभिन्न मंदिरों में मनाया भगवान चित्रगुप्त का प्राकट्य उत्सव



**भोपाल।** राजधानी में सभी भगवान चित्रगुप्त का प्राकट्य उत्सव मनाया गया। इस शुभ अवसर राजधानी के सभी चित्रगुप्त मंदिरों में चित्रगुप्त भगवान का अभिषेक कर नए वस्त्र धारण कराकर पूजन, आरती एवं प्रसाद हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्राचीन नेवरी मंदिर पहुंचे और भगवान चित्रगुप्त के दर्शन, पूजन किया। उनके साथ मंत्री विश्वास सारंग भी थे। तो वहीं साकेत नगर पंचवटी के पास शिव मंदिर में चित्रगुप्त भगवान का शाम 5 बजे से वैदिक मंत्रों से पूजन,अभिषेक एवं महाआरती की गई।

### भगवान चित्रगुप्त प्रत्येक मनुष्य के सभी अच्छे बुरे कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं : सीएम

इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि जीवन का लेखा-जोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त के बगैर मानव का उद्धार संभव नहीं है। भगवान चित्रगुप्त प्रत्येक मनुष्य के सभी के अच्छे बुरे कर्मों का लेखा जोखा रखते हैं, जिससे स्वर्ग और नर्क का मार्ग तय होता है। उन्होंने कहा कि भगवान चित्रगुप्त के बिना उद्धार का संभव नहीं है। नास्तिक भले इस बात को न माने परंतु हिंदू धर्म में जन्म से मृत्यु तक की यात्रा में पाप-पुण्य सभी कर्मों के हिसाब से ही मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ती होती है। उन्होंने मंदिर में विराजमान प्रतिमा के बारे में जानकारी भी ली।



## खबर संक्षेप

### बीएड, एमएड परीक्षा आवेदन की तिथि बढ़ी

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में अध्यनरत बैचलर ऑफ एजूकेशन (बीएड) के विद्यार्थियों के लिए संशोधित अधिसूचना जारी की गई है। बीएड चतुर्थ सेमेस्टर (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम)/ एमएड चतुर्थ सेमेस्टर (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम)/ बीएड चतुर्थ एवं एमएड चतुर्थ सेमेस्टर दिग्दिर्शिका शिक्षा संस्थान तथा बीएड चतुर्थ सेमेस्टर राजीव गांधी महाविद्यालय भोपाल के परीक्षा आवेदन पत्र सत्र 2023-24 नियमित /एटीकेटी /पूर्व छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन सामान्य शुल्क के साथ 14 के बजाय 20 मई तक, विलंब शुल्क 300 रुपए के साथ 24 मई तक जमा कर सकेंगे।
विशेष लेट फीस 1000 रुपए के साथ 25 मई से परीक्षा शुरू होने के 3 दिन पहले तक जमा किए जा सकेंगे।

### अनुष्का का कमाल, 12वीं में पाए 91 प्रतिशत अंक

**भोपाल।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रं.1 की छात्रा अनुष्का सिंह ने बीते रोज घोषित हुए



सीबीएसई के 12वीं कक्षा के परिणामों में कमाल दिखाया है। अनुष्का ने 91 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इसके साथ ही अनुष्का के सभी विषयों में 90 से अधिक नंबर हैं। सरोज और प्रविंद सिंह की पुत्री अनुष्का ने गणित विषय को छोड़कर सभी विषयों में ए1 ग्रेड प्राप्त किया है।

### इंडिगो की मुंबई ईवनिंग मॉर्निंग दोनों उड़ानें लेट

**संतनगर।** मौसम की ख़राबी के चलते मंगलवार को भी इंडिगो एयरवेज़ की मॉर्निंग और ईवनिंग फ्लाइटक़रीब डेढ़ घंटे देरी से भोपाल पहुंचीं। यह फ्लाइट सुबह 7 बजे आती है और जबकि दूसरी मुंबई फ़्लाइट रात में आती है, लेकिन आज दोनों उड़ानें डेढ़ घंटे देरी से भोपाल पहुंचीं, जिससे यात्री काफी परेशान हुए ।। मालूम हो कि इंडिगो एयरवेज़ की कल सोमवार ईवनिंग मुंबई उड़ान कैंसिल होने से यात्रियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

### अब सार्थक एप से लगानी होगी उपस्थिति

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालकों को आदेश जारी कर कॉलेजों में उपस्थिति सार्थक एप से लगाने को कहा है। इसके लिए कॉलेजों से उनकी जानकारी मांगी गई है। जारी आदेश के अनुसार सभी अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों में सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति लगाई जाना है। इस लिए सभी अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शैक्षणिक संवर्ग की पूरी जानकारी संलग्न प्रपत्र में 15 मई, तक विभाग की आईटी शाखा मेल पर उपलब्ध कराने को कहा है।

## राजधानी में पहली बार 14 पीठों पर लगा श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर

# 1500 श्रमिकों की जांच, 96 डायबिटीज 88 श्रमिक हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहली बार श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच के लिए शहर के 14 पीठों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। शिविर में पहले दिन 1518 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 96 श्रमिकों को डायबिटीज और 88 श्रमिक हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित मिले है। इन श्रमिकों का पंजीयन कर नियमित फॉलोअप नजदीकी स्वास्थ्य संस्थाओं में किया जाएगा। शिविरों में 98 आभा आईडी और 39 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। वहीं 104 लोगों को वयस्क बीसीजी का टीका लगाया गया है। श्रमिकों की सुविधा के लिए यह शिविर प्रतिदिन सुबह सात बजे से 18 मई तक आयोजित किए जाएंगे।




### आभा आईडी के साथ बना रहे आयुष्मान कार्ड

शहर के 14 पीठों पर श्रमिकों के लिए 18 मई तक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ आभा आईडी एवं पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है। पहले दिन शिविर में 15 सौ श्रमिकों की जांच गई। जिसमें 96 श्रमिक डायबिटीज और 88 हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित मिले हैं। वहीं चार श्रमिक मोतियाबिंद से मिले है।

**डॉ. प्रभाकर तिवारी**, सीएमएचओ



### मोतियाबिंद के मिले चार श्रमिक

पीठों पर लगाए गए शिविरों में नेत्र रोगों की जांच ( हाइपरटेंसिव एवं डायबिटिक रेटिनोपैथी), मोतियाबिंद की जांच भी की जा रही है। इसके लिए शिविर स्थल पर मोबाइल वैन की व्यवस्था की गई है। शिविर में 74 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया है। इनमें से चार लोगों में मोतियाबिंद पाया गया है। 50 मरीजों को निःशुल्क चश्मे भी दिए गए हैं।

## हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था मामला

# कुत्ते के काटने पर उसकी शिनाख्त पर आयोग ने ननि से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**खबर का असर**

शहर में आये दिन शहरवासियों पर हो रहे कुत्ते के हमले के बाद नगर निगम द्वारा तर्क दिया गया जा रहा है कि जिस कुत्ते ने काटा है, पहले उसकी शिनाखत कराना जरूरी, उसके बाद ही पकड़ने आएगा अमला। मामला हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने आयोग ने नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जन सुरक्षा हेतु की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

### चूनाभट्टी और जिंसी क्षेत्र के बैंक कॉलोनी में दो बच्चों पर हमला कर कुत्तों ने काटा

भोपाल जिले के चूनाभट्टी क्षेत्र की दीपक कॉलोनी एवं जिंसी क्षेत्र के बैंक कॉलोनी में एक चार और सात साल के बच्चे पर कुत्ते के हमले करने की घटना सामने आई है। इसके साथ ही भोपाल शहर के कोलार क्षेत्र में स्थित वार्ड 80 और 82 में आने वाली कॉलोनी में कुत्तों के आंतक से रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनिवासियों का कहना है कॉलोनी के पास मांस की दुकानें एवं होटल रेस्टोरेंट खुले होने के कारण कुत्तों को बचा हुआ मांस और खाना दिया जाता है। इस कारण कुत्ते पूरे कॉलोनी में घूमते रहते हैं और आवाजाही करने वालों पर हमला और झूमा-झमटी करते हैं। दोनों मामलों में संज्ञान लेकर आयोग ने संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं।

### इन मामलों में दिए जांच के निर्देश

आयोग ने हमीदिया अस्पताल के रैन बसेरे में रहने वाले मरीज एवं उनके परिजन को रात के समय सुलभ शौचालय के बंद होने के कारण कई तरह की परेशानी का सामना करने। खजूरी वार्ड कार्यालय तुलसी परसिर के पास बीते दिनों से सीवेज की लाइन फूटी होने कोलार क्षेत्र में स्थित दानिशकुंज ए-सेक्टर में डीपी होने से हादसे की आशंका, कोलार क्षेत्र के सर्वधर्म पुल पर सीवेज का गंदा पानी बहने, साईनाथ कॉलोनी में रहने वाले एक बुजुर्ग की सड़क हादसे के बाद संदिग्ध हालात में मृत्यु होने। नागरिक आपूर्ति निगम में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को उनके वेतन नहीं मिलने और अरेरा कॉलोनी के गेट नंबर-04 की सड़क पर गेट बंद करके ताला लगने के मामले में संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं।

## नाले में कचरा व भवन निर्माण सामग्री डालने वालों से वसूले 25 हजार रुपए

कुल 166 प्रकरणों में 79 हजार 300 रुपए वसूले स्पॉट फाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम द्वारा साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों व प्रदूषण फैलाने वालों के विरुद्ध स्पॉट फाइन की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य मे मंगलवार को निगम के जोन 8 के अमले ने चूना भट्टी क्षेत्र में नाले में कचरा एवं भवन निर्माण सामग्री डालने वाले ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 20 हजार रुपए का स्पॉट फाइन वसूल किया। साथ ही डोमिनोज द्वारा कचरा अलग-अलग न करने पर भी 5 हजार रुपए वसूल किया एवं अन्य प्रकरणों में भी 5,700 रुपए वसूल किया। जोन क्र. 8 के अमले ने 9 प्रकरणों में 30,700 रुपए की राशि वसूल की।

### जोन 12 के अमले ने कुत्ता मालिक से 500 रुपए का स्पॉट फाइन वसूला

*निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन द्वारा सुबह भ्रमण के दौरान दिए गए निर्देशों के परिपालन में जोन क्र. 12 के अमले ने कुत्ता मालिक से 500 रुपए का स्पॉट फाइन किया। इसके अतिरिक्त शहर के अन्य क्षेत्रों में गंदगी फैलाने, सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सीएंडडी वेस्ट फैलाने, प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग करने, गीला-सूखा सहित अन्य प्रकार का कचरा अलग अलग न रखने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए नगर निगम अमले ने कुल 166 प्रकरणों में 79 हजार 300 रुपए की राशि वसूल की।*

## दूसरे दिन भी नहीं सुधरी व्यवस्था

# एक ही कैमरे से लाइसेंस के लिए खींची जा रही थी फोटो

**भोपाल।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय कोकता (आरटीओ) में लाइसेंस के लिए फोटो खींचने की व्यवस्था में सुधार देखने को नहीं मिला। यहां दूसरे दिन मंगलवार को भी लाइसेंस के लिए एक ही काउंटर व कैमरे से फोटो खींची जा रही थी, जबकि प्रभारी आरटीओ रितेश तिवारी ने कहा था कि हम व्यवस्था में सुधार कर दो काउंटर यानी दो कैमरों को चालू करेंगे, जिससे आवेदकों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। हालाकि मंगलवार को आवेदकों की संख्या भी कम रही, लेकिन एक कैमरे से फोटो खींचने के चलते आवेदकों का घंटों लाइन में लगने के बाद नंबर आ सका।

## 151 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या रवाना



**भोपाल।** अयोध्या में भगवान रामलला के दर्शन के लिए 151 श्रद्धालुओ का जत्था 4 बसों से गणेश मंदिर टीला रामपुरा से मंत्रोंचारों के बीच रवाना हुआ। इस मौके पर जीनगर समाज के संरक्षक भगवान दास ढालिया ने बताया 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद राम मंदिर निर्माण से श्रद्धालु गण हर्षित हैं और पांच दिवसीय इस यात्रा में श्रद्धालुओं को अयोध्या के रामलला के दर्शन के साथ ही काशी और प्रयागराज जैसे तीर्थ स्थलों का भ्रमण भी यात्रा समिति द्वारा कराया जाएगा।

## आबकारी अमले ने की कार्रवाई

# शराब तस्कर से विहस्की की 12 पेटियां की जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आबकारी अमले ने मंगलवार को एक आदतन तस्कर को उसके घर से 12 पेटी अवैध शराब के साथ पकड़ा है। इसकी कीमत करीब 75 हजार रुपए हैं। उस पर पहले भी शराब तस्करी के कई मामले दर्ज होने के कारण उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचुरा ने बताया कि टीम ने सुभाष नगर स्थित आचार्य नरेंद्र देव नगर झुग्गी बस्ती में दबिश दी। इस दौरान शराब तस्करों की सूची में शामिल संतोष यादव उर्फ बब्लू



यादव को उसके घर से 12 पेटी गोवा विहस्की जब्त की गई। उसे भी मौके से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। आरोपी संतोष और उसकी मां हेमवती बाई के खिलाफ पहले भी शराब तस्करी, संग्रहण और बिक्री के प्रकरण दर्ज किए गए थे।

## विद्यार्थी और उनके अभिभावक निजी स्कूलों की मनमानी से परेशान

# दूसरे चरण की लॉटरी अटकी, पहले चरण में आवंटित सीटों पर प्रवेश के लिए निजी स्कूल कर रहे आनाकानी

शिक्षा का अधिकार अधिनियम में जारी सीटें कागजों में उलझीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत प्रवेश की प्रक्रिया इस बार कागजों में उलझती नजर आ रही है। जहां एक ओर पहली लॉटरी में आवंटित सीटों पर प्रवेश के लिए कई निजी स्कूल आनाकानी कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर रिक्त सीटों को लेकर निकाली जाने वाली द्वितीय लॉटरी की प्रक्रिया अटक गई है। बताया जा रहा है कि द्वितीय लॉटरी का मामला कोर्ट पहुंच गया है, जिसके निराकरण के बाद ही द्वितीय लॉटरी निकाली जा सकेगी। ऐसे में पहली लॉटरी में सीट पाने वाले कई विद्यार्थी और उनके अभिभावक निजी स्कूलों की मनमानी से परेशान हैं और कुछ विद्यार्थी व अभिभावक अब सीट मिलने की आस में दूसरी लॉटरी का इंतजार कर रहे हैं।

### 1.12 लाख सीटें आवंटित हुई हैं

*इस साल निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रदेश भर के 23 हजार निजी स्कूलों में 1.12 लाख सीटों के लिए 84 हजार 795 बच्चों को लॉटरी निकालकर उन्हें स्कूल आवंटित किया गया, लेकिन इसमें से कई निजी स्कूल बच्चों को प्रवेश देने से इंकार कर रहे हैं। हाल ही में आर्मी पब्लिक स्कूल, सागर पब्लिक स्कूल, सेंट फ्रांसिस स्कूल सहित अन्य तीन स्कूलों का मामला सामने आया है। इन स्कूलों में आरटीई के तहत आवंटित आवेदकों ने इसकी शिकायत जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) से की है, जिसके बाद जिला प्रशासन द्वारा इन स्कूलों को नोटिस जारी किया गया है।*

### पहले चरण में 12 हजार बच्चों ने छोड़ी सीट

*जानकारी के अनुसार, पहले चरण में से 12 हजार बच्चों ने पहली पसंद का स्कूल नहीं मिलने से प्रवेश नहीं लिया। इन्हें दूसरे चरण के लाटरी प्रक्रिया में शामिल होना था, लेकिन हाईकोर्ट में प्रकरण चलने के कारण राज्य शिक्षा केंद्र ने दूसरे चरण की लाटरी नहीं निकाली। अब दूसरे चरण के लिए आवेदक इंतजार में हैं।*

### यह है पूरा मामला

*आरटीई के तहत दो श्रेणी के निजी स्कूल हो गए हैं। एक आरटीई के तहत ज्यादा से ज्यादा एडमिशन देना चाहता है, जबकि दूसरी श्रेणी कम से कम बच्चों के प्रवेश करता है। इसे देखते हुए इस बार राज्य शिक्षा केंद्र ने आरटीई के तहत स्कूलों में प्रवेश विद्यार्थियों की वास्तविक दर्ज संख्या के आधार पर करने के दिशा-निर्देश जारी किए। इसके तहत जिन प्राइवेट स्कूलों में विद्यार्थियों की वास्तविक दर्ज संख्या होगी। उसके आधार पर 25 फीसद सीटों पर प्रवेश दिए गए। दर्ज विद्यार्थियों की संख्या स्कूलों द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज की गई संख्या के आधार पर ली गई। इससे स्कूलों की सीटें कम या ज्यादा दिखाने का खेल समाप्त हो गया है। इससे सीबीएसई स्कूलों में आरटीई की सीटें ज्यादा हो गई हैं। सीबीएसई स्कूल इसका का विरोध कर रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### एयरटेल और गूगल क्लाउड ने किया करार

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल और गूगल क्लाउड ने भारतीय कारोबारियों को क्लाउड सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए दीर्घकालिक सहयोग करार किया है। इस करार के तहत एयरटेल के ग्राहकों के लिए फास्ट-ट्रैक क्लाउड अपनाने और आधुनिकीकरण के लिए गूगल क्लाउड के अत्याधुनिक क्लाउड सॉल्यूशंस का एक सूट पेश किया जाएगा। एयरटेल के ग्राहकों में 2,000 से ज्यादा बड़े उद्यम और दस लाख उभरते व्यवसायी शामिल हैं। इस करार के तहत दोनों कंपनियां बड़े और विकासित होते भारतीय पब्लिक क्लाउड सर्विस बाजार को टारगेट कर रही हैं।

### निसान और स्माइल ने बदला 290 बच्चों का जीवन

**नई दिल्ली ।** निसान मोटर इंडिया ने स्माइल ट्रेन इंडिया के साथ अपनी सफल कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) साझेदारी का जश्न मनाया है। इसके तहत बच्चों और उनके परिवारों के साथ नई दिल्ली के संत परमानंद अस्पताल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक सौरभ वत्स, स्माइल ट्रेन इंडिया के प्रतिनिधियों और प्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन डॉ. एससी सूद ने भाग लिया।

### अमेजन ने प्रोपेल के चौथे सीजन की घोषणा की

**बेंगलुरु ।** अमेजन इंडिया ने प्रोपेल के चौथे सीजन के लांचकी घोषणा की, जो कंस्यूमर प्रोडक्ट खंड में स्टार्टअप के लिए एक ग्लोबल बिज़नेस एक्सेलरेटर जैसा है। यह अपनी तरह का अनूठा कार्यक्रम है जिसे उभरते भारतीय ब्रांडों और स्टार्टअप को ईकॉमर्स एक्सपोर्ट्स के ज़रिए दुनिया भर के ग्राहकों तक पहुंचने के लिए समर्पित रूप से सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। प्रोपेल एस4 अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में लॉन्च होने वाले 50 स्टार्टअप तक का समर्थन करेगा और भारत से ग्लोबल ब्रांड तैयार करेगा।

### मसालों में कीटनाशक ! पर बोले व्यापारी और व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी

# अब मसालों में कीटनाशकों की मौजूदगी से बढ़ा जान को खतरा



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सहित देशभर में पैकेटबंद मसालों का कारोबार करीब 80 हजार करोड़ का है। क्योंकि यह एक ऐसा आइटम है जो हर घर रसोई में इस्तेमाल होता है। लेकिन मसाले में कीटनाशक का प्रयोग होने की खबरे और हांगकांग और सिंगापुर सहित अन्य देशों के द्वारा कुछ भारतीय मसालों के पैकेट पर बैन लगा दिए जाने के बाद लोगों में हो, हल्ला शुरू हो गया है और पैकेट बंद मसालों से किनारा कराना शुरू कर दिए है। जिसके इस उद्योग की साख संकट में है। इतना ही नहीं हांगकांग और सिंगापुर द्वाराभारतीय मसालों के पैकेट को न सिर्फ रैक से हटवा दिया, बल्कि उसके कंसाइनमेंट भी वापस कर दिए जाने के बाद ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रिब्यूटर्स फेडरेशन मैदान में कूंद गया है और डिस्ट्रिब्यूटरों से कहा है कि वे पैकेटबंद मसालों की अधिक स्टॉक न करें। हो सकता है कि स्टॉक के चक्कर में निवेश डूब जाए। फेडरेशन ने यहां तक कहाकि कुछ मसाला ब्रैंड्स में नुकसानदेह केमिकल हो सकते हैं, जिनसे कैंसर का खतरा होता है। काफी संभावना है कि ये ब्रैंड एफएसएसएआई के राडार पर आ जाएंगे और लोगों की सेहत की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। ज्ञात हो कि कीटनाशक दवाओं का उपयोग खाद्य उत्पादों, औषधियों, फसलों एवं मसालों आदि को संरक्षित करने तथा उसमें रंग, गंध एवं स्वाद को बरकरार रखने के लिए इस्तेमाल में लाया जाता है। लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए मिलाए जाने वाले कीटनाशकों से शुद्धता प्रभावित होती है।

#### कीटनाशक घातक बीमारी का घर है, कार्वाई हो

पैकेट बंद खाद्य और पेय सामग्री में केमिकल्स और कीटनाशक का उपयोग किया ही जाता है अतः अशुद्ध उक्त खाद्य



सामग्री बीमारी का घर होती है। मसालों की एक्सपायरी डेट ज्यादा से ज्यादा महीने भर की होनी चाहिए और खाद्य विभाग के जांच के बिना बाजार में विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए। कीटनाशक घातक बीमारी का घर है अतः सरकार इस मामले को गंभीरता से ले।

**तेजकुलपाल सिंह पाली**
अध्यक्ष, भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज

#### कीटनाशक उपयोग करते है जहर का काम

कीटनाशक एवं रासायनिक पदार्थ का उपयोग एक तरह से जहर का काम करते हैं। इससे कीट खत्म तो होते हैं पर मनुष्य के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण के लिए



भी हानिकारक है। इनके कारण मधुमक्खी और परागण में गिरावट तथा भू-जल में प्रदूषण भी होता है। ऐसे मिलावटी खाद्य पदार्थों का उपयोग करने से मानव शरीर में लिवर किडनी फेफड़े और आंतो के लिए नुकसान पहुंचता है।

**आरजी द्विवेदी**
चेयरमैन, इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट भोपाल

#### दुर्भाग्य, हमारे देश में जांच प्रणाली लचर

दुर्भाग्य हमारे देश में जांच प्रणाली लचर है। सरकार, शासन ने जो सामग्री हानिकारक है उन पर रोक लगाए है। खाद्य एवं सुरक्षा



विभाग ने ऐसी सामग्री को कैसे अनुमति दी जिसमें कीटनाशक है। इसका इस्तेमाल करना सेहत, स्वस्थ के साथ खिलवाड़ है, आपराधिक प्रकरण दर्ज होना चाहिए। अत इनकी निरंतर औचक निरीक्षण एवं जांच होना जरूरी है और फिर कड़ी सजा का प्रावधान किया जाना चाहिए और उसके इस्तेमाल पर रोक लगनी चाहिए।

**सुनील जैन 501**
चेयरमैन, मध्यप्रदेश एफएमसीजी

#### गुणवत्ता करती है देश की विकासधारा को प्रभावित

अशुद्ध पेय एवं खाद्य सामग्री बीमारी का घर होती है बीमार व्यक्ति के परिवार का बजट प्रभावित करती है। तथा पीड़ित व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक रूप



से कमजोर करती है। अनाज को संरक्षण के लिए बींडा बनाया जाता था। इस तकनीक से तीन साल तक अनाज तरोताजा रहता था। सरकार सार्वजनिक रूप से जानता को खाद्य सामग्री के प्राकृतिक रूप से संरक्षण का प्रशिक्षण दे।

**अजय सिंह**
अध्यक्ष, मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स

#### निर्माताओं पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए

मसालों में कीटनाशक मिलाना उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी,



विश्वासघात है। उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। ऐसे सभी प्रोडक्ट्स पर रोक लगानी चाहिए। इनके निर्माताओं पर कड़ी कार्यवाही भी आवश्यक है।

**राजेश जैन**
प्रांत मंत्री, विहिप बजरंगदल

#### कोई भी बैच तभी निकले जब जांच हो जाए

खाद्य एवं औषधि विभाग समय- समय पर मसलों की उचित जांच करे और



यह व्यवस्था बनाए। कोई भी बैच फैक्ट्री से तभी निकले जब उसकी प्रयोगशाला में जांच हो जाये, क्योंकि लोगों के स्वास्थ्य का मामला है ताकि किसी भी मसाले में कीटनाशक की मात्रा ना मिले।

**सीए वैभव जैन**

#### प्रोडक्ट की छवि भी खराब

आजकल मसाले अथवा अन्य खाद्य सामग्री को प्रिजर्व रखने के लिए एयर टाइट पैकिंग की जा



रही है जिसमें माल की एक्सपेयरी डेट बढ़ाने के लिए कई तरह के केमिकल मिला रही है। मार्केट में माल खपाने में समय लगता है इसलिए खाद्य सामग्री को प्रिजर्व करना भी आवश्यक हो गया है। बाजार में सस्ते अमानक केमिकल मिला देते हैं जिसके कारण मनुष्य के जीवन से खिलवाड़ करना है और खुद अपने प्रोडक्ट की छवि भी खराब होती है, विदेश में नाम भी खराब होता है।

**ठाकुरलाल राजपूत**
अध्यक्ष, भोपाल ट्रांसपोर्ट कंपनी एसोसिएशन

#### व्यक्ति में कैंसर या अन्य बीमारियां होने की संभावना

मेरे विचार में कोई भी खाद्य पदार्थ अगर लंबे समय तक रखना है तो उसमें कुछ ना कुछ



केमिकल या कीटनाशक कंपनी को मिलाना ही पड़ेगा, इससे शुद्धता तो प्रभावित होती है या नहीं यह जानकार ही बता सकते हैं, लेकिन उन कीटनाशक या केमिकल के सेवन से उपयोग करने वाले व्यक्ति में कैंसर या इस प्रकार की अन्य बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती।

**मृदुल आर्य**, एडवोकेट

#### खाने पीने की वस्तुओं को सुरक्षित रखे

जिस देश में जिस कंडीशन में माल की



डिमांड हो हमे उनकी कंडीशनों का पालन करना ही चाहिए और कीटनाशक से तो हमे दूर होना ही होगा, हमे हमारी पूर्वजों ऋषि मुनियों की शैली में ही खाने पीने की वस्तुओं को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के तरीके स्तमाल करना चाहिए।

**सुनील पंजाबी**
अध्यक्ष किराना व्यापारी महासंघ

#### मसालों के अलावा भी अन्य चीजों में कीटनाशक का इस्तेमाल

ज्यादातर मसालों की बिक्री एवं उत्पादन पर भारतीय कंपनियां जैसे एमडीएस , एवेरेस्ट



और अब पतंजलि का एकाधिकार है, जो कि विदेशी कंपनियों को गले नहीं उतर रहा है और इनकी नेटवर्थ को प्रभावित करता है। रही बात मसालों में मिलावट और कीटनाशक दवाओं के इस्तेमान का, तो सरकार समय-समय पर इसके रोकथाम के लिए उचित कदम उठाती रहती है।

**हरीश चोईथानी**
महासचिव, दस नंबर मार्केट व्यापारी संघ

### पिछले हफ्ते कंपनी को प्रस्ताव भेजा

## हल्दीराम पर ब्लैकस्टोन सहित इन दिग्गज कंपनियों की नजर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सबसे चर्चित कंपनियों में से एक हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड में मालिकाना हक खरीदने के लिए दुनिया की दिग्गज कंपनियों की निगाह है। इकोनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया की सबसे बड़ी प्राइवेट इक्विटी फंड ब्लैकस्टोन , अबु धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी और जीआईसी सिंगापुर ने मिलकर हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड में कंट्रोलिंग हिस्सेदारी खरीदने के लिए पिछले हफ्ते कंपनी को प्रस्ताव भेजा था। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड की वैल्यूएशन 8 बिलियन से 8.5 बिलियन डॉलर (66,400 करोड़ रुपये से 70,500 करोड़ रुपये) तक आंकी गई है। मिंट की रिपोर्ट के अनुसार ब्लैकस्टोन और उनके सहयोगियों के अलावा बेन कैपिटल की निगाह भी हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड पर है। बेन कैपिटल ने हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड से कई बार को लेकर बात भी की है।

### प्राकृतिक गैस पसंदीदा ऊर्जा स्रोत बना

## भोपाल में 35 हजार परिवार के पास थिंक गैस पीएनजी कनेक्शन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



परंपरागत तौर पर भोपाल में उद्योग और परिवार अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए कोयला और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) पर निर्भर थे। लेकिन अब लोग एक स्वच्छ ईंधन के तौर पर प्राकृतिक गैस को तेजी से अपना रहे हैं। आज भोपाल में 35,000 से अधिक परिवार थिंक गैस के पीएनजी कनेक्शन का उपयोग कर रहे हैं।

भोपाल में पीएनजी यूजर सपना मिश्रा के मुताबिक पहले एलपीजी सिलेंडरों का उपयोग करती थी, लेकिन हाल ही में गैस लीक होने या सिलेंडर के ठीक से काम नहीं करने से जुड़ी कई दुर्घटनाएं घटीं, जो कि खतरनाक हो सकता है। फिर मैंने थिंक गैस की पीएनजी सुविधा की ओर रुख किया जोकि सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल है। भोपाल के सीएनजी यूजर महेंद्र सक्सेना ने कहाकि मेरा भोपाल में व्यवसाय है और मेरे पास बसों का बेड़ा है जो प्रतिदिन इस शहर से दिल्ली की यात्रा करती हैं। पहले ये डीजल से चलती थीं जोकि बहुत महंगा पड़ता था और काफी रखरखाव की जरूरत पड़ती थी। फिर मैंने इन बसों में सीएनजी की रेट्रोफिटिंग कराई, जिससे मेरी बचत बढ़ गई और यह पर्यावरण के लिए भी अनुकूल है। भोपाल में प्राकृतिक गैस की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियां ढांचागत सुविधाएं और पारितंत्र तैयार कर रही हैं।

भोपाल में थिंक गैस के 37 स्टेशन हैं जिससे इस शहर में प्राकृतिक गैस की उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। गौरतलब है कि घर परिवारों और परिवहन के अलावा भोपाल में उद्योग क्षेत्र में भी यह प्राकृतिक गैस पसंदीदा ऊर्जा स्रोत बना है। प्राकृतिक गैस की बहुपयोगिता से यह विभिन्न उद्योगों के लिए एक आकर्षक विकल्प बना है। विनिर्माण से लेकर बिजली उत्पादन तक में इसका उपयोग बढ़ रहा है। कोयला या तेल के मुकाबले इसका किफायती होना और कम कार्बन उत्सर्जन इसे उन कारोबारियों के लिए एक रणनीतिक विकल्प बनाता है।

## बिजनेस न्यूज

### वीआईटी के संस्थापक एवं चांसलर डॉ.जी. विश्वनाथन को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि



**वेल्लोर।** वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) के संस्थापक और चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन ने हाल ही में यूएसए में बिंघमटन यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह के दौरान स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क (एसयूएनवाई) से मानद डॉक्टर ऑफ लॉ की डिग्री प्राप्त की है। बिंघमटन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष हार्वे स्टेंगर द्वारा डॉ. जी. विश्वनाथन को यह मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. जी. विश्वनाथन को अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा में उनके योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। बिंघमटन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष हार्वे स्टेंगर ने कहाकि चांसलर विश्वनाथन भारत में उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने और दुनिया भर के संस्थानों के साथ साझेदारी करने में अग्रणी रहे हैं। बिंघमटन विश्वविद्यालय के प्रोवोस्ट डोनाल्ड हॉल, डीन प्रो. हरि कृष्णस्वामी, विधानसभा सदस्य डोना ए. लुपार्डो, सीनेट सदस्य सुश्री लीया वेब्ब, वीआईटी के उपाध्यक्ष शंकर विश्वनाथन, डॉ. सेकर विश्वनाथन और डॉ.जी.वी. सेल्वम, सहायक उपाध्यक्ष कदम्बरी एस. विश्वनाथन और वीआईटी के अंतर्राष्ट्रीय संबंध निदेशक डॉ. आर. सीनिवासन भी दीक्षांत समारोह के दौरान उपस्थित थे।

### रेलवे संरक्षा कर्मचारी उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित



**संबलपुर ।** संजय ओराम, टी.एम-चतुर्थ/इंजीनियरिंग, नोरला रोड, देबेंद्र कुमार चौधरी, वरिष्ठ तकनीशियन/सी एंड डब्ल्यू, कांटाबांजी, नबीन कुमार धरुआ, तकनीशियन-प्रथम /सी एंड डब्ल्यू, कांटाबांजी और प्रमोद कुमार शर्मा, सहायक लोको पायलट/ अंबोदला को संरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के प्रति उत्कृष्ट योगदान और संरक्षा नियमों और विनियमों से अच्छी तरह परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया। संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पाण्डेय ने वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) तत्त्वदर्शी साहू, वरिष्ठ मंडल यांत्रिकी अभियंता दीपक परसरामपुरिया, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (परिचालन) बिनायक बेहरा एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी संबीत सौरव नायक की उपस्थिति में उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

### एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय ने भोपाल जेल में कैदियों के लिए लगाया विशेष स्वास्थ्य शिविर



**भोपाल।** न्यायाधिपति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर विवेक अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में रविवार को केन्द्रीय जेल भोपाल में बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष आयुर्वेद स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा परामर्श हेतु मेडिकल कैम्प सह विधिक सहायता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय जेल भोपाल में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र द्वारा दीप प्रज्जवलित कर विशेष आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का शुभांरम किया। इस अवसर पर राजर्षि श्रीवास्तव विशेष जिला न्यायाधीश, आरती शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल, जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल से अन्य न्यायाधीशगण एवं राकेश कुमार भांगरे जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल भोपाल, सपन जैन प्राचार्य एल एन आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय भोपाल शुभारंभ अवसर पर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अमिताभ मिश्र प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा उदबोधन में व्यक्त किया गया है कि जेल में निरुद्ध बंदियों के स्वास्थ्य एवं अन्य विधिक समस्याओ के निराकरण के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल सदैव तत्पर है। जेल में आयोजित विशेष आयुर्वेद स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा परामर्श के लिए मेडिकल कैम्प सह विधिक सहायता शिविर कार्यक्रम का आयोजन रविवार को एल एन आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय भोपाल के चिकित्सा विशेषज्ञ चिकित्सको के द्वारा बंदियो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर में कुल पुरुष बंदी 290 महिला बंदी 25 कुल 315 बंदियो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। एल एन आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय की ओर से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ पंकज निगम, डॉ आशुतोष शुक्ला, डॉ रविकांत गुप्ता, डॉ.पल्लवी घाडगे, डॉ.निशीगंधा कुवडे ने विशेषज्ञता के अनुसार बंदीयों का स्वास्थ परीक्षण किया।

### डॉ. जगप्रीत की फिजियोथेरेपी से मरीजों को मिल रही दर्द से राहत





**भोपाल।** राजधानी के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. जगप्रीत सिंह रोगियों को स्वस्थ जीवन देने के लिए काम कर रहे हैं। डॉ. जगप्रीत के क्लिनिक में फुट केयर क्लिनिक कई वर्षों से संचालित हो रहा है। उन्हें उत्कृष्टता के लिए सम्मानित भी किया गया है। इनके क्लिनिक में, दर्द प्रबंधन को नवीनतम तकनीक के साथ सर्वोत्तम उपचार करते हैं, इसके लिए एक समर्पित विशेषज्ञों की टीम दर्द मुक्त मुस्कान देने का काम करती है। डॉ. ने बताया कि मरीजों के इलाज के लिए हमारा दृष्टिकोण उनकी देखभाल के साथ इलाज करना है। मरीजों की स्थिति के विश्लेषण के आधार पर हम एक अनुरूप उपचार योजना बनाते हैं, जो हमें दर्द-मुक्त जीवन प्राप्त करने में मदद करती है। डॉक्टर जगप्रीत सिंह स्पोर्ट्स थेरेपी में फिजियोथेरेपी में पर स्नातक उनके पास पोडियाट्री में विभिन्न पाठ्यक्रम हैं, वे इंडियन पोडियाट्री एसोसिएशन आजीवन सदस्य भी है। इनके अलावा इनके क्लिनिक में डॉ. कविता मेहर (पीटी) मुख्य फिजियोथेरेपिस्ट हैं। जिनके पास फिजियोथेरेपी पुनर्वास में व्यापक ज्ञान और अनुभव है। वह एक प्रमाणित मैनुअल थेरेपिस्ट और मायो बैलेंस में विशेषज्ञ हैं। उनके विशेष कार्यों में महिलाओं के स्वास्थ्य का उपचार और हृदय पुनर्वास शामिल है। साथ ही डॉ. हिताली शर्मा (पीटी) फिजियोथेरेपिस्ट एक प्रतिबद्ध, देखभाल करने वाले और मिलनसार फिजियोथेरेपिस्ट हैं जिनमें सभी उम्र के लोगों की मदद करने का बड़ा जुनून है साथ ही डॉ. हिमांशु सिटोले (पीटी) सहायक फिजियोथेरपिस्ट के रूप में क्लिनिक में अपनी सेवाएं दे रहे है।

### सीबीएसई दसवीं परीक्षा परिणामों में सागर पब्लिक स्कूल के सागराइट्स आए अव्वल

**भोपाल ।** सीबीएसई दसवीं परीक्षा परिणाम में सागर पब्लिक स्कूल के सागराइट्स ने उत्कृष्ट एवं अव्वल परिणाम दर्ज किए है। सागर पब्लिक स्कूल के साकेत नगर के बलराज सिंह ने 99.2 फीसदी से टॉप किया और 99फीसदी के सागर पब्लिक स्कूल रोहित नगर और साकेत नगर स्कूल के सागराइट्स एस शरदि और गौरांश तुलस्यान और सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर की सव्या अवस्थी 98.8फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर रही। सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर के टॉप 10 में बलराज सिंह, गौरांश तुलस्यान, सव्या अवस्थी, ईशान वर्मा, ऐशन्या एडला, अरवा क़ुरैशी, अनिरुद्ध सिंह ठाकुर, सानवी करम्बेलकर, आर्य विवेक कोहड़, और व्रतिका शर्मा सागराइट्स रहे। सागर पब्लिक स्कूल - गाँधी नगर के टॉप 10 में तनिष्क सिंघल, इशांत सारस्वत, लावण्या भाटिया, देवांश जैन, उचित पाटीदार, उज्जवल सिंह, दिव्यांश जायसवाल, अश्विन वर्मा, विभूति विश्वकर्मा, सागर पब्लिक स्कूल , सागर पब्लिक स्कूल - रोहित नगर के टॉप 10 में एस शरदि, अदिति अरोड़ा, किंजल पांडे, युवल आकाश वर्मा, अद्विका नायक, अपूर्वा झा, सुशांत संतोष शानबाग, उज्जवल सिंह, अवनि समीर साठे, तविषी पांडे सागराइट्स रहे। सागर पब्लिक स्कूल - कटारा एक्स्टेंशन के टॉप 10 में अद्वैत चौधरी, अक्षत मालवीय, अर्ना गुप्ता, मानस आचार्य, आद्या गुप्ता, शनाया गुप्ता, अंशिका सिन्हा, अक्षिता जैन, नमन चौधरी, मोहम्मद आदिल अनिरुद्ध शुक्ला सागराइट्स रहे। सागर पब्लिक स्कूल - रातीबड़ के टॉप 5 में मान्या राठौड़, शीतल वर्मा, पल्लवी अकुंडी, आर्यन वर्मा, दिव्यांश जावरिया सागराइट्स रहे। सागर ग्रुप के चेयरमैन सुधीर कुमार अग्रवाल ने सागराईस को बधाई दी और कहा कि हम उत्कृष्टता में विश्वास करते हैं। उत्कृष्ट परिणामों के लिये मै हर सागराईट, प्रिंसिपल और स्कूल की फैक्लटीज को बधाई देता हूं।

### मध्यांचल यूनिवर्सिटी एवं पटेल ग्रुप ने आयोजित किया सेमिनार





**भोपाल।** मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी एवं पटेल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स ने नेशनल टेक्नोलॉजी डे के उत्सव के तहत एक सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य छात्रों की अविष्कार क्षमता को प्रकट करने में मदद करना था। यहां पर यूनिवर्सिटी के सभी छात्र उपस्थित थे। इस सेमिनार के विशेषज्ञ मोहम्मद अमान, जेसीआई प्रोजेक्ट सॉल्यूशन प्रा.लि. भोपाल के सीईओ थे। मुख्य अतिथि के रूप में एक्सेक्यूटिव डायरेक्टर ईशा पटेल, मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी उपस्थित थीं। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी ने प्रोजेक्ट एक्सपो भी आयोजित किया। छात्रों ने विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट्स तैयार किए, जिन्हें देखते हुए उनकी अद्भुत अविष्कार क्षमता का पता चलता है। यह सेमिनार और प्रोजेक्ट एक्सपो सफल और ज्ञानवर्धक रहा। यहां पर छात्रों को अपने नवाचार और विचारों को साझा करने का अवसर मिला और उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया गया। मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की प्रमुख ईशा पटेल ने बताया कि यूनिवर्सिटी सदैव छात्रों के उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करती है और इस प्रकार के आयोजन उनकी रुचि को बढ़ाते है। इस सेमिनार के आयोजन में भाग लेने वाले सभी छात्रों ने अपने प्रदर्शन से उत्साहित होकर जानकारी और अनुभव को बढ़ाने का मौका पाया। यह आयोजन छात्रों के पुरुस्कार वितरण के साथ समाप्त हुआ यह आयोजन छात्रों के बीच नवाचार के लिए एक परिपूर्ण मंच साबित हुआ।

### भाभा कॉलेज ने आयोजित किया डेंटल चिकित्सा शिविर



**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के भाभा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस द्वारा द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) क्षेत्रीय कार्यालयः पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल में डेंटल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ.नीरज चौहान (प्रोफेसर और एच. ओ. डी.) और डॉ अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में बी. डी. एस. के इंटर्न्स द्वारा वहा उपस्थित कर्मचारियों के दांतो की जांच की गई।साथ ही उनके मौखिक स्वास्थ्य और मिथकों के बारे में जो भी संदेह थे हमारी टीम ने वह दूर किए। एवं हमारी टीम ने सभी कर्मचारियों का ब्लड प्रेशर भी जाँचा ।साथ ही सभी कर्मचारियों को सही टूथपेस्ट एवं टूथब्रश इस्तमाल करने के बारे में भी बताया।सभी लोगों के लिए यह एक बहुत ही सुखद अनुभव रहा।भविष्य में इसी तरह के शिविर लगाने के लिए अनुरोध भी किया गया एवं दांतो के इलाज़ को लेकर उन्हें अवगत कराया गया।

### जवाहरलाल नेहरू हायर सेकंडरी स्कूल की अरणि पाण्डेय ने दसवीं में अर्जित किए 92 प्रतिशत अंक



**भोपाल।** उपनगर भेल क्षेत्र के हबीबगंज,कस्तूरबा अस्पताल के सामने संचालित सीबीएसई स्कूल जवाहरलाल नेहरू हायर सेकंडरी में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्रा और अवधपुरी निवासी, नीरज पाण्डेय की सुपुत्री अरणि पाण्डेय ने सीबीएसई एग्जाम के घोषित हुए रिजल्ट में अरणि पाण्डेय ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर हुई। अरणि पाण्डेय कक्षा एक से ही मेधावी छात्र रही। छात्रा की माता श्रीमती निती पाण्डेय ने बताया कि बेटी लक्ष्य कानून की पढ़ाई करके न्यायपालिका का हिस्सा बनना है।

### मनाक्सिया कोटेड मेटल्स का शुद्ध लाभ 133 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** मनाक्सिया कोटेड मेटल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड दोनों कॉइल एवं स्टील फॉर्म्स में प्री पेंटेड गेलवेनाइज्ड स्टील और प्लेन गेलवेनाइज्ड स्टील में स्पेशलाइजिंग रखने वाली प्रमुख कोटेड मेटल प्रोडक्ट्स निर्माता और निर्यातक ने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 24 के अपने आडिटेड वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट दी है। कंपनी ने वित्त वर्ष 24 की स्टैंडअलोन कुल आय 13.54 फीसदी वार्षिक बढ़कर 745.80 करोड़ हुई, एबिटडा 49.41 फीसदी वार्षिक बढ़कर 56.91 करोड़ रुपए हुआ, एबिटडा मार्जिन 183 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 7.63फीसदी हुई जबकि शुद्ध लाभ 133.08 फीसदी वार्षिक बढ़कर 11.73 करोड़ रुपए हुआ, शुद्ध लाभ मार्जिन 80 बीपीएस वार्षिक बढ़कर 1.57फीसदी हुई, ईपीएस 124.68 फीसदी वार्षिक बढ़कर 1.73 हुई।

### यूवा मास्टर स्ट्रोक प्रतियोगिता का समापन

**भोपाल।** हाउस ऑफ नवनीत एजुकेशन से यूवा स्टेशनरी पूरे भारत के विभिन्न राज्यों में आयोजित 'यूवा मास्टर स्ट्रोक' प्रतियोगिता के सफल समापन हुआ। यूवा के मुख्य रणनीति अधिकारी अभिजीत सान्याल ने कहाकि यूवा मास्टर स्ट्रोक एक विशेष मंच है,जो छात्रों को ड्राइंग के माध्यम से अपनी रचनात्मकता को उजागर करने का अधिकार देता है। दो दशकों की विरासत के साथ, यह वर्ष इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की 20वीं वर्ष गांठ था। 2023 संस्करण में 22 राज्यों के कुल 5251 स्कूलों ने उत्साह पूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें लगभग 13.6 लाख छात्रों ने अपनी कलात्मक प्रकृति और कल्पना का प्रदर्शन किया।

### आईएचसीएल ने की पांचवें होटल की घोषणा, विवांता से किया करार

**मुंबई।** हॉस्पिटेलिटी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) ने इंदौर, मध्यप्रदेश में एक नए होटल के साथ करार की घोषणा की। इस ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट को विवांता नाम दिया जाएगा। इस अवसर पर बोलते हुए आईएचसीएल की एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट-रियल एस्टेट एंड डेवलपमेंट, सुमा वेंकटेश ने कहाकि देश के प्रमुख वाणिज्यिक शहरों में अपनी मौजूदगी का विस्तार करने के आईएचसीएल के विजन के अनुरूप ही यह करार किया गया है।

### मारुति सुजुकी ने नए जेड सीरीज इंजन के साथ लांच की नई स्विफ्ट

**नई दिल्ली ।** हैच बैक सेगमेंट को फिर से परिभाषित करते हुए भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड(एमएसआईएल) ने गर्वके साथ एकदम नई स्विफ्ट को पेश किया है। युवा औरउत्साही लोगों के लिए तैयार की गई, एकदम नई स्विफ्ट नए बेंचमार्क बनाने औरअपने पूर्ववर्तियों की तरह अपनी प्रशंसीय विरासत को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हिसाशी ताकेउची, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने कहाकि 2005 में लॉन्च होने के बाद से, स्विफ्ट ब्रांड भारतीय ऑटोमोटिव मार्केट में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है।

### 200 हेल्थ केयर स्टार्ट-अप विकास के लिए आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी आए

**जयपुर।** आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के स्वास्थ्य देखभाल पर केंद्रित आईआईएचएमआर स्टार्ट-अप्स जयपुर, राजस्थान में स्थित आईआईएचएमआर फाउंडेशन की एक प्रमुख इकाई ने हाल में सामर्थ्य 2.0: 'एनएक्सक्लूसिव ग्रोथ इनक्यूबेशन प्रोग्राम लांच किया है। इसका उद्देश्य पोस्ट—एमवीपी के बाद स्टार्ट-अप का समर्थन करने या उनके विकास पथ के साथ राजस्व जुटाने में योगदान करना है। दूसरे संस्करण में 15 अत्यधिक नवीन स्टार्ट-अपको मान्यता दी गई, जो सामर्थ्य 1 की तुलना में लगभग 114फीसदी की वृद्धि दर्शाता है।

## मिलर्स-व्यापारी गेहूं का स्टॉक रोके जाने से चिंतित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चालू वर्ष के दौरान गेहूं का घरेलू उत्पादन बढ़कर 1120.20 लाख टन के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच जाने का अनुमान लगाया है जो वर्ष 2023 के उत्पादन 1105.50 लाख टन एवं 2022 के उत्पादन 1077 लाख टन से काफी ज्यादा है। लेकिन उद्योग-व्यापार क्षेत्र का मानना है के वास्तविक उत्पादन आंका गया था। इस बार उसे 50-60 लाख टन अधिक गेहूं का उत्पादन होने का अनुमान एक बहुराष्ट्रीय कंपनी ने लगाया है।

रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के अनुसार यद्यपि गेहूं का उत्पादन बेहतर होने की संभावना व्यक्त की जा रही है मगर मंडियों में तथा सरकारी क्रय केन्द्रों पर उसके अनुरूप इसकी आवक नहीं हो रही है। दरअसल खरीद के लिए मंडियों में गेहूं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध नहीं है। व्यापार विश्लेषकों के अनुसार मध्यप्रदेश और कुछ हद तक गुजरात को छोड़कर शेष सभी प्रमुख उत्पादक राज्यों- उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, बिहार, उत्तराखंड तथा महाराष्ट्र आदि में गेहूं फसल की हालत काफी अच्छी रही। किसान एमएसपी पर सरकार को अपना गेहूं बेचने के इच्छुक नहीं है और स्टॉक को रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

**न्यायालय तहसीलदार वृत्त 3 तहसील-हुजूर जिला भोपाल**
**प्रकरण कमांक 73/ अ-3/2024-2025**
**मौजा - फतेहपुर डोबरा प.ह.नं. 47**
**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मोना बठेजा पत्नी श्री हितेश बठेजा निवासी चूनाभट्टी कोलार रोड भोपाल म.प्र.ने म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम फतेहपुर डोबरा प.ह.न. 47 तहसील हुजूर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 58/1/2, 58/1/2/4 रजि. अनु रकबा 0.4090 हेक्टेयर, जो राजस्व अभिलेखों में आवेदक के स्वत्व में दर्ज है का नक्शे में बटान दर्ज करने का अनुरोध किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 22.05.2024 नियत है। उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 09.05.2024 को जारी किया गया।

**तहसीलदार तहसील-हुजूर भोपाल**

## चिंतन

# चुनाव प्रचार भाषणों में न टूटे भाषा की मर्यादा

चार चरण के चुनाव होने तक चुनाव प्रचार के दौरान नेताओं के संबोधन की भाषा में काफी गिरावट आई है। नेताओं ने विरोधी पर प्रहार के दौरान शब्दों की मार्यादाओं को अनेक बार लांघा है। चुनाव वैचारिक लड़ाई है, सभी दलों की आकांक्षा सरकार में आकर देश सेवा ही है, इसके बावजूद देश के अपने ही विरोधी नेताओं के लिए टपोरी भाषा, अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल आदि चिंता पैदा करती है। आचार संहिता लागू होने के बाद से यह दूसरी बार है कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने नेताओं से मर्यादित भाषा के प्रयोग की अपील की है। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा है कि लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं को ऐसे 'अच्छे उदाहरण' पेश करने चाहिए, जिनकी उनसे उम्मीद की जाती है। आयोग ने कहा है कि देश के सामाजिक ताने-बाने को नुकसान नहीं पहुंचे, इसके लिए चुनाव के शेष चरणों में अपने चुनावी भाषणों को सही करना प्राथमिक रूप से नेताओं की जिम्मेदारी है। 16 मार्च को लोकसभा चुनावों की घोषणा के बाद से देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू है। यूं तो आयोग ने दावा किया है कि उसने आचार संहिता उल्लंघन के 90 फीसदी शिकायतों का निपटारा कर दिया है और कांग्रेस एवं भाजपा की कुछ शिकायतों को छोड़कर पार्टियों की ओर से कोई बड़ी शिकायत लंबित नहीं है। चुनाव के दौरान किस तरह की भाषा बोली जाय और किस तरह के शब्दों के प्रयोग नहीं किए जाएं, इसको लेकर निर्वाचन आयोग की सख्त गाइडलाइन है। सुप्रीम कोर्ट ने भी विभाजनकारी, अमर्यादित भाषा इस्तेमाल नहीं करने की सख्त हिदायत पूर्व में दी हुई है। आयोग के मुताबिक, आदर्श आचार संहिता लागू हुए करीब दो महीने पूरे होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों का प्रचार मुख्यतः हिंसा मुक्त, कम शोरगुल व कम कोलाहल वाला और प्रलोभन से मुक्त रहा है। चुनाव संबोधन के दौरान, विभाजनकारी बातें, प्रलोभन देना, विरोधी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करना, नेताओं पर व्यक्ति प्रहार करना, सामाजिक तानेबाने के खिलाफ बोलना, जाति, समूह य संप्रदाय के खिलाफ बोलना आदि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। आदर्श आचार संहिता की पालना का दायित्व केंद्रीय निर्वाचन आयोग का है, इसलिए उसे नजीर पेश करना चाहिए। सबसे चिंता की बात है कि कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग किसी भी दल के बड़े नेता, जो आचार संहिता का उल्लंघन करते हैं, उनके खिलाफ सख्त एक्शन लेकर कोई नया उदाहरण पेश नहीं करता है। केवल हिदायत देने, चेताने और नसीहत देने से बात नहीं बन रही है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन चुनाव दर चुनाव बढ़ता ही जा रहा है। चुनावी भाषणों के दौरान राजनीतिक दलों के बीच शाब्दिक फिजा इतनी खराब हो जाती है कि वैचारिक मतभेद मनभेद और वैमनष्यता में बदल जाते हैं, यह ठीक नहीं है। सभी दल देश के हैं, नेता देश के हैं, लक्ष्य देश सेवा है, लोकतंत्र में पक्ष व विपक्ष दोनों महत्वपूर्ण अंग हैं, ऐसे में नेताओं को अपने विरोधियों के लिए मर्यादित, संस्कारित भाषा का इस्तेमाल ही करना चाहिए। कांग्रेस को देखना चाहिए कि पूर्व में उसके नेताओं ने पीएम नरेन्द्र मोदी समेत अन्य भाजपा नेताओं के लिए कितनी बार अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया है? चुनाव आयोग अगर शुरू से सख्त कार्रवाई करती रहती तो, भाषा की मर्यादा इतनी नहीं गिरती। पक्ष व विपक्ष दोनों ओर के नेता अपने संबोधनों में भाषा की मर्यादा व गरिमा बनाए रखें।

## सारा संसार



स्विट्जरलैंड पर्यटन में देखने वाली खूबसूरत जगह में शामिल जिनेवा भी है जिसे स्विट्जरलैंड का सबसे शांत शहर माना जाता है। स्विट्जरलैंड चॉकलेट्स और घड़ियों के लिए बहुत फेमस देश है और जिनेवा इन व्यवसाय का केंद्र है।

## जंगल की आग

रोहित कौशिक



# वन संपदा बचाना प्राथमिकता हो

इस समय उत्तराखंड के अनेक भागों से जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। आग के कारण वन सम्पदा को काफी नुकसान हो रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि कभी प्राकृतिक कारणों से जंगलों में आग लगती है तो कभी निहित स्वार्थों के कारण जानबूझकर जंगलों में आग लगा दी जाती है। जब तापमान बढ़ता है तो जंगलों में आग लगने की संभावना भी बढ़ जाती है। कुछ समय पहले काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर द्वारा जारी रिपोर्ट 'मैनेजिंग फारेस्ट फायर इन चेंजिंग क्लाइमेट' में बताया गया था कि भारत के 30 प्रतिशत से ज्यादा जिलों के जंगलों में भीषण आग लगने का खतरा मौजूद है। इस अध्ययन के अनुसार पिछले दो दशकों के दौरान देश के जंगलों में आग लगने की घटनाएं 10 गुना से ज्यादा बढ़ गई हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन के कारण आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र के जंगलों पर भीषण आग लगने की संभावना के कारण सबसे ज्यादा खतरा है। रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है कि राज्य सरकारों या राज्य के वन विभागों को सरकारी स्कूलों और सामुदायिक हाल जैसे सार्वजनिक भवनों को ऐसी आपदाओं के लिए तैयार करना चाहिए। इन भवनों में स्वच्छ हवा के लिए एयर फिल्टर जैसे उपायों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए ताकि जंगलों में आग लगने के दौरान आग और धुएं से बचा जा सके। इसके साथ ही जंगल में आग रोकने और उससे लड़ने के लिए एक विशेष रूप से प्रशिक्षित कैडर तैयार करना चाहिए। सरकारों को जंगलों में आग लगने की घटनाओं के लिए रीयल-टाइम अलर्ट सिस्टम भी विकसित करना चाहिए। इस अध्ययन में बताया गया है कि पिछले दो दशकों में जंगल में लगने वाली आग के 89 प्रतिशत से ज्यादा मामले उन जिलों में दर्ज किए गए हैं, जो या तो सूखे से प्रभावित हैं या फिर वहां मौसम में परिवर्तन देखा गया है। जंगल में आग लगने की अत्यधिक घटनाओं वाले कुछ ऐसे जिले हैं, जहां पहले बाढ़ का खतरा होता था लेकिन अब वहां सूखे की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है। पहाड़ों के जंगलों में आग लगने की घटनाएं कई सवाल खड़े करती हैं। ऐसी घटनाओं के लिए किसी एक कारक को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि पहाड़ों में ऐसी घटनाओं के इतिहास को देखते हुए भी कोई ठोस योजना नहीं बनाई जाती है। एक अध्ययन के अनुसार पूर्व एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और समुद्र तटीय क्षेत्रों में जंगलों में आग लगने की समस्या बढ़ती जा रही हैं। इस आग से लोगों का स्वास्थ्य, पर्यटन अर्थव्यवस्था और परिवहन उद्योग गम्भीर रूप से प्रभावित हो रहा है। गौरतलब है कि दक्षिण एशिया में आग से नष्ट होने वाले 90 फीसदी जंगल भारत के हैं। पहाड़ों पर चीड़ के वृक्ष आग जल्दी पकड़ते हैं। दरअसल पहाड़ों की भौगोलिक स्थिति के कारण आग या फिर किसी अन्य आपदा से जूझना आसान नहीं है। गौरतलब है कि पिछले दिनों नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने जंगलों की आग पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि पर्यावरण मंत्रालय और अन्य प्राधिकरण वन क्षेत्र में आग लगने की घटना को हल्के में लेते हैं। अब समय आ गया है कि हम जंगलों की आग से निपटने के लिए ठोस योजनाएं बनाएं। आग से निपटने के फौरी उपाय तात्कालिक रूप से प्रभावी हो सकते हैं लेकिन दीर्घकालिक दुष्प्रभावों को कम नहीं कर सकते। बेहतर भविष्य के लिए वन सम्पदा बचाना हमारी प्राथमिकताओं में होना चाहिए। हमें समझना होगा कि जंगलों की आग का खामियाजा हर हाल में हमें ही भुगतना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# सेवा निर्यात की रफ्तार बढ़ानी जरूरी

बीते कुछ वर्षों में भारत के निर्यात का एक चमकदार पहलू सेवा निर्यात रहा है। भारत ने डिजिटल माध्यम से मुहैया कराई गई सेवाओं के निर्यात में वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। डिजिटल माध्यम से सेवा निर्यात के तहत कंप्यूटर नेटवर्क का इस्तेमाल कर शिक्षा, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, गेमिंग, मनोरंजन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि के लिए दक्ष ऑपरेटर, कुशल प्रोग्रामर और कोडिंग विशेषज्ञ द्वारा दी जाने वाली सेवाएं शामिल हैं। बहुआयामी प्रयासों से देश में सेवा निर्यात की सुस्त होती हुई रफ्तार को बढ़ाया जा सकेगा और सेवा निर्यात की अधिक आय से विदेश व्यापार के घाटे में कमी लाई जा सकेगी।

कल तक पूरी दुनिया में भारत का सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) तेज रफ्तार से बढ़ रहे चमकीले सेक्टर के रूप में रेखांकित होता रहा है, लेकिन अब भारत के इसी प्रभावी सेवा निर्यात ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सुस्त रफ्तार दिखाई है। सेवा निर्यात की यह रफ्तार पिछले तीन साल में सबसे कम रही है। हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारत से माल एवं सेवाओं का कुल निर्यात 776.68 अरब डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर रहा था। ऐसे में गत वित्त वर्ष में सेवा निर्यात 3.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 339.62 अरब डॉलर का रहा, जबकि वस्तु निर्यात 3.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 437.06 अरब डॉलर रहा है।

निश्चित रूप से बीते कुछ वर्षों में भारत के निर्यात का एक चमकदार पहलू सेवा निर्यात रहा है। भारत ने डिजिटल माध्यम से मुहैया कराई गई सेवाओं के निर्यात में वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। डिजिटल माध्यम से सेवा निर्यात के तहत कंप्यूटर नेटवर्क का इस्तेमाल कर शिक्षा, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, गेमिंग, मनोरंजन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि के लिए दक्ष ऑपरेटर, कुशल प्रोग्रामर और कोडिंग विशेषज्ञ द्वारा दी जाने वाली सेवाएं शामिल हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के मासिक बुलेटिन में प्रकाशित एक शोध आलेख के पिछले तीस वर्षों में यानी 1993 से 2022 के बीच भारत का सेवा निर्यात 14 फीसदी से अधिक की समेकित सालाना वृद्धि दर से बढ़ा। यह 6.8 फीसदी की वैश्विक सेवा निर्यात वृद्धि की तुलना में बेहतर हैं। परिणामस्वरूप समान अवधि में सेवा निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 0.5 फीसदी से बढ़कर 4.3 फीसदी जा पहुंची। इसी आधार पर भारत दुनिया में सातवां सबसे बड़ा सेवा निर्यातक देश बन गया है, जबकि वर्ष 2001 में सेवा निर्यात के मामले में भारत 24वें स्थान पर था। खास बात यह भी है कि दूरसंचार, कंप्यूटर और सूचना सेवा निर्यात के क्षेत्र में भारत दुनिया में दूसरे और सांस्कृतिक तथा मनोरंजक सेवा निर्यात में छठे स्थान पर है। विश्व व्यापार संगठन की एक नई रिपोर्ट के अनुसार यदि केवल डिजिटल माध्यम से जुड़ी हुई सेवाओं के निर्यात के आधार पर मूल्यांकन करें तो इस क्षेत्र में भारत जर्मनी और चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में अमेरिका, ब्रिटेन और आयरलैंड के बाद चौथे क्रम पर आ गया है। निश्चित रूप से भारत सेवाओं के निर्यात में वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहा है। निस्संदेह भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात बढ़ रहा है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि वर्ष 2015-16 से लगाकर वर्ष 2022-23 के बीच भारत में जीसीसी की संख्या 60 फीसदी बढ़कर 1,600 से अधिक हो गई है। जीसीसी भारत में बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा स्थापित विशेष केंद्र हैं, जिनका मकसद स्थानीय प्रतिभा का फायदा उठाना, अधिक से अधिक परिचालन दक्षता हासिल करना और नए बाजारों तक पहुंचना है। जीसीसी सूचना प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी), वित्त, मानव



संसाधन, ग्राहक सेवा, विश्लेषण और कारोबारी प्रक्रियाओं के संचालन सहित तमाम क्षेत्रों में कार्य करते हैं। गोल्डमैन सैक्स ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा कि भारत में जीसीसी की आय पिछले 13 वर्षों में 11.4 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक दर (सीएजीआर) से बढ़ी और चार गुना होती हुई वित्त वर्ष 2023 में 46 अरब डॉलर तक पहुंच गई है।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि बीते कुछ दशकों से भारतीय अर्थव्यवस्था का अहम पहलू सेवा निर्यात रहा है। इसने न केवल व्यापार घाटे को थामे रखने में मदद की है, बल्कि इनसे देश में रोजगार निर्माण में सहारा दिया है। भारत ने वैश्विक सेवा व्यापार में प्रतिस्पर्धी क्षमता भी प्रदर्शित की है, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित क्षेत्रों में भारत की लगातार पहचान बढ़ी है। लेकिन अब सेवाओं के निर्यात में कमजोर वृद्धि की मुख्य वजह विकसित अर्थव्यवस्थाओं से मांग नरम रहना है। वित्त वर्ष 2024-25 में भी सेवा निर्यात की हालात कमजोर ही रहने की आशंका है, क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था और विशेष तौर पर अमेरिका एवं यूरोप में उच्च ब्याज दरों के कारण मांग में नरमी रहेगी तथा युद्धजनित परिस्थितियों से वैश्विक व्यापार में कमी आएगी। निश्चित रूप से जिस तरह से ईरान-इजराइल के बीच टकराव और दुनिया में भू राजनीतिक मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं, उससे कच्चे तेल के दाम के साथ–साथ आपूर्ति संकट बढ़ने की चिंताएं मुंह बाए खड़ी हैं। इससे भारत के वैश्विक व्यापार व निर्यात पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में भारत को सेवा निर्यात बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। चूँकि इस समय विकसित अर्थव्यवस्था वाले देश अपने तट के आसपास के देशों में कारोबार पर जोर दे रहे हैं। यह भारतीय निर्यातकों के लिए भी चुनौती है, लेकिन यह बात ध्यान में रखी जानी होगी कि अब सेवा निर्यात के क्षेत्र में भी लगातार प्रतिस्पर्धा भी बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भारत से डिजिटल सेवा निर्यात में तेजी से वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता तथा सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रयास करने होंगे। भारत को अपने निर्यात में विविधता लाने और अन्य उभरते क्षेत्रों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

अब हमें सॉफ्टवेयर निर्यात के लिए अमेरिकी बाजार पर निर्भरता कम करके आउटसोर्सिंग की संभावनाओं वाले अन्य देशों में भी कदम बढ़ाने होंगे। खासतौर से आउटसोर्सिंग की नई संभावनाएं उत्तरी यूरोप, पूर्वी एवं मध्य यूरोप के देशों, कनाडा, जापान, दक्षिण कोरिया और पूर्वी एशियाई देशों, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका जैसे देशों में और बढ़ गई हैं। भारत की आईटी सेवा कंपनियों को गैर-अंग्रेजी भाषी देशों में कारोबार में आगे बढ़ने के लिए कार्मिकों को जापानी और कोरियाई और अन्य भाषाओं में प्रशिक्षण देने पर व्यय किया जाना होगा, ताकि इन देशों के बाजारों तक भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स की पहुंच बनाई जा सके।

अब हमें नई पीढ़ी को आईटी की नए दौर की शिक्षा देने के लिए समुचित निवेश की व्यवस्था करना होगी। हमें नए दौर की तकनीकी जरूरतों और इंडस्ट्री की अपेक्षाओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण से नई पीढ़ी को सुसज्जित करना होगा। हमें शोध, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के मापदंडों पर आगे बढ़ना होगा। हमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, पायथन वर्चुअल रियल्टी, रोबोटिक प्रोसेस, ऑटोमेशन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डाटा एनालिसिस, क्लाउड कम्प्यूटिंग, ब्लॉक चेन और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में युवाओं को कुशल बनाना होगा। निश्चित रूप से ऐसे बहुआयामी प्रयासों से देश में सेवा निर्यात की सुस्त होती हुई रफ्तार को बढ़ाया जा सकेगा और सेवा निर्यात की अधिक आय से विदेश व्यापार के घाटे में कमी लाई जा सकेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# पूर्ण हृदय से किया गया प्रयास विफल नहीं होता



संकलित

## दर्शन

ईश्वर का साक्षात्कार करना जितना आसान है, उतना ही यह कठिन भी है। इसके लिए अत्यधिक प्रयास करने के साथ-साथ, ईश्वर की कृपा का होना भी आवश्यक है। सांसारिक अभिलाषाओं से दूर रहते हुए, प्रभु के प्रति विश्वास और दृढ़ निश्चय के साथ पूर्ण हृदय से प्रयास करने वाला भक्त कभी असफल नहीं होता। श्वर साक्षात्कार केवल योगी के अत्यधिक प्रयास और ईश्वर की कृपा से प्राप्त होता है। यद्यपि ईश्वर तक नियम का पालन करने से भी पहुंचा जा सकता है। तथापि, हृदयों का अन्वेषक होने के कारण वे अपनी कृपा प्रदान करने से पहले आश्वस्त हो जाना चाहते हैं कि भक्त वास्तव में उन्हें चाहता है। जो संपूर्ण हृदय से उन्हें नहीं चाहता है। उस भक्त को प्रभु अंतिम प्रबोधन नहीं देते, चाहे वह योग के विज्ञान में कितना भी निपुण हो। ईश्वर को प्रसन्न करना एकदम बहुत आसान एवं बहुत कठिन है। परीक्षणों की घड़ी में भी वे अपने भक्तों के साथ क्रीड़ा कर रहे होते हैं, और वे उनकी हर समय परीक्षा लेते हैं। मूर्खता में पूरे दिन को गंवा देना कितना आसान है, और उपयोगी कार्यों एवं विचारों से दिन को भरना कितना कठिन है! फिर भी ईश्वर की इसमें कोई विशेष रुचि नहीं है कि हम क्या कर रहे हैं, जितनी इसमें है कि हमारा मन कहां है। प्रत्येक व्यक्ति की कठिनाई भिन्न है, परंतु ईश्वर कोई भी बहाना नहीं सुनते। वे चाहते हैं कि भक्त का मन किसी भी प्रकार की कष्टप्रद परिस्थितियों के होते हुए भी, उनमें तल्लीन रहे।

# जो होता है अच्छे के लिए होता है



संकलित

## प्रेरणा

एक राजा अपने मंत्री के साथ आखेट पर निकले। वन में हिरन को देख राजा ने तीर प्रत्यंचा पर चढ़ाया ही था कि जंगल में से एक सूअर निकला और राजा को धक्का देकर भागा। इस अप्रत्याशित आघात के कारण तीर की नोक से उनकी उंगली कट गई। रक्त बहने लगा और राजा व्याकुल हो उठे। राजा की उंगली से खून बहता देखकर मंत्री बोले- 'राजन्! भगवान जो करता है, अच्छे के लिए करता है।/" राजा काफी पीड़ा में थे। मंत्री की बात सुनकर क्रोध से भर उठे। उन्होंने मंत्री को आज्ञा दी कि वो उसी समय उनका साथ छोड़ अन्य राह पकड़ लें। मंत्री ने आदेश को सहर्ष स्वीकार किया और भिन्न दिशा में निकल पड़े। इधर, राजा थोड़ा आगे बढ़े ही थे कि उन्हें जंगल में नरभक्षी कबीले के लोगों ने घेर लिया। वे उन्हें पकड़कर अपने सरदार के पास ले चले। राजा को बलि देने की तैयारी हो ही रही थी कि कबीले के पुजारी ने राजा की कटी उंगली देखकर कहा कि /"इसका तो अंग भंग है, इसकी बलि स्वीकार नहीं हो सकती। राजा को जीवनदान मिला तो उन्हें तुरंत मंत्री की याद आई। सोचने लगे कि मंत्री ठीक कहते थे - भगवान जो करता है, अच्छे के लिए ही करता है। मुझे उनका साथ नहीं छोड़ना चाहिए था। ऐसा सोचते वे आगे बढ़ रहे थे कि उन्हें मंत्री नदी किनारे भजन करते दिखाई पड़े। राजा ने प्रेमपूर्वक मंत्री को गले लगाया और उन्हें सारा घटनाक्रम कह सुनाया। इसके बाद राजा ने उनसे प्रश्न किया- मेरी उंगली कटी, इसमें भगवान ने मेरा भला किया, पर तुम्हें मैंने अपमानित करके भगाया, इससे भला तुम्हारा क्या भला हुआ?

## सटाका




## आज की पाती

### रात में सुरक्षा व्यवस्था

राजधानी में रात की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे रहती है। रात 12 बजे के बाद सड़कों पर पुलिस नदारद रहती है। ऐसे में अपराधिक तत्वों के हौसले बुलंद हो जाते हैं। रात में अचानक कोई काम से निकल जाए, जो वह भयभीत रहता है। पहले चौक-चौराहों पर पुलिस नजर आ जाती थी। अब न पुलिस दिखते हैं और न ही पुलिस की गाड़ियां। राजधानी में जितनी तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए, वह कहीं नजर नहीं आती। सुरक्षा अब वीआईपी तक ही सीमित रह गई है।

- विनय कुमार रायपुर

## ट्रेंड

### शांति की दिशा में काम करें



हम आज गाजा में मानवतावादी कार्यकर्ता और एक अन्य घायल की मृत्यु के बारे में जानकर बहुत दुखी हैं। इस युद्ध की कीमत बहुत से नागरिकों और मानवीय लोगों की जान को चुकानी पड़ी है। युद्धविराम करें और शांति की दिशा में काम करें।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### वीरों को भुलाया नहीं जाएगा



जून 1944 में नॉर्मंडी के समुद्र तटों पर उतरने वाले सैनिक अंधेरे में डूबे महाद्वीप के लिए आशा की किरण थे। डी डे 80 से पहले स्मरण की मशाल जलाना सौभाग्य की बात थी। इन वीर दिग्गजों की सेवा को भुलाया नहीं जाएगा।

-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम

### सांसद को सड़क पर उतारुंगा



जितना आप लोगों ने अपने सांसद को 10 सालों में नहीं देखा उससे कहीं ज्यादा बार 10 दिन में उनके दर्शन करवाऊंगा। आपकी समस्याओं पर आंख मूंदकर आपसे दूर आलीशान बंगले में रहने वाले सांसद को मैं सड़कों पर आपके बीच उतार कर दिखाऊंगा।

-कन्हैया कुमार, कांग्रेस नेता

### भारत में स्टार्टअप की बूम



अमेरिका असाधारण स्टार्टअप बूम के दौर में है। स्टार्ट अप की बूम भारत समेत हर जगह है। ट्रैकर की आवश्यकता आरओआई और सतत विकास को बढ़ाने के लिए है।

-किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# व्हाइट हाउस में गूंजा सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा



व्हाइट हाउस के मरीन बैंड ने सोमवार को कई एशियाई अमेरिकियों के समक्ष 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' गीत की धुन बजाई। एशियाई अमेरिकी व्हाइट हाउस में 'एशियन अमेरिकन, नेटिव हवाई एंड पेसिफिक आइलेंडर' (एएएनएचपीआई) 'विरासत माह' का जश्न मनाने के लिए एक स्वागत समारोह में राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ इकट्ठा हुए थे। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मोहम्मद इकबाल द्वारा लिखे गए देशभक्ति गीत की धुन को भारतीय अमेरिकियों के अनुरोध पर मरीन बैंड ने दो बार बजाया। राष्ट्रपति की ओर से इस वार्षिक कार्यक्रम के लिए भारतीय अमेरिकियों को आमंत्रित किया गया था। भारतीय अमेरिकी समुदाय के नेता अजय जैन भुतोरिया ने समारोह के बाद एक साक्षात्कार में बताया, व्हाइट हाउस के एएएनएचपीआई विरासत माह के उपलक्ष्य में रोज गार्डन में आयोजित किया गया समारोह एकदम अद्भुत था। सबसे अच्छी बात यह रही कि जैसे ही मैं व्हाइट हाउस में गया संगीतकारों ने 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' गीत की धुन बजाकर मेरा स्वागत किया। एक साल से भी कम समय में यह दूसरी बार है जब व्हाइट हाउस में भारत का लोकप्रिय देशभक्ति गीत बजाया गया।

## ऑफ बीट

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अब गाने बना सकता है



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पाठ और छवि निर्माण उपकरण कुछ समय से हमारे आसपास मौजूद हैं, लेकिन हाल के सप्ताहों में एआई–जनित संगीत बनाने वाले ऐप भी उपभोक्ताओं तक पहुंच गए हैं। अन्य जेनरेटिव एआई टूल की तरह, दो उत्पाद – सुनो और यूडियो उपयोगकर्ता के संकेत को आउटपुट में बदलकर काम करते हैं। उदाहरण के लिए, 'सुनो' पर मेरे कुत्ते द्वारा मेरा होमवर्क चबा डालने के बारे में एक 'रॉक पंक गीत' के लिए संकेत देने से एक ऑडियो फ़ाइल तैयार होगी जो वाद्ययंत्रों और स्वरों को जोड़ती है। आउटपुट को एमपी3 फ़ाइल के रूप में डाउनलोड किया जा सकता है। अंतर्निहित एआई संगीत उत्पन्न करने के लिए अज्ञात डेटा सेट का उपयोग करता है। उपयोगकर्ताओं के पास गीत के लिए एआई को संकेत देने या अपने स्वयं के गीत लिखने का विकल्प होता है, हालांकि कुछ ऐप सलाह देते हैं कि एआई दोनों उत्पन्न करते समय सबसे अच्छा काम करता है। लेकिन ऐसा गीत संगीत रचने के बाद इन परिणामी ध्वनियों का मालिक कौन है? इन ऐप का उपयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए, यह विचार करने योग्य एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। और उत्तर सीधा नहीं है। सुनो का एक नि:शुल्क संस्करण और एक सशुल्क संस्करण है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

वाराणसी में पीएम मोदी की लोगों से अपील

# दीया जलाकर, थाली-घंटी बजाकर लोगों को बूथ तक लाएं बूथ प्रबंधन के साथ ही पन्ना प्रभारियों को दिया जीत का मंत्र

*पीएम मोदी ने वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और बूथ प्रबंधन के साथ ही जीत का मंत्र भी दिया। रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में भाजपा के कई मंत्री और कार्यकर्ता समेत बनारस के प्रबुद्ध वर्ग के लोग मौजूद रहे। पीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मतदान का दिन किसी उत्सव के दिन की तरह बनाना है।*

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

पीएम नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव के लिए तीसरी बार अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान पीएम के साथ सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ, भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत तमाम नेता मौजूद रहे। पीएम मोदी ने वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और बूथ प्रबंधन के साथ ही जीत का मंत्र भी दिया।

रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में भाजपा के कई मंत्री और कार्यकर्ता समेत बनारस के प्रबुद्ध वर्ग के लोग मौजूद रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से अपील की कि दस बजे के पहले दिया जला कर थाली बजा कर घंटी बजा कर भारत माता की जय बोलते हुए लोगों को मतदान केंद्र तक जरूर लाएं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने के लिए कहे। पीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मतदान का दिन किसी उत्सव के दिन की तरह बनाना है।



## मतदान केंद्र को बताया लोकतंत्र का मंदिर

पीएम मोदी ने कहा कि मतदान केंद्र लोकतंत्र का मंदिर है। ऐसे में हर किसी को यहां आकर अपने मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर पहले से ज्यादा मतदान होना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। पीएम ने कहा कि हर बूथ पर पहले से 370 वोट ज्यादा होना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। मेरी जीत जरूरी नहीं है पर हर बूथ की जीत ही लोकतंत्र की जीत है। पीएम ने कहा कि उनकी जीत जरूरी नहीं बल्कि हर बूथ की जीत ही लोकतंत्र की जीत है। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में एक चुनाव का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि श्रीनगर में हुआ मतदान लोकतंत्र की जीत है। अगर वहां ऐसा मतदान हुआ है तो देश का मतदान 100 प्रतिशत होना चाहिए।

### सरकार की योजनाओं को जनजन तक पहुंचाएं

पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन की मजबूत इकाई हमारे पन्ना प्रमुख और हमारी बूथ समिति है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की अपनी जिम्मेदारी है कि वो सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान दें, साथ ही अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को जागरूक करें।

### पन्ना प्रमुख और बूथ समिति संगठन की मजबूत इकाई

रूद्राक्ष में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि संगठन की मजबूत इकाई हमारे पन्ना प्रमुख व हमारे बूथ समिति हैं। आप लोग अपनी जिम्मेदारी के तहत सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान दें। अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक करें।

बंगाल में भाजपा टीएमसी में बवाल

## घोष की कार पर किया पथराव, जवान घायल

**कोलकाता।** बर्धमान-दुर्गापुर लोकसभा क्षेत्र के कुछ इलाकों में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। कालना गेट में भाजपा के उम्मीदवार दिलीप घोष को उस समय विरोध का सामना करना पड़ा, जब वह कुछ शिकायतें मिलने के बाद एक मतदान केंद्र पर जा रहे थे। तृणमूल समर्थकों ने उनका रास्ता रोक लिया और 'वापस जाओ' के नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता के काफिले पर भी पत्थर फेंके गए और इसके चलते कुछ कारें क्षतिग्रस्त हो गईं।



कांग्रेस अध्यक्ष खरगे पहुंचे महाराजगंज

## एनडीए का डबल इंजन फेल हो गया

**महाराजगंज।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक चुनावी जनसभा में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये लोग डबल इंजन सरकार की बात करते हैं, जिसमें इनका एक इंजन फेल हो गया और दूसरा इंजन डिरेल हो गया। हमारी सरकार ने नेहरू जी और इंदिरा जी के शासनकाल में विकास का काम किया। हम पीएम मोदी और सीएम योगी के खिलाफ नहीं, विचारधारा के लिए लड़ रहे हैं। मोदी सरकार अमीरों के साथ है। हमारी सरकार मनरेगा लेकर आई। उन्होंने कहा कि यहां के भाजपा प्रत्याशी ने आपके लिए कोई काम नहीं किया है। महाराजगंज जिला मुख्यालय रेल लाइन से नहीं जोड़ा गया।



## हैंडमेड पेपर पर बनी तस्वीर लेकर खड़ी थी बच्ची पीएम की पड़ी नजर, मंगाकर दी 'शाबाशी'

*वाराणसी। पीएम मोदी का रोड शो तुलसी द्वार से होकर गुजर रहा था। वहां अदिति अग्रवाल पहले से ही हैंडमेड पेपर पर पीएम मोदी की बनाई तस्वीर लेकर खड़ी थी। काफी उत्साहित थी। इस पर जब पीएम की नजर पड़ी तो अपने वाहन से ही पूछा, क्या आपने यह पेंटिंग बनाई है? इस पर अदिति ने हां कहा। पीएम ने शाबाशी का इशारा किया और अपने सुरक्षाकर्मियों से वह पेंटिंग मंगाई।*

झारखंड के नेता नोटों के पहाड़ उगा रहे

### नक्सल-आतंक खत्म करेंगे, चोरों को चैन से सोने नहीं दूंगा

*पीएम मोदी ने गिरिडीह में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के राज में नक्सली सिर उठाते थे। भाजपा सरकार ने नक्सलियों को ठिकाने लगा दिया। मोदी को टकराना आता है। झारखंड में नक्सलियों का दायरा सिकुड़ गया है। आतंक हो या नक्सलवाद मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में इन पर बहुत बड़ा प्रहार करने का संकल्प ले चुका है। नक्सवाद ने कई मांओं के सपने कुचल दिए हैं। पीएम ने कहा कि झारखंड के नेता नोटों के पहाड़ उगा रहे हैं। अफसर, नौकरों के यहां से पैसे निकल रहे हैं। ये जो भी करते हैं शाही परिवार के इशारे पर। ये पैसा मंत्रियों के यहां पहुंच रहा है।*

### बिरनी प्रखंड में लगे जय श्री राम के नारे

बिरनी प्रखंड के पेशम पंचायत में जनसभा में कहा मैं सीधे काशी से आपके बीच आ रहा हूं। मुझे आने में विलंब हुआ, आप सब मुझे क्षमा करें। वे कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में सभा को संबोधित किया। पीएम मोदी को सुनने के लिए झारखंड के गिरिडीह स्थित बिरनी प्रखंड के पेशम पंचायत में भारी संख्या में लोग पहुंचे हैं। जय श्री राम के नारे लगाए गए।

बंगाल की जनसभा में शाह का दीदी पर पलटवार

## वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठ को कर रहीं समर्थन

कोलकाता। लोकसभा चुनावों के लिए पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि भाजपा पहले चार चरणों में ही 270 सीटें जीतेगी। शाह ने बनगांव की रैली में कहा कि अभी तक देश की 380 लोकसभा सीट पर चुनाव हो चुके हैं, उनमें से मोदी जी 270 सीट जीतेंगे। एक दिन पहले बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने कहा था कि भाजपा सिर्फ 195 सीटें जीत पाएगी। इंडिया अलायंस 315 सीटें जीतेगा। शाह ने कहा कि दीदी वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठ होने देती हैं, लेकिन सीएए का विरोध कर रही हैं। ममता दीदी कभी भी सीएए लागू होने से नहीं रोक सकतीं। वे झूठ बोल रही हैं कि सीएए के तहत नागरिकता के लिए जो भी अर्जी करेगा। उसे तकलीफ आएगी। मतुआ समाज के लोगों को मैं आश्वस्त करने आया हूं कि किसी को कोई तकलीफ नहीं आएगी। नागरिकता भी मिलेगी और देश में सम्मान के साथ जी भी पाओगे। दुनिया की कोई ताकत मेरे शरणार्थी भाइयों को भारत का नागरिक बनने से रोक नहीं सकती।



### विक्टिम कार्ड नहीं खेल सकते केजरीवाल...

शाह ने कहा है कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल 2 जून को तिहाड़ जेल में फिर जाएंगे। उन्हें गिरफ्तारी के कारणराज्यों में सहानुभूति मिलेगी? शाह ने कहा, केजरीवाल विक्टिम कार्ड नहीं खेल सकते। अदालत ने उनके दावे को खारिज कर दिया है।

### किसी को नहीं छोड़ा जाएगा

शाह ने कहा कि बनगांव की सभा में कहा कि चिटफंड घोटाले वाले, शिक्षक भर्ती घोटाले वाले, नगरपालिका भर्ती घोटाले वाले, राशन घोटाले वाले, गाय और कोयला तस्करी करने वाले व पैसे लेकर सवाल करने वालों को जेल जाने की तैयारी कर लेनी चाहिए। किसी को छोड़ा नहीं जाएगा।

अमेठी में प्रियंका ने किया प्रचार

## रिश्ता बनाने में स्मृति को लगेंगे 40 साल

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी इन दिनों पार्टी के चुनावी सभाओं में जुटी हैं और उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। अमेठी में उन्होंने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा सांसद स्मृति इरानी को लेकर कहा वे अपने राजनीतिक मकसद के साछ अमेठी आई थी। उन्हें रिश्ता बनाने में 40 साल लगेगा। प्रियंका ने कहा कि वह गांव-गांव में जा रही हैं। जब छोटे थे तब भी आते थे। चाहे हम सांसद रहें या न रहें इससे हमारा कोई ताल्लुक नहीं है। जनता और नेता के बीच एक आदर का रिश्ता था। वो अब नहीं निभाया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### आईटीओ स्थित सीआर बिल्डिंग में भीषण आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आईटीओ स्थित सीआर बिल्डिंग में मंगलवार दोपहर आग लग गई। इमारत में अफरा-तफरी मच गई। बिल्डिंग में मौजूद 4-5लोग जान बचाने के लिए खिड़की से निकल कर छज्जे पर पहुंच गए। इमारत में इनकम टैक्स का कार्यालय है। दमकल कर्मियों ने सीढ़ी लगाकर लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। दमकल की 21 गाड़ियां जुटी रहीं।



### होर्डिंग गिरने से मृतकों की संख्या 14 तक पहुंची

**मुंबई।** आंधी-तूफान की वजह से मुंबई के घाटकोपर में एक 100 फीट लंबा होर्डिंग ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई। 43 घायलों का अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जबकि 31 घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। एक घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा जिमखाना के पास सोमवार की शाम साढ़े बजे के करीब हुआ था।



### भीमा कोरेगांव मामले में नवलखा को जमानत

**नई दिल्ली।** भीमा कोरेगांव हिंसा मामले में आरोपी गौतम नवलखा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने नवलखा को जमानत देने के लिए बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश पर लगी रोक को हटा दी है। हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ नवलखा की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही थी। फैसला न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने किया।



## सिसोदिया पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में ईडी के वकील ने कहा

केजरीवाल की मुश्किलें नहीं हो रहीं कम

# 'आप' को भी बनाएंगे आरोपी और पूरक आरोप पत्र करेंगे दाखिल

### आबकारी केस से जुड़े सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में बहस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट में आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर वकीलों में जोरदार बहस हुई। आबकारी केस से जुड़े सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई की।

इस दौरान मनीष सिसोदिया की ओर से वकील दयान कृष्णन पेश हुए और उन्होंने अपनी दलीलें रखी. वकील दयान कृष्णन ने कहा कि ट्रायल कोर्ट की टिप्पणी के अनुसार आरोपियों की ओर से मुकदमे में देरी करने के लिए एक संगठित प्रयास किया गया था। मैं पूछता हूं, इसका आधार क्या है?वहीं ईडी के वकील जुहैब हुसैन ने बताया कि आम आदमी पार्टी को भी इस मामले में आरोपी बनाया जाएगा और पूरक आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा।






### सिसोदिया के वकील बोले-केस में नहीं हो रही प्रगति

सिसोदिया के वकील ने कहा कि ईडी ने 540 पन्नों के दस्तावेज रिकॉर्ड में दर्ज करने आवेदन दायर किया। यह आवेदन पहली शिकायत के एक साल से ज़्यादा समय बाद और चौथी सप्लीमेंट्री चार्जशीट के 4 महीने बाद दायर किया गया। अब छठी सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की गई है, उनका आरोप था कि मामले में कोई प्रगति नहीं हो रही है।

### ईडी के वकील ने पेश की ये दलील

ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने सिसोदिया की जमानत खारिज करने के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि नए सिरे से दायर की गई जमानत याचिका की जांच गुण-दोष के आधार पर की जानी चाहिए। हुसैन ने सत्येंद्र जैन की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी हवाला दिया।

### गुण-दोष के आधार पर हो विचार

हुसैन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले को गुण-दोष के आधार पर तय करने का विवेकाधिकार नहीं छीना है। यह महज इसलिए जमानत का स्वतः मार्ग नहीं है। मैं दिखाऊंगा कि ट्रायल कोर्ट के पूर्ववर्ती जज और इस ट्रायल कोर्ट को अलग-अलग आरोपियों के खिलाफ कैसे टिप्पणियां करनी पड़ी।

### कविता की सुनवाई टली

आबकारी नीति मामले में मनी लान्ड्रिंग के तहत जेल में बंद के. कविता सहित अन्य के खिलाफ ईडी द्वारा दायर सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने को लेकर सुनवाई टल गई। कोर्ट 20 मई को सुनवाई करेगा। इस मामले में ईडी अब तक कुल सात चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इनमें से एक मुख्य चार्जशीट है और छह अन्य सप्लीमेंट्री चार्जशीट हैं।



मद्रास हाईकोर्ट ने दिया निर्देश

## गर 'उत्तराधिकार' की गलत जानकारी दी तो होगी जेल



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास हाईकोर्ट ने राजस्व प्रशासन आयुक्त को निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि अगर किसी ने भौतिक तथ्यों को छिपाकर या गलत जानकारी देकर कानूनी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग के लिए आवेदन किया है तो उस पर मुकदमा दर्ज करने के लिए पूरे तमिलनाडु के सक्षम राजस्व अधिकारियों को निर्देश जारी करें। न्यायमूर्ति एसएस सुब्रमण्यम ने यह निर्देश एम मारान्नान द्वाया दायर एक याचिका का निपटारा करते हुए दिया।

मारान्नान ने कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया था, जिसे मेट्टुपालयम, कोयंबटूर के तहसीलदार ने खारिज कर दिया था। इसी आदेश को चुनौती देने के लिए मारान्नान ने हाईकोर्ट का रुख किया।

पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट ने कहा

### सीबीआई में स्टाफ की कमी, पूर्ति करें



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के तहत आने वाली प्रमुख जांच एजेंसी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में स्टाफ की भारी कमी है। इससे उसकी जांच की गति प्रभावित हो रही है। यह कबूलनामा खुद सीबीआई ने पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट में किया है। पिछले दिनों सीबीआई ने हाई कोर्ट को सौंपे हलफनामे में कहा कि वह 'कर्मचारियों की भारी कमी' का सामना कर रही है। इसके बाद कोर्ट ने हरियाणा सरकार को अपने अधिकारी सीबीआई में प्रतिनियुक्ति पर भेजने का निर्देश दिया है।

कल से उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मी करेगी फिर बेहाल

# देश के कई राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

### मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की, बारिश की भी गतिविधियां चलेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के कई हिस्सों में हुई बारिश से लोगों को चिलचिलाती गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन अब फिर से गर्मी की तपिश बढ़ने की आशंका है।

भारतीय मौसम विभाग ने 16 मई से उत्तर-पश्चिम भारत में फिर से हीटवेव का दौर शुरू होने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग की मानें तो गुरुवार से पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान के अलग-अलग स्थानों में उष्ण लहर की संभावना है।



### गरज-चमक के साथ बारिश की भी संभावना

आईएमडी के अनुसार देश के कुछ हिस्सों में 15 मई तक गरज-चमक के साथ बारिश की गतिविधियां चालू रहेंगी। हालांकि, उसके बाद उत्तर-पश्चिम भारत के मौसम का मिजाज फिर से बदलने की उम्मीद है क्योंकि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार के अधिकांश हिस्सों, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और विदर्भ का मौसम लगभग शुष्क हो सकता है और इन क्षेत्रों में तापमान में वृद्धि होने की आशंका है।

**पूर्वी और मध्य भारत में चलेंगी धूलभरी आंधियां**

दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में 17 मई तक तेज हवा और गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं पूर्वी और मध्य भारत के कुछ इलाकों में आज धूल भरी आंधी चलने की आशंका है। इसके अलावा आज मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती हैं।

### कहीं भारी बारिश तो कहीं गरज के साथ पड़ेंगी बौछारें

अगले 24 घंटे के दौरान, दक्षिणी ओडिशा, आंध्र प्रदेश के उत्तरी तट, तटीय कर्नाटक और केरल में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ कुछ भारी बारिश की संभावना है। वहीं पश्चिमी हिमालय सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में हल्की छिटपुट बारिश हो सकती है। इसके अलावा तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, मध्य महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, सिक्किम, लक्षद्वीप और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम वर्षा संभव है। पूर्वी गुजरात में छिटपुट बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

दो हादसों में 13 लोगों की मौत

## नर्मदा नदी में डूबे सात युवक हापुड़ में भिड़ंत से 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ नर्मदा

गुजरात के पोइचा गांव में घूमने आए लोगों के लिए मंगलवार का दिन काल का गाल बन गया। 7 युवकों के नर्मदा नदी में डूबने की सूचना मिलते ही तट पर मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई।



पुलिस ने बताया कि पोइचा गांव में 6 लड़कों और एक आदमी के नर्मदा नदी में डूबने की आशंका है। नदी में उतारने के बाद यह लोग काफी गहराई में चले गए और अब तक इनका कोई पता नहीं चला है।

### हाई-वे पर बेकाबू कार दूसरी दिशा में ट्रक से भिड़ी

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। सोमवार देर रात एक कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। एक गंभीर घायल है। कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त कार से शवों को निकाला। नेशनल हाईवे 9 पर अल्लाहबख्शपुर टोल प्लाजा के पास एक कार बेकाबू होकर डिवाइडर पार दूसरी तरफ पहुंच गई। जिसे तेज रफ्तार ट्रक ने चपेट में ले लिया।




आउटरीच कार्यक्रम 'समाधान अभियान' के तहत

# अब चीन सीमा से सटे इलाकों में खुलेंगे प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, पूर्व सैनिक करेंगे केंद्रों का संचालन

1 एवोकाडो, संतरे, कीवी और फलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा

2 पेंशन, स्वास्थ्य देखभाल, पुनर्वास सहित कई मुद्दों पर की चर्चा

3 उद्यमिता मॉडल के लिए उपलब्ध कार्यक्रमों के बारे में दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम लोगों तक जन औषधि केंद्र के जरिए लोगों को सस्ती और उपयोगी दवाएं उपलब्ध कराई जा रहीं हैं। ऐसे में अब सीमा क्षेत्रों में भी जन औषधि केंद्र खोलने की योजना है। केंद्र सरकार उत्तर-पूर्वी राज्य सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापित करेगी, जिनका संचालन पूर्व सैनिक करेंगे।

इसी सिलसिले में भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव ने चीन सीमा पर सिक्किम से लगे क्षेत्रों का दौरा करके पूर्व सैनिकों से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का जायजा लिया है। केंद्र सरकार के इस फैसले को पूर्व सैनिकों की स्वास्थ्य सुविधा को और अधिक मजबूत करने के रूप में देखा जा रहा है।

## विभिन्न प्रतिष्ठानों का किया दौरा

*भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव ने भारतीय सेना के 17 माउंट डिवीजन का दौरा किया और जीओसी मेजर जनरल अमित कबथियाल ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सचिव ने ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक, स्पर्श सुविधा केंद्र व सेवानिवृत्त सैनिक सुविधा केंद्र सहित विभिन्न रक्षा प्रतिष्ठानों का दौरा करके उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने पूर्व सैनिकों के साथ बातचीत करके पेंशन, स्वास्थ्य देखभाल व उनके पुनर्वास सहित अन्य मुद्दों के बारे में पूछताछ की। समाधान अभियान के तहत पूरे क्षेत्र से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया, जहां उनसे संबंधित कई मुद्दों पर उन्हें सहायता प्रदान की गई।*



## सामान्य सेवा केंद्रों का भी संचालन करेंगे पूर्व सैनिक

*पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव डॉ. नितेन चंद्रा ने सोमवार भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग के आउटरीच कार्यक्रम 'समाधान अभियान' के एक हिस्से के तहत सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने पूर्व सैनिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि राज्य सैनिक बोर्ड और जिला सैनिक बोर्डों को पूरे क्षेत्र में सामान्य सेवा केंद्र और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। डॉ. नितेन चंद्रा ने बताया कि सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों में खुलने वाले प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का संचालन पूर्व सैनिक करेंगे।*




## स्वास्थ्य रोडमैप पर चर्चा

डॉ. नितेन चंद्रा ने गंगटोक में सिक्किम के मुख्य सचिव वीबी पाठक से मुलाकात करके पूर्व सैनिकों के लिए स्वास्थ्य रोडमैप पर चर्चा की। इस बैठक के दौरान चर्चा की गई कि राज्य बागवानी विभाग की सहायता से पूर्व सैनिकों के सहकारी समूहों को क्षेत्र में एवोकाडो, संतरे, कीवी और फलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। महानिदेशक (पुनर्वास) मेजर जनरल एसबीके सिंह ने पूर्व सैनिकों के कौशल व दक्षताओं को बढ़ाने और उनके पुनर्वास के लिए उद्यमिता मॉडल के लिए उपलब्ध विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया।

## खबर संक्षेप

### इजराइल हमले में भारतीय सैनिक शहीद

**येरुशलम।** दक्षिणी गाजा के रफाह शहर के खान यूनिस इलाके में हुई गोलीबारी से संयुक्त राष्ट्र के एक कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि एक अन्य कर्मचारी जख्मी हो गया। मृतक कर्मचारी की पहचान भारतीय नागरिक के रूप में की गई है। उनका नाम भारतीय सेना से रिटायर्ड हो चुके कर्नल वैभव अनिल काले बताया गया है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक के मुताबिक, 46 वर्षीय वैभव अनिल काले एक महीने पहले ही यूएन के लिए काम करने गाजा आए थे।



### गेट्स फाउंडेशन से मेलिंडा ने दिया इस्तीफा

**वॉशिंगटन।** दुनिया के शीर्ष अरबपतियों में शुमार बिल गेट्स की पूर्व पत्नी मेलिंडा गेट्स ने बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन की सह-अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। मेलिंडा गेट्स का गेट्स फाउंडेशन में आखिरी दिन 7 जून होगा। मेलिंडा गेट्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर अपने इस्तीफे की जानकारी दी। मेलिंडा ने लिखा कि मैंने और बिल ने मिलकर एक कमाल का संगठन बनाया है, जो दुनियाभर में असमानता से निपट रहा है।



### यूक्रेन युद्ध में अब तक दो हजार बच्चे हुए हताहत

**वॉशिंगटन।** यूनीसेफ के यूरोप और मध्य एशिया के क्षेत्रीय कार्यालय ने एक बयान में बताया कि फरवरी 2022 से अब तक यूक्रेन युद्ध में 1,993 बच्चे हताहत हुए हैं। यूनीसेफ के अनुसार, यूक्रेन युद्ध में हर दिन औसतन दो बच्चे हिंसा के शिकार हुए। यूक्रेन के कई हिस्सों में अभी भी हमले जारी हैं, जिससे बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर हो रहा है। यूनीसेफ ने बताया कि पांच में से एक बच्चा मानसिक तनाव से गुजर रहा है।



### भारत के बिना बांग्लादेश का विकास असंभव

**ढाका।** बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने अपने देश में चल रहे बॉयकॉट इंडिया अभियान को असफल करार दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की मदद के बिना बांग्लादेश का विकास संभव नहीं है। हसन महमूद बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी के संयुक्त महासचिव भी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर भारतीय उत्पादों का बहिष्कार करने के अभियान को असफल करार दिया है। भारत के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना जरूरी है।



रूस-यूक्रेन युद्ध पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर का बड़ा खुलासा

# भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकालने के लिए पीएम ने दोनों देश के नेताओं से बात की थी



एजेंसी ▶▶ मुंबई

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार को मुंबई में मीडिया हाउस के संपादकों से बातचीत में बताया कि दो साल पहले रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर बात कर यह सुनिश्चित किया था कि युद्ध प्रभावित इलाकों में से भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकाला जा सके। जयशंकर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने खार्किव और सुमी से भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकालने के लिए पुतिन को दो बार और जेलेंस्की को एक बार कॉल किया था। पीएम मोदी ने पुतिन से पूछा कि आप सुरक्षित क्षेत्र पर कैसे फायरिंग कर सकते हैं।

*विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बताया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर बात कर यह सुनिश्चित किया था कि युद्ध प्रभावित इलाकों में से भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकाला जा सके।*

**खार्किव से छात्रों को निकालने में पुतिन को फोन कर रुकवाई थी फायरिंग**

**सुमी शहर से छात्रों को निकालने में पुतिन को दो बार और जेलेंस्की को एक बार कॉल किया था**

**दिल्ली से भेजे थे दो रूसी वॉलंटियर्स**

## केन्या में बाढ़ पीड़ितों के लिए भारत ने भेजी राहत सामग्री

केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने केन्या में बाढ़ पीड़ितों के लिए सहायता सामग्री भेजने को लेकर जानकारी साझा की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए 40 टन दवाओं, चिकित्सा आपूर्ति और अन्य उपकरणों से युक्त एचएडीआर सामग्री का दूसरा हिस्सा केन्या के लिए रवाना हो गया है। भारत एक एतिहासिक साझेदारी के लिए खड़ा है।

## सुमी ऑपरेशन बड़ा और कठिन था

*जयशंकर ने बताया कि सुमी ऑपरेशन बड़ा ऑपरेशन था। सुमी शहर में हमने बसें भेजीं। हमें पता था कि छात्र निकल जाएंगे और उस दौरान कोई फायरिंग नहीं होगी। जैसे ही छात्र बस में चढ़े, फायरिंग शुरू हो गई। रूस ने कहा कि यूक्रेन ने फायरिंग शुरू की है और यूक्रेन ने कहा कि रूस ने फायरिंग शुरू की है। तो हमारे छात्र वापस चले गए। इसके बाद हमने दिल्ली से दो रूसी वॉलंटियर्स भेजे। इन वॉलंटियर्स ने कहा कि वे छात्रों से मिलेंगे और उन्हें बाहर निकालेंगे। इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने पुतिन और जेलेंस्की दोनों को फोन किया और उन्हें बताया कि हमने ये रास्ता बनाया है और उन्हें छात्रों को वहां से निकालना है।*

## सुरक्षित क्षेत्र बनाया था

जयशंकर ने कहा कि खार्किव वाले घटनाक्रम में छात्रों ने सुरक्षित जगह पहुंचना शुरू कर दिया, लेकिन तभी किसी गलतफहमी की वजह से रूसी सेना ने उस जगह पर फायरिंग शुरू कर दी। तब पीएम मोदी ने पुतिन को फोन किया और उन्हें बताया कि हमारे लोगों ने एक सुरक्षित क्षेत्र जोन बनाया है और मोदी ने पुतिन से पूछा कि आप सुरक्षित क्षेत्र पर फायर कैसे कर सकते हैं। इसके बाद पुतिन ने कहा कि इसे लेकर वे कुछ करेंगे। दो-तीन घंटे बाद हमें मैसेज मिला कि फायरिंग रुक गई है।

## रूस-यूक्रेन जंग को दो साल पूरे

*बता दें, फरवरी 2024 में रूस-यूक्रेन जंग को दो साल पूरे हो गए। अमेरिका के आंकड़ों के मुताबिक जंग में अब तक रूस के 1 लाख 20 हजार और यूक्रेन के 42 हजार सैनिक मारे जा चुके हैं। यूक्रेन के पांच बड़े शहरों पर रूस का कब्जा है।*

इजराइल-हमास युद्ध पर यूएन में भारत बोला

# दोनों सभी अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय कानून का करें सम्मान



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत ने इजराइल और हमास के बीच के चल रहे युद्ध में संघर्ष कर रहे नागरिकों और उनकी मौत की कड़ी निंदा की। यूएन में भारत की प्रतिनिधि ने कहा कि यह संकट अस्वीकार है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने फिलिस्तीन पर 10वें यूएनजीए आपातकालीन सत्र में पहुंची। उन्होंने कहा कि इजराइल और हमास के बीच के संघर्ष के कारण जान-माल की हानि हुई। विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं की हानि हुई। यह मानवीय संकट बिल्कुल अस्वीकार है। उन्होंने कहा कि इस बीच में संघर्ष कर रहे नागरिकों की मौत की हम कड़ी निंदा करते हैं। हर परिस्थिति में सभी को अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का सम्मान करना चाहिए।

## हमास का हमला निंदनीय

*रुचिरा कंबोज ने कहा कि इजराइल पर हमास का हमला भी निंदनीय है। आतंकवाद और बंधक बनाने का कोई औचित्य ही नहीं है। इजराइल में आतंकवादी हमले चौंकाने वाले थे। भारत हमेशा से ही आतंकवाद के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भारत सभी बंधकों की रिहाई मांग करता है, वह भी बिना शर्त। उन्होंने बताया कि गाजा में मानवीय स्थिति गंभीर है। स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए गाजा के लोगों को मानवीय सहायता दी जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र लगातार इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता दी है। हम इजराइली अधिकारियों द्वारा गाजा में मानवीय सहायता से ज्यादा तत्काल सहायता पर ध्यान दे रहे हैं।*

## दोनों देश शीघ्र ही शांति वार्ता शुरू करें

कंबोज ने कहा कि भारत दोनों राज्यों के बीच समझौता करवाना चाहता है। जहां फिलिस्तीनी इजराइल की सीमा के भीतर स्वतंत्र रूप से रह सकते हैं। शीघ्र ही शांति वार्ता शुरू करना है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में पूर्ण सदस्यता के लिए फिलिस्तीनी के पक्ष में भारत के समर्थन की बात रखते हुए कहा कि स्थिति को देखते हुए हम फिलिस्तीन के आवेदन पर पुनर्विचार करेंगे।

सरकार ने माइक्रोसॉफ्ट के साथ की साझेदारी

# डिजिटल अरेस्ट करने वाले 1000 ठगों की ब्लॉक की स्काइप आईडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने देश में तेजी से बढ़ी रही डिजिटल अरेस्ट और ब्लैकमेल की घटनाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने 1,000 स्काइप आईडी को ब्लॉक किया है। इसके अलावा इस तरह के स्कैम में शामिल कई हजार सिम कार्ड भी ब्लॉक हुए हैं। सरकार ने इसके लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी की है। यह कार्रवाई भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आईई4सी) की ओर से की गई है। गृह मंत्रालय के तहत आई4सी साइबर अपराध से निपटने में समन्वयक का काम करता है।



## धोखेबाजों के सोशल मीडिया किए ब्लॉक

*आई4सी ने माइक्रोसॉफ्ट की मदद से ब्लैकमेलिंग और डिजिटल अरेस्ट जैसी गतिविधियों में शामिल 1,000 से अधिक स्काइप आईडी को भी ब्लॉक कर दिया है। स्काइप पर यह कार्रवाई इसलिए हुई है क्योंकि डिजिटल अरेस्ट के मामलों में स्काइप का ही इस्तेमाल किया गया है।*

फर्जी स्पैम कॉल पर जल्द ही आएगी नई गाइडलाइन

# सभी कंपनियों को कॉल के साथ नाम दिखाना जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोबाइल पर दिनभर में आने वाले बैंकिंग फ्रॉड काल्स पर सरकार ने पूरी तरह से रोक लगाने की तैयारी कर ली है। सरकार की नई गाइडलाइन बहुत ही सख्त होगी। इससे फर्जी स्पैम कॉल पर रोक लग सकेगी। टेलीकॉम सेक्टर के नियामक ट्राई ने सभी कंपनियों को कॉल के साथ नाम दिखाने का निर्देश दिया था। लेकिन कुछ कंपनियों को छोड़ किसी ने इस निर्देश का ठीक से पालन नहीं किया। ट्राई ने स्मार्टफोन निर्माताओं को निर्देश दिया था कि यूजर्स का ध्यान रखें।




## बनाई थी समिति

*इसी वर्ष की शुरुआत में डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स ने स्पैम कॉल्स को रोकने के लिए एक समिति बनाई थी। इस कमेटी ने स्पैम कॉल्स को कंट्रोल करने के लिए नए दिशानिर्देश को लेकर ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। 10 मई को लेकर एक बैठक भी हुई। समिति ने नए नियम को लेकर विस्तृत चर्चा कर ड्राफ्ट तैयार कर लिया है।*

चाबहार पोर्ट डील पर अमेरिका की कड़ी प्रतिक्रिया

# चाबहार समझौते से भारत को होगा फायदा, अमेरिकी को लगी मिर्ची

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत-ईरान के बीच चाबहार पोर्ट डील साइन होने के बाद अमेरिका ने चेतावनी दी है। अमेरिकी विदेश विभाग के उप-प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि हमें जानकारी मिली है कि ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। विदेश नीतियों और दूसरे देशों के साथ अपने रिश्तों पर भारत खुद फैसले करेगा, लेकिन जो भी देश ईरान के साथ व्यापार में शामिल होगा, उस पर प्रतिबंध लगने का खतरा बना रहेगा।



## 10 साल के लिए मिला चाबहार पोर्ट

भारत ने ईरान के चाबहार में शाहिद बेहेशती पोर्ट को 10 साल के लिए लीज पर लेने से जुड़ी डील की। इस समझौते के तहत पोर्ट का पूरा प्रबंधन भारत के पास होगा। पोर्ट के जरिए भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया से व्यापार करने के लिए नया रास्ता मिल जाएगा। इससे पाकिस्तान की जरूरत भी खत्म हो जाएगी। डील के तहत भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड चाबहार पोर्ट में 120 मिलियन डॉलर का निवेश करेगी। इसके अलावा 250 मिलियन डॉलर की वित्तीय मदद की जाएगी।

## ईरान पर यूएस ने लगा रखे है प्रतिबंध

अमेरिका ईरान पर लगभग सभी व्यापार प्रतिबंध लगा चुका है। अमेरिकी ने देश में ईरान की सारी संपत्तियों को भी ब्लॉक कर रखा है। अमेरिका ने सहयोगियों देशों को भी ईरान की सहायता करने और हथियार की ब्रिकी करने से रोक रखा है। ये पाबंदियां ईरान के परमाणु कार्यक्रम, मानवाधिकारों का उल्लंघन की वजह से है।

प्रोजेक्ट भीष्म के तहत पहली बार किया गया परीक्षण

# वायुसेना ने हवा में गिराया 'अस्पताल', एक साथ 200 लोगों का इलाज संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना ने बुधवार को आगरा में जहाज से पोर्टेबल हॉस्पिटल भीष्म को एयरड्रॉप किया। यह अपनी तरह का पहला ऐसा परीक्षण है, जिसमें एयर फोर्स ने जब हॉस्पिटल क्यूब्स को जहाज से नीचे गिराया। आपातकालीन परिस्थितियों में ये पोर्टेबल हॉस्पिटल बेहद काम आ सकते हैं और इन्हें जहाज से एयरड्रॉप करके कहीं भी इस्तेमाल किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए प्रोजेक्ट भीष्म को स्वास्थ्य मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। भीष्म प्रोजेक्ट (बैटलफील्ड हेल्थ इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर मेडिकल सर्विसेज) के तहत न केवल भारत में, बल्कि विदेश में भी प्राकृतिक आपदाओं, मानवीय संकटों या शांति और युद्ध के समय में भी तेजी से तैनाती के लिए डिजाइन किया गया है। ताकि इस दौरान तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए भीष्म पोर्टेबल हॉस्पिटल्स का इस्तेमाल किया जा सकता है।



- आपदाओं में त्वरित चिकित्सा प्रदान करने में सक्षम
- पोर्टेबल हॉस्पिटल क्यूब्स में तमाम चिकित्सा सुविधाएं

## कहीं भी आसानी से ले जा सकेंगे

*भीष्म पोर्टेबल हॉस्पिटल क्यूब्स में तमाम तरह की चिकित्सा सुविधाएं हैं। इन्हें इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इन्हें वायु, भूमि और समुद्र में आसानी से ले जाया जा सके। प्रत्येक क्यूब में सर्जिकल सुविधाएं, डायग्नोस्टिक टूल्स और रोगी के देखभाल से संबंधित सुविधाएं शामिल हैं। पोर्टेबल हॉस्पिटल क्यूब्स का विकास और परीक्षण भारतीय वायु सेना, भारतीय स्वास्थ्य सेवा संस्थानों और डिफेंस टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स ने मिल कर किया है।*

**हर माहौल में मिलेगी सुविधा**

इस मोबाइल क्यूब हॉस्पिटल में 200 लोगों का इलाज किया जा सकता है। इन मॉड्यूलर मेडिकल यूनिट्स को दूरस्थ या आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तेजी से तैनात करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो चुनौतीपूर्ण माहौल में भी चिकित्सा सहायता देने में मदद करते हैं। इसे आपातकालीन मानवीय संकट के दौरान जरूरतमंद क्षेत्रों में चिकित्सा संसाधनों की तेजी से तैनाती कर सकता है।

केंद्र ने लिट्टे पर लगा प्रतिबंध फिर बढ़ाया

# गृह मंत्रालय ने लिट्टे संगठन को देश की सुरक्षा के लिए बताया खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगाए गए प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ा दिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967 की धारा 3 की उप धारा (1) और (3) को लागू करते हुए प्रतिबंध लगाया। मंत्रालय ने अधिसूचना में बताया कि लिट्टे अभी भी उन गतिविधियों में शामिल है, जो देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए खतरा है।




## 14 मई को 1992 को लगाया था प्रतिबंध

*मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया कि लिट्टे समर्थक जनता के बीच अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा दे रहे हैं। ये विशेष रूप से तमिलनाडु में लिट्टे के लिए समर्थन को जुटा रहे हैं। इससे भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। भारत ने 14 मई को 1992 में को लिट्टे पर प्रतिबंध लगाया था। उसके बाद से इस प्रतिबंध को बढ़ाया जा रहा है। इससे पहले यूरोपीय संघ, कनाडा और अमेरिका ने भी इस संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया था।*






# टी-20 विश्व कप में श्रीलंका ने बनाया है सर्वोच्च टीम स्कोर, तीसरे नंबर पर भारत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रूप से खेला जाना है। इस बार 20 टीमों के बीच ये प्रतियोगिता खेली जानी है। भारतीय क्रिकेट टीम ने 2007 में अपना इकलौता खिताब जीता था। इस बार रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम अपनी चुनौती पेश करेगी। पिछले कुछ सालों में कई टीमों ने एक से बढ़कर एक स्कोर खड़े किए हैं। इस बीच टी-20 विश्व कप के सबसे बड़े टीम स्कोर पर एक नजर डालते हैं।

### श्रीलंका (260/6 बनाम केन्या, 2007)

टी-20 विश्व कप में सर्वोच्च टीम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम पर है। श्रीलंकाई टीम ने 2007 में उद्घाटन संस्करण में केन्या के खिलाफ 260/6 रन बनाए थे। उस मैच में सनथ जयसूर्या ने आतिशी अर्धशतक लगाया था और जेहान मुबारक ने सिर्फ 13 गेंदों में नाबाद 46* रन बनाए थे। मुकाबले में केन्या की टीम सिर्फ 88 रन पर सिमट गई थी। टूर्नामेंट के इतिहास में कोई अन्य टीम 250+ का स्कोर दर्ज नहीं कर पाई है।



### इंग्लैंड (230/8 बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2016)

टी-20 विश्व कप मैच में 230 या उससे अधिक का स्कोर बनाने वाली इंग्लैंड एकमात्र अन्य टीम है। इंग्लैंड ने 2016 में वानखेड़े स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 230 रनों का पीछा किया था। यह टूर्नामेंट में हासिल किया गया सबसे सफल लक्ष्य है। उस मुकाबले में जो रूट ने 83 रनों की पारी खेली थी। बता दें कि प्रोटियाज टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 229/4 का स्कोर बनाया था। ये विश्व कप का तीसरा सर्वोच्च स्कोर है।



### भारत (218/4 बनाम इंग्लैंड, 2007)

भारत और इंग्लैंड के बीच 2007 के टी-20 विश्व कप मुकाबले में युवराज सिंह ने एक ओवर में 6 छक्के लगाए थे। युवराज ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में ये कारनामा कर दिखाया था। उस मुकाबले में युवराज ने सिर्फ 16 गेंदों पर 58 रन बनाए थे और भारत ने 20 ओवर में 218 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने भी अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन टीम 200/6 का स्कोर ही बना सकी थी।

## टी-20 विश्व कप में इन टीमों ने बनाए हैं सबसे कम स्कोर

टी-20 विश्व कप 2024 की शुरुआत 1 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रूप से होना है। आगामी संस्करण इसलिए भी दिलचस्प होने वाला है क्योंकि इसमें 20 टीमें हिस्सा लेंगी। इन सभी टीमों को कुल 4 ग्रुप्स में बांटा गया है। ऐसे में कुछ नई टीमों के पास विश्व क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ने का मौका होगा। इस बीच टी-20 विश्व कप में सबसे कम टीम स्कोर के बारे में जानते हैं।

### नीदरलैंड (39 बनाम श्रीलंका, 2014)

नीदरलैंड क्रिकेट टीम के नाम पर टी-20 विश्व कप इतिहास में सबसे कम स्कोर बनाने का अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज है। ये इकलौती ऐसी टीम है, जो 40 रन से कम पर सिमट गई है। 2014 के टी-20 विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ डच टीम महज 39 रन पर ढेर हो गई थी। चटगांव में खेले गए मैच में एंजेलो मैथ्यूज और अजंता मेंडिस ने 3-3 विकेट लिए थे। श्रीलंकाई टीम ने केवल 5 ओवर में लक्ष्य हासिल किया था।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 13 | 9 | 3 | 19 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 |
| बेंगलोर | 13 | 6 | 7 | 12 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| गुजरात | 13 | 5 | 7 | 11 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |
| पंजाब | 12 | 4 | 8 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
661 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
20 विकेट
मुंबई

**बाउंड्री मीटर**

1947 चौके

1125 छक्के

## आईपीएल : इशांत ने झकझोरा एलएसजी के शीर्षक्रम को

# दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ जायंट्स को 19 रन से हराते हुए दर्ज की अपनी 7वीं जीत

एजेंसी ▸▸| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 64वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 19 रन से हराते हुए अपनी 7वीं जीत दर्ज की है। अरुण जेटली स्टेडियम में हुए मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 208/4 का स्कोर बनाया। जवाब में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 189/9 का स्कोर ही बना सकी। इसके साथ ही एलएसजी की प्लेऑफ की उम्मीदों को भी झटका लगा है।

### ऐसा रहा रोचक मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स से अभिषेक पोरेल (58) और शाई होप (38) ने शीर्षक्रम में उपयोगी योगदान दिया। मध्यक्रम में ऋषभ पंत (33) ने पारी को मजबूती दी और अंत में ट्रिस्टन स्टब्स (57*) ने टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में एलएसजी ने 44 के स्कोर तक 4 विकेट खो दिए। इस बीच राहुल, हूडा और स्टोइनिस दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। ऐसे में निकोलस पूरन (61) और अरशद खान (58*) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।




### अरशद ने लगाया 25 गेंद में अपना पहला अर्धशतक

इसी प्रकार जब जायंट्स ने 101 के स्कोर पर अपना छठा विकेट खोया तब अरशद क्रीज पर आए। उन्होंने दबाव की घड़ी में अविश्वसनीय बल्लेबाजी करते हुए तेजी से रन बटोरे। बाएं हाथ के इस युवा ऑलराउंडर अरशद ने अपने आईपीएल करियर का पहला अर्धशतक 25 गेंदों पर पूरा किया। वह 33 गेंदों पर 58 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने आखिरी तक टीम का संघर्ष जारी रखा। इससे पहले गेंदबाजी में उन्होंने 1 विकेट लिया था।

**निकोलस पूरन ने संभाली एलएसजी की पारी** : लखनऊ सुपर जायंट्स ने जब 24 रन के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खोया था, तब पूरन क्रीज पर आए थे। एक छोर से एलएसजी के विकेटों के गिरने का क्रम जारी रहा तो दूसरे छोर से पूरन ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। इस कैरेबियाई बल्लेबाज ने सिर्फ 20 गेंदों में ही अपना अर्धशतक पूरा कर दिया।

### इशांत ने चटकाए 3 विकेट

इशांत शर्मा ने अपने पहले ही ओवर में विपक्षी कप्तान राहुल (5) का विकेट ले लिया। इसके बाद उन्होंने क्विंटन डिकॉक (12) और दीपक हूडा (0) के विकेट लेकर एलएसजी के शीर्षक्रम को झकझोर दिया। इशांत ने अपने शुरुआती 3 ओवर पॉवरप्ले के ही दौरान किए। उन्होंने अपने 4 ओवर में 8.50 की इकॉनमी रेट से 34 रन देते हुए ये विकेट लिए। वह अपनी टीम से सबसे सफल गेंदबाज रहे।

### अभिषेक ने लगाया अपना दूसरा अर्धशतक

पोरेल ने मैच में 33 गेंद का सामना करते हुए 58 रन बनाए। उनके बल्ले से 5 चौके और 4 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 175.76 की रही। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए होप (38) के साथ सिर्फ 51 गेंद में 92 रन की साझेदारी निभाई। यह मौजूदा संस्करण में उनके बल्ले से निकलने वाली

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स. | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जेक फ्रेजर का नवीन बो अरशद | 00 | 02 | 0 | 0 |
| अभिषेक पोरेल का पूरन बो नवीन | 58 | 33 | 5 | 4 |
| शाई होप का राहुल बो बिश्नोई | 38 | 27 | 3 | 2 |
| ऋषभ पंत का हुड्डा बो नवीन | 33 | 23 | 5 | 0 |
| टिस्टन स्टब्स नाबाद | 57 | 25 | 3 | 4 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 14 | 10 | 2 | 0 |

अतिरिक्त:08, कुल योग: 20 ओवर में 208/4 रन
गेंदबाजी: अरशद 3-0-45-1, मोहसिन4-0-29-0, युद्धवीर सिंह 2-0-28-0, नवीन उल हक 4-0-51-2, बिश्नोई 4-0-26-1, कृणाल 2-0-20-0, हुड्डा 1-0-9-0

| लखनऊ सुपरजायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक का मुकेश बो इशांत | 12 | 08 | 2 | 0 |
| लोकेश राहुल का मुकेश बो इशांत | 05 | 03 | 1 | 0 |
| मार्कस स्टोइनिस स्टं. पंत बो अक्षर | 05 | 07 | 1 | 0 |
| दीपक हुड्डा पगबाधा इशांत | 00 | 02 | 0 | 0 |
| निकोल्स पूरन का अक्षर बो मुकेश | 61 | 27 | 6 | 4 |
| आयुष बडोनी का गुलबदीन बो स्टब्स | 06 | 09 | 0 | 0 |
| कृणाल पंड्या स्टं. पंत बो कुलदीप | 18 | 18 | 2 | 0 |
| अरशद खान नाबाद | 58 | 33 | 3 | 5 |
| युद्धवीर सिंह का होप बो खलील | 14 | 07 | 1 | 1 |
| रवि बिश्नोई रन आउट | 02 | 02 | 0 | 0 |
| नवीन उल हक नाबाद | 02 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 06, कुल योग: 20 ओवर में 189/9 रन
गेंदबाजी: इशांत 4-0-34-3, खलील 2-0-22-1, अक्षर 1-0-20-1, मुकेश 4-0-33-1, कुलदीप 4-0-33-1, स्टब्स 1-0-4-1, नायब1-0-12-0, रासिख 3-0-30-0

खास खबर

## टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तानों में धोनी टॉप पर




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 का आगाज 1 जून को होगा। टूर्नामेंट अमेरिका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। इस बार टी-20 विश्व कप में 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। जोस बटलर की कप्तानी में इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने साल 2022 का टी-20 विश्व कप जीता था। वह एक बार फिर इंग्लैंड क्रिकेट टीम की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। आपको बता दें कि टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तानों में भारतीय टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पहले नंबर पर हैं।

### एमएस धोनी 529 रन

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कप्तान के तौर पर टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने अपनी कप्तानी में भारतीय टीम को साल 2007 का विश्व कप भी दिलाया था। यह टी-20 विश्व कप का पहला संस्करण था। उसके बाद भारतीय टीम एक भी टी-20 विश्व कप नहीं जीत पाई है। कप्तान के तौर पर उनके बल्ले से 33 मैच में 529 रन निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 45 रन रहा है।

## राजस्थान और पंजाब में आज दूसरी भिड़ंत अभी तक आरआर का पलड़ा रहा है भारी

एजेंसी ▸▸| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 65वें मैच में राजस्थान रॉयल्स का सामना पंजाब किंग्स से आज 15 मई को होगा। आरआर ने अपने 12 में से 8 मैच जीते हैं और 4 में हार झेली है।

वहीं पंजाब किंग्स अब तक 12 मैच खेले हैं, जिसमें से सिर्फ 4 में जीत दर्ज की है और 8 में शिकस्त झेली है। इन दोनों टीमों का एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शन बड़े ही रोमांचक रहे हैं।

### राजस्थान रायल्स का पलड़ा रहा है भारी

पंजाब किंग्स और राजस्थान रायल्स के बीच आईपीएल के इतिहास में अब तक 27 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान पीबीकेएस को 11 मैच में जीत मिली है, जबकि आरआर ने 16 मुकाबले जीते हैं। आईपीएल 2024 की पहली भिड़ंत में आरआर ने 3 विकेट से जीत दर्ज की थी। आईपीएल 2023 में दोनों टीम के बीच 2 मुकाबले खेले गए थे। एक मैच को पंजाक किंग्स ने अपने नाम किया था और 1 मुकाबला आरआर ने जीता था।

## खबर संक्षेप

### मेइराबा थाईलैंड ओपन के मुख्य ड्रॉ में

**बैंकॉक**। भारत के मेइराबा मेसनाम ने मंगलवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में ट्रेनिंग करने वाले मणिपुर के 21 साल के मेइराबा ने हमवतन शाश्वत दलाल को 15-21 21-14 21-16 से हराने के बाद मलेशिया के कोक जिंग होंग को 21-19 21-9 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। बुधवार को मुख्य ड्रॉ में उनकी भिड़ंत हमवतन भारतीय और पांचवें वरीय एचएस प्रणय से होगी। पुरुष एकल क्वालीफिकेशन में हिस्सा ले रहे चार अन्य भारतीय एस शंकर मुथुसामी, आयुष शेट्टी, कार्तिकेय गुलशन कुमार और रवि हार के कारण मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में नाकाम रहे।

### गौरव सेमीफाइनल में शिवा हारकर बाहर

**अस्ताना**। भारत के गौरव चौहान एलोरडा कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट में मंगलवार को पुरूषों के 92 प्लस किलो सेमीफाइनल में पहुंच गए जबकि शिवा थापा पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। गौरव ने स्थानीय मुक्केबाज डेनियल सापारबे को 3-2 से हराया। वहीं छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा को कजाखस्तान के अब्दुआली अलमात ने 63.5 किलोवर्ग में 4.1 से मात दी। संजय (80 किलो) भी एशियाई खेलों के चैम्पियन चीन के टी टांगलाटिहान से 0.5 से हारकर बाहर हो गए।




### द.अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम 16 जून से भारत दौरे पर

**नई दिल्ली**। दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम 16 जून से नौ जुलाई तक भारत दौरा करके एक टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को कार्यक्रम की घोषणा की। वनडे मैच बेंगलुरू में और टेस्ट तथा टी20 मैच चेन्नई में खेले जायेंगे। श्रृंखला की शुरूआत एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर 13 जून को अभ्यास मैच के साथ होगा जिसमें दक्षिण अफ्रीका का सामना बोर्ड अध्यक्ष एकादश से होगा।

## अंतर विभागीय खेल प्रतियोगिता में विद्युत ने 26 रन से जीता फाइनल

**संबलपुर**। पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, संबलपुर ने रेलवे स्टेडियम, रेल नगर, संबलपुर में अंतर-विभागीय खेल टूर्नामेंट-2024 का आयोजन किया। टूर्नामेंट में संबलपुर मंडल के सभी विभागों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।



संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडे मुख्य अतिथि और अपर मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर आनंद सिंह ने सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहे। फाइनल आरपीएफ-11 और विद्युत (परिचालन)-11 के बीच खेला गया। विद्युत ने 15 ओवर में 6 विकेट पर 147 रन बनाए। जवाब में आरपीएफ ने 15 ओवर में 9 विकेट पर 121 रन बनाए। विद्युत ने मैच 26 रन से जीता। आशुतोष पति को मैन ऑफ द मैच और के शशिकांत दास को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। अन्य खेलों में लॉन टेनिस एकल, बैडमिंटन, तैराकी में 50 मीटर फ्री स्टाइल पुरुष 50 मीटर फ्री स्टाइल पुरुष, 50 मीटर बटरफ्लाई पुरुष, 100 मीटर फ्री स्टाइल पुरुष खेल भी आयोजित हुआ। अतिथियों ने पुरस्कार वितरित किए।

## स्व. केशर देवी स्मृति टी-20 डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

# अलहम वॉरियर्स और हमीदिया सेमीफाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपाल

पुलिस लाइन नेहरू नगर में 30 अप्रैल से 17 मई तक केशर देवी स्मृति दिन-रात (डे-नाइट) टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता कार्पोरेट एवं विभागीय दो वर्गों में खेली जा रही है। मंगलवार को तीन मैच खेले गए, जिसमें पहले जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए अलहम वॉरियर्स ने स्पोट्र्स ऐज को 42 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरे मुकाबले में हमीदिया ने कस्तूरबा एवेंजर्स को 59 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिसमें लोकेश राहुल (124 रन) ने शतकीय पारी खेली, वहीं तीसरे मुकाबले में डीजीपी-11 को 7 विकेट से मात देते हुए अलीशा एंटरप्राइजेज ने अपना लीग का दूसरा मुकाबला जीता।



मैन ऑफ द मैच लोकेश मालवीय (124 रन), विशाल कहार, नीतेश ठाकुर रहे। पुरस्कार वितर रियाज इकबाल, नागेंद्र सिंह एवं योगेंद्र सिंह ने किया।

### मालवीय ने खेली 124 रन की पारी

वहीं दूसरे मैच में 18 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवरों में 225 रन बनाए। लोकेश मालवीय ने 124 रनों की पारी खेली, जिसमें अभिषेक गिरी ने 34,अंकित लोधी ने 27, अक्षदीप ने 19 रन बनाए। कस्तूरबा के सोनू को दो विकेट, जबकि शाकिब, मानव और लुवगंगवानी को एक-एक विकेट मिला। जवाब में कस्तूरबा की टीम 18 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 166 रन बनाकर आउट हो गई। गीत जिज्ञाशी ने शानदार अर्धशतक बनाया उन्होंने अपनी पारी में 52 रन जोड़े, जबकि मानव ने 24 रन, असद ने 21 रन, संदीप और आदित्य ने 17-17 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। गेंदबाजी करते हुए हमीदिया की ओर से कप्तान ओसामा ने दो विकेट लिए. मुस्ताक और ओसफ को एक-एक सफलता मिली।

### अलहम ने बनाए 132 रन

इससे पहले खेले गए पहले मैच में अलहम वॉरियर्स ने 16 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाए, जिसमें मुनाजिर ने सर्वाधिक 40 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा आलोक ने 38 रन और नितेश ने 20 रनों का योगदान टीम को दिया। गेंदबाजी करते हुए जतिन सक्सेना ने 3, दौलत उईके ने 2 , जबकि चेतन मेबाड़ा और अजय ने 1-1 विकेट चटकाए। जवाब में स्पोर्ट्स ऐज की टीम मात्र 90 रनों पर 12.5 ओवर में पैवेलियन लौट गई। उनकी ओर से शैलेश पटेल ही सर्वाधिक 14 रन बना सके।

# बीसीसीआई का बड़ा फैसला अब दो फेज में खेला जाएगा रणजी ट्रॉफी का सीजन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने घरेलू क्रिकेट में महत्वपूर्ण बदलाव किया हैं। दरअसल आने वाले रणजी ट्रॉफी सीजन को दो अलग-अलग फेजों में खेला जाएगा। जानकारी के मुताबिक बीसीसीआई ने यह निर्णय खिलाड़ियों के वर्कलोड को कम करने के लिए लिया है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि "मैचों के बीच गैप को बढ़ाकर, खिलाड़ियों को पूरे सीजन में खेलने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा और वे अपनी स्थिति को सुधार सकेंगे।



### एक और बड़ा बदलाव किया गया

*दरअसल सीके नायडू (अंडर-23) ट्रॉफी में टॉस की प्रक्रिया अब समाप्त हो गई है। जानकारी के अनुसार अब मैच की शुरुआत से पहले ही, मेहमान टीम को चुनाव के लिए अधिकार दिया जाएगा कि वे पहले बैटिंग करना चाहेंगे या फिर फील्डिंग। इसके साथ ही, सीके नायडू ट्रॉफी में एक और महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है, जिसमें नया प्वाइंट सिस्टम शामिल होगा। इसके अनुसार, जब पहली पारी खेली जाएगी, तो बल्लेबाजी और गेंदबाजी के अनुसार अंक प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, पहली पारी में बढ़त या जीत हासिल करने पर भी अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाएंगे।*

### इस तरह होंगे दो फेज में रणजी के मैच

नए नियम के अनुसार अब आने वाले रणजी ट्रॉफी के सीजन से हर टीम को अपने पहले पांच-पांच लीग मैच खेलने होंगे। पांच लीग मैच हो जाने के बाद, टीम को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी खेलना होगी। इन दोनों ट्रॉफी के बाद टीम फिर से, रणजी ट्रॉफी में शेष लीग मैच और नॉकआउट मुकाबले खेलेगी।

**SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY**
Established under CGPURC (Establishment and Operation) Act, 2005 (13 of 2005)
Address: NH-30, Near Shadani Darbar, New Dhamtari Road, Raipur (C.G.) 492016
Call : 8305945949, 9179888724

**RECRUITMENT**

Suitable Candidates may send their resume on **hr@sruraipur.ac. in** within 10 days from the date of this advertisement.

| S.No | Department / Subjects | Professor | Associate Professor | Assistant Professor |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Commerce | 02 | 02 | 01 |
| 2 | Management | 01 | 03 | 02 |
| 3 | Hotel Management | 01 | 02 | 02 |
| 4 | B.Sc and M.Sc (Physics, Chemistry, Zoology, Botany, Bio-Tech, Microbiology, Nutrition, Bio-Chemistry) | 07 | 07 | 00 |
| 5 | Optometry | 02 | 03 | 03 |
| 6 | Medical Lab Technology | 02 | 03 | 03 |
| 7 | Pharmacy | 02 | 04 | 16 |
| 8 | Metallurgy | 01 | 01 | 02 |
| 9 | Urban and Town Planning | 00 | 01 | 03 |
| 10 | CivilEngg | 02 | 04 | 10 |
| 11 | Computer Science & Engg | 04 | 04 | 10 |
| 12 | EEE, ECE, ETC | 02 | 04 | 10 |
| 13 | Mining Engg. | 02 | 04 | 10 |
| 14 | Mechanical Engg. | 03 | 03 | 12 |
| 15 | B.Sc, BCA, MCA and M.Sc (CS) | 02 | 04 | 03 |
| 16 | LAW | 02 | 08 | 15 |
| 17 | English | 00 | 01 | 01 |
| 18 | Sociology | 01 | 01 | 00 |
| 19 | Political Science | 01 | 00 | 01 |
| 20 | Geography | 01 | 01 | 00 |
| 21 | Psychology | 01 | 01 | 01 |
| 22 | History | 01 | 01 | 00 |
| 23 | Economics | 01 | 01 | 00 |
| 24 | Fashion Design | 01 | 01 | 00 |
| 25 | Interior Design | 01 | 01 | 00 |
| 26 | Journalism and Mass Communication | 02 | 01 | 00 |
| 27 | Physical Education | 02 | 03 | 03 |
| 28 | Library Science | 02 | 03 | 03 |
| 29 | Social Work | 01 | 01 | 00 |
| 30 | Special Education (MR/ID) | 00 | 01 | 02 |
| 31 | Nursing (Specialization in Psychiatric and Gynecology, Medical Surgical, Pediatrics and Community Health Nursing as per INC norms-For SRI) | 01 | 02 | 06 |

- Candidates having Ph.D Degree or NET/SLET/SET shall be considered.
- While applying be confirmed about essential qualifications as per details from UGC, RCI, AICTE, BCI & PCI etc.
- Candidate(s) must mention their qualification with percentages and experiences very clearly, current and expected salary in resume with joining time.

**Registrar**




## अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस: परंपरा कायम रखना हमारी ही जिम्मेदारी, यही एकता की मिसाल

# सामंजस्य, प्रेम और सहनशीलता की आधारशिला पर टिके संयुक्त परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## राजधानी के संयुक्त परिवार में रहने वालों सदस्यों ने कहा- सामाजिकता बढ़ाने के लिए संयुक्त परिवारों में रहना जरूरी

आज के युग में हर एक कदम पर संघर्ष और बदलाव का दौर है, लोग तरक्की और उन्नति के लिए आगे बढ़ते हैं, लेकिन पीछे छूट जाता है तो परिवार। परिवार एक ऐसी संस्था है जो अनेक संघर्षों एवं बदलावों से रू-ब-रू होते हुए भी कायम है। अगर हम पुराने युग की बात करें सिर्फ संयुक्त परिवार प्रथा ही देखने को मिलती थी, लेकिन अब महंगाई और आधुनिकता के दौर में एकल परिवारों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बावजूद इसके हमारे समाज में अभी भी 40 से 50 लोगों के संयुक्त परिवार प्रथा देखी जा सकती है। आज अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस पर हरिभूमि ने राजधानी के कुछ ऐसे ही संयुक्त परिवारों को तलाशा, जिनकी नींव आपसी सूझ-बूझ, सामंजस्य, प्रेम और समझदारी पर कायम है।



### मिल-जुलकर कर लेते हैं दायित्वों का निर्वहन

अपना घर वृद्ध आश्रम की संचालिका माधुरी मिश्रा और उनके सभी भाई एक संयुक्त परिवार का जीता जागता उदाहरण है, करीब 40 लोगों के इस परिवार में पांच भाई हैं और पूरा परिवार एक ही छत के नीचे निवास करता है। सबसे बड़ी बहन माधुरी मिश्रा को सभी भाई माताजी के रूप में मानते हैं। जहां सुमति होती है वहां संपत्ति का निवास होता है और संयुक्त परिवार में परेशानियां कम और सुख आराम ज्यादा हैं, सुविधाएं भी अनेकों हैं। उन्होंने बताया कि हम पांचों भाई बहनों में यदि कोई एक भी दुखी या परेशान होता है तो सब मिलकर उसकी समस्या का समाधान करते हैं।

## रात्रि भोजन जब सब मिलकर साथ में करते हैं तो उसका आनंद ही अलग होता है...

तीन पीढ़ियों के साथ संयुक्त परिवार में रहने वाले बीजेपी कार्यकर्ता पंकज शुक्ला का कहना है कि हमारे परिवार में तीन भाई, तीन बहुएं और उनके बच्चे व बुजुर्ग माताजी सभी साथ रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे घर या समाज में कोई आयोजन हो खुशी या बुरे वक्त का दौर हो, सभी में हम साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पिता और चाचा सभी साथ में रहते थे और बंटवारा नहीं हुआ और उसके बाद अब हम सभी भाई एक साथ एक छत के नीचे रहते हैं, पर यकीन मानिए जब रात को हम सब साथ में भोजन करने बैठते हैं तो उस भोजन का आनंद ही अलग होता है और महंगाई के इस दौर में तो हमें कभी लगा ही नहीं कि महंगाई हुई है, सभी काम भाई अपने आप मिल बांट कर कर लेते हैं।



### संकट की घड़ी हो तो हम सब मिलकर करते हैं सामना

आकृति ईको सिटी निवासी अंजु श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे घर में मैं मेरे पति के अलावा हमारे चार बच्चे और मेरी दो मौसी सास में रहती हैं, जिनकी उम्र 80 और 70 वर्ष है। इसके अलावा मेरे जेठ जेठानी और छः नंदों का आना-जाना भी लगा रहता है, इस प्रकार हमारे परिवार में दो दर्जन के करीब लोग हैं। लेकिन सभी में एकता और प्यार है। जब भी कोई संकट की खड़ी हो सभी मिलकर उसका सामना करते हैं और साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार काम अधिक हो जाता है, लेकिन उनके चेहरे की खुशी देखकर दर्द का अहसास भी नहीं होता और बस सभी को एक साथ देखना अच्छा लगता है।



## संग्रहालय में दिनेश कुमार धौलपुरे ने कबीर गायन का आयोजन किया

# गुरु वंदना गुरु गम का सागर तुमने लाख-लाख बंधन...पर झूमे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इन्दिरा गांधी राष्ट्रिय मानव संग्रहालय में मंगलवार की शाम मालवी लोक संगीत कबीर भजन मंडल ग्राम झोंकर जिला शाजापुर के दिनेश कुमार धौलपुरे एवं साथियों द्वारा कबीर गायन के अंतर्गत मालवा की पारंपरिक मालवी लोक शैली में संगीतमय में कबीर भजन की प्रस्तुति दी। धौलपुरे ने अपने दादा व परदादा एवं अपने पिता की इस परंपरा एवं भारतीय संस्कृति संस्कार व परंपरा को आज चौथी पीढ़ी में जीवित रखा जाकर निरंतर इस गायन परंपरा को आगे बढ़ा रहे है। साथ ही पांचवीं पीढ़ी में आदर्श धौलपुरे और आदित्य धौलपुरे भजन मंडल में संगीत के माध्यम से सहयोग दे रहे हैं।



### आवो आवो री सहेलियां गुरु जी मंगल गांवारी...

इस कार्यक्रम में दिनेश धौलपुरे और साथियों द्वारा कबीर गायन के अंतर्गत जो प्रस्तुति उनमें स्वागत गीत - आवो आवो री सहेलियां गुरु जी मंगल गांवारी, गुरु वंदना गुरु गम का सागर तुमने लाख-लाख बंधन..., भजन कर ले रे सुमिरन कर ले, दर्शन देवो कबीर अबे म्हारो निर्मल करजो शरीर..., लोक भजन-जरा धीरे-धीरे गाड़ी हांको मेरे राम गाड़ी वाले... आदि भजनों की प्रस्तुति दी।

# अभिव्यक्ति में व्यक्त हुए भावनाओं के विविध रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय के राज सदन में अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में डॉ. विजय बहादुर सिंह ने कहा कि पढ़ने से समृद्धि आती है, इसलिए हमें एक वाक्य लिखने से पहले दस पेज पढ़ना चाहिए या एक पेज लिखने से पहले 10 किताबें पढ़नी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जब हम किसी बात को ऐसे कहते हैं जिसे कोई दूसरा नहीं कह सकता तो वह अभिव्यक्ति कहलाती है और अभिव्यक्ति एक कलात्मक अर्थ लिए हुए शब्द है। उन्होंने यह भी कहा कि जो भाषा हम अपने सामान्य जीवन में इस्तेमाल कर रहे हैं वही हम कविता में करते हैं तो वह कविता नहीं है, कविता अलग प्रकार के संस्कारों की मांग करती है।



### बिहाग और मालकौंस में दी अपनी प्रस्तुति

कार्यक्रम के अध्यक्षता डॉ. विजय बहादुर सिंह ने की। मुख्य अतिथि जवाहर कर्नाटक उपस्थित थे। अतिथि द्वय ने अरुण अर्णव खरे को कमलेश्वर सम्मान प्रदान किया। डॉ. अश्विना रांगणेकर ने राग मारु बिहाग और मालकौंस में अपनी प्रस्तुति देकर वातावरण को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश पटवा और आभार रामराव वामनकर ने व्यक्त किया।

## आजम गढ़ की ब्लैकपॉटरी पर कार्यशाला का आयोजन



**भोपाल।** मानव संग्रहालय में करो और सीखो के अंतर्गत 10 दिवसीय आजम गढ़ की ब्लैक पॉटरी पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बड़ी से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में सोहीत प्रजापति प्रशिक्षण दे रही हैं। कार्यशाला के माध्यम से अनेकों होम डेकोरेटिव आयटम बनाने की ट्रेनिंग दी जा रही है। जिसमें फ्लावर पाट, वॉल हेंगिंग सहित कई प्रकार के बर्तन बनाना सिखाया जा रहा है।

## 45 दिवसीय नाट्य कार्यशाला में तैयार हो रहे हैं नाटक



**भोपाल ।** फ्लाइंग फैरीज नाट्य संस्था द्वारा 45 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का आयोजन इन दिनों प्रोफेसर कॉलोनी में चल रहा है। नाट्य कार्यशाला में तैयार हो रहे हैं दो नाटक जिसमें एक नाटक पार्क है जिसके लेखक मानव कौल हैं। सभी नए रंगकर्मियों को पात्र को अच्छे से समझने और प्राकृतिक वातावरण को समझकर अभिनय करने के लिए नए रंगकर्मियों को पार्क में रिहर्सल करवाई गई। यह नाट्य कार्यशाला डॉ. आजम खान के मार्गदर्शन में हो रही है और नाटकों का निर्देशन भी डॉ. आजम खान ने किया है ।




## उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में भारत एवं भारतीय ज्ञान परंपरा पर व्याख्यान



**भोपाल ।** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में मंगलवार को संस्थान के मंच विचार प्रवाह द्वारा आत्मनिर्भर भारत एवं भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर संस्थान के शिक्षकों हेतु व्याख्यान आयोजित किया गया। ज्ञातव्य है कि प्रदेश का उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान अपनी कर्मठता और नवोन्मेष से अपनी अस्मिता बनाता है, इसी तारतम्य में उक्त कार्यक्रम को महत्व दिया गया, जिसके मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. भरत शरण सिंह, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल उपस्थित रहे।

**आर्यभट्ट, सुश्रुत एवं अगस्त्य के अन्वेषणों के प्रामाणिक उदाहरणों को प्रस्तुत किया:** प्रो. भरत शरण ने अपने वक्तव्य में भारत में विज्ञान की उज्जवल परंपरा पर पीपीटी प्रेजेंटेशन के साथ बताया कि 2047 तक देश 7 करोड़ युवाओं के प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा। जिसके लिये वोकल फॉर लोकल एवं नये स्टार्टअप्स की संख्या में बढ़ोतरी जैसे प्रयास परिलक्षित हो रहे हैं। प्रो. भरत ने भारतीय ज्ञान परंपरा को भारतीय विज्ञान परम्परा के आलोक में प्रस्तुत किया जिसके अंतर्गत उन्होंने आर्यभट्ट, सुश्रुत एवं अगस्त्य जैसे विभिन्न भारतीय विज्ञान आचार्यों एवं गणितज्ञों द्वारा किए गएअन्वेषणों के प्रामाणिक उदाहरणों सहित देश की समृद्ध स्थापत्य कला एवं प्राचीन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था के अनेकों उदाहरण प्रस्तुत किये।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930